इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

# दैनिक विनय उजाला

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

आलीराजपुर
मंगलवार, 12 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 10
वर्ष : 07 | अंक : 164
कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




बार्सिलोना ने जीता ला लीगा खिताब ...10

## फर्स्ट कॉलम

### 1 जुलाई से मप्र में लागू होगा विकसित भारत अधिनियम जी राम जी

**भोपाल, विनय उजाला।** प्रदेश में एक जुलाई 2026 से विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरी तरह से लागू हो जाएगा। अधिनियम के लागू होने से अब वर्ष भर में 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे न सिर्फ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अधोसंरचनात्मक विकास को भी गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं अधोसंरचनात्मक विकास के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम-2025 को हाल ही अधिसूचित किया गया है। यह अधिनियम प्रदेश में एक जुलाई 2026 से लागू हो जाएगा। प्रदेश में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ मनरेगा अधिनियम स्वत: ही निरस्त हो जाएगा।

### गुजरात के आणंद में टेंपो ट्रक से टकराया, 4 की मौत; 5 घायल

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के आणंद जिले में सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। टेंपो के ट्रक से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसा तारापुर-बगोदरा स्टेट हाईवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, टेंपो सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। मृतकों में एक 5 साल का बच्चा, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। तारापुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर मयूर शर्मा ने बताया कि चारों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, टेंपो में सवार लोग दाहोद से मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए तारापुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नाइट पेट्रोलिंग के दौरान सेना के अधिकारी की खाई में गिरने से मौत

**श्रीनगर, एजेंसी।** कश्मीर के बारामूला जिले में नाइट पेट्रोलिंग के दौरान सेना के एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर की मौत हो गई। हादसा रफियाबाद के हमाम मरकूट इलाके के ऊपरी जंगल क्षेत्र में हुआ। अधिकारियों के मुताबिक 32 राष्ट्रीय राइफल्स के नायब सूबेदार हीरा बहादुर पांडे रात में गश्त के दौरान संतुलन बिगड़ने से खाई में गिर गए। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सेना की टीम ने शव को इलाके से बाहर निकाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रफियाबाद का ऊपरी जंगल इलाका सुरक्षा बलों के लिए चुनौतीपूर्ण माना जाता है। यहां आतंकवाद रोधी निगरानी और सर्च ऑपरेशन के चलते नियमित रूप से रात में गश्त की जाती है।

### देश में खरीफ बुवाई सत्र के लिए उर्वरक का पर्याप्त भंडार

**नई दिल्ली,(हि.स)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का 'पर्याप्त भंडार है। सरकार ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग की संयुक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। अपर्णा एस. शर्मा ने बताया कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उर्वरक सुरक्षा स्थिति संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित है।

### Cartoon Corner




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# राज्य मंत्रियों द्वारा दी जाने वाली स्वेच्छानुदान राशि 25 हजार की

विनय उजाला

**आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के समग्र विकास और जन-कल्याण की दिशा में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।**

प्रदेश में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सिंचाई सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के लिए 29 हजार 540 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। लोक वित्त पोषित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के परीक्षण और अनुमोदन के लिए 15 हजार 598 करोड़ रुपए और शहरी व नगरीय मार्गों के कायाकल्प तथा सुदृढ़ीकरण के लिए 6,900 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिये गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले वृद्धजनों की पेंशन के लिए 6 हजार 116 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त चिकित्सा क्षेत्र के विस्तार के लिए बुदनी में एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 763.40 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। साथ ही जिले की खुमानसिंह शिवाजी जलाशय सिंचाई परियोजना के लिए 163.95 करोड़ रुपए की स्वीकृति के साथ ही राज्य मंत्रियों के स्वेच्छानुदान की राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने का निर्णय लिया गया हैं। इसके साथ ही सड़क निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 10 करोड़ से कम लागत के डामरीकरण कार्यों में मूल्य समायोजन और एमपीआरडीसी अंतर्गत ईपीसी तथाएचएएम परियोजनाओं में मासिक दर समायोजन की भी स्वीकृति दी गई है।



### लोक वित्त पोषित योजनाओं एवं परियोजनाओं के परीक्षण के लिए 15 हजार 598 करोड़ की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने वित्त विभाग अंतर्गत लोक वित्त पोषित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया से संबंधित योजना को 16 वें केंद्रीय वित्त आयोग की अवधि (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031) तक योजनाओं के संचालन की निरंतरता के लिए कुल 15,598.27 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार कोषालयों की स्थापना के लिए 683.50 करोड़ रुपए, लंबित देनदारियों के भुगतान से सम्बंधित योजना के लिए 13,818.32 करोड़ रुपए के साथ लेखा प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना, विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण, म.प्र. आंतरिक लेखा परीक्षण प्रकोष्ठ, निर्देशन एवं प्रशासन, संभागीय कार्यालयों की स्थापना और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी परियोजनाएँ एवं कार्य के लिए 1,096.45 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### शहरी एवं नगरीय मार्गों के नव निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 6 हजार 900 करोड़ रुपए की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत शहरी एवं नगरीय मार्गों के नव निर्माण और उन्नयन सहित सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित योजनाओं को सोलहवें वित्त आयोग की अवधि (1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च 2031) तक निरंतर संचालन के लिए 6 हजार 900 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। स्वीकृति अनुसार शहरी एवं नगरीय मार्गों के नव निर्माण और उन्नयन के लिए 2,100 करोड़ रुपए और सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 4,800 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले वृद्धजनों की पेंशन के लिए 6115.99 करोड़ की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एन.एस.ए.पी.) अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 6115.99 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना 15 अगस्त 1995 से प्रभावशील है। योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। योजनान्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को उनकी पात्रतानुसार 600 रुपए प्रतिमाह पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है।

### महाविद्यालय की स्थापना के लिए 763.40 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा सीहोर के बुदनी में एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल महाविद्यालय की स्थापना के लिए 714.91 करोड़ रुपए के स्थान पर 763.40 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार बुदनी में 100 एम.बी.बी.एस. सीट प्रवेश क्षमता के नवीन चिकित्सा महाविद्यालय तथा 500 सीटर संबद्ध अस्पताल स्थापित किया जाएगा। साथ ही नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए 60 सीट प्रवेश क्षमता के नर्सिंग महाविद्यालय और पैरामेडिकल पाठ्क्रमों के लिए 60 सीट प्रवेश क्षमता के पैरामेडिकल महाविद्यालय की स्थापना भी की जाएगी।

### मंत्रिपरिषद में इन्हें भी मिली स्वीकृति

- नीमच जिले की खुमानसिंह शिवाजी जलाशय सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 163.95 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- राज्य मंत्रियों द्वारा दिए जाने वाले स्वेच्छानुदान की राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपए किए जाने की स्वीकृति
- 10 करोड़ से कम लागत के डामरीकरण कार्यों में मूल्य समायोजन और एमपीआरडीसी अंतर्गत ईपीसी तथा एचएएम परियोजनाओं में मासिक दर समायोजन की स्वीकृति

**सीएम भगवंत मान को घरवालों ने ही दिया झटका**

## चाचा और भाई भाजपा में शामिल

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान भाजपा में शामिल हो गए हैं। सोमवार को चंडीगढ़ में बीजेपी दफ्तर में पंजाब बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने ज्ञान सिंह को पार्टी में शामिल करवाया। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद थे, जिन्होंने नए सदस्य का स्वागत किया। भगवंत मान के परिवार से जुड़े एक सदस्य के बीजेपी में शामिल होने से सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई है। यह सीएम के घर में बीजेपी की बड़ी सेंध मानी जा रही है।



पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने इस मौके पर कहा कि बीजेपी पंजाब में अपनी जड़ें मजबूत कर रही है और ऐसे नए साथी पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री के चाचा बलजिंदर सिंह ने भी भाजपा का दामन थामा है। कुछ दिनों पहले ही राज्य सरकार ने उनके ढाबे की रसोई बंद करवा दी थी।

**मान सरकार ने बंद की थी चाचा के ढाबे की रसोई :** कुछ दिन पहले ही बलजिंदर सिंह ने आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वैसे तो ये एनआरआई को पंजाब में बुलाते हैं लेकिन अब एनआरआई जो यहां आकर अपना कारोबार कर रहे हैं, उनकी रसोई सरकार बंद करवा रही है। ज्ञान सिंह आम आदमी पार्टी के लिए वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में प्रमुख अभियान रणनीतिकार रहे हैं। वह गाहे-बगाहे मान सरकार की नीतियों की मुखर होकर आलोचना भी करते थे। पंजाब में आई बाढ़ से निपटने के तरीके और दावों में सरकार और प्रशासन की विफलताओं पर उन्होंने सवाल उठाए थे। वह अक्सर सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की याद में सैनिकों ने लगाई लगातार 88 घंटे दौड़



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पिछले साल पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली सालगिरह पर भारतीय वायु सेना ने नई दिल्ली में 88 घंटे लगातार दौड़ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने भाग लिया। इस दौड़ को 7 मई को सुबह 1:05 बजे एयर ऑफिसर इन चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन (एओए) ने इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसका समापन 10 मई को शाम 5:00 बजे एयर फोर्स स्टेशन नई दिल्ली में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने किया। यह दौड़ 88 घंटे तक चलने वाली निरंतर रिले प्रारूप में आयोजित की गई थी, जिसमें असैनिक अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नागरिक स्वयंसेवकों ने भी दौड़ में पूरे जोश के साथ भाग लिया। वायु सेना के बैंड ने भी 10 मई को नेहरू पार्क में सुबह 6:30 से सुबह 8:00 बजे तक लाइव प्रस्तुति दी।

**यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम**

## 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीएमसी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। टीएमसी ने दावा किया कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट कहा कि इस मामले में ममता और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। वहीं चुनाव आयोग अधिवक्ता डीएस नायडू ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मतदाता सूची संशोधन के दौरान वोट जोड़ने या हटाने के खिलाफ अपीलों के लिए ही चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इस पर वकील कल्याण बनर्जी ने तर्क दिया कि मेरे एक उम्मीदवार 862 वोटों से हारे, जबकि



### वोट हटाने के खिलाफ अपीलों के निपटारे में चार साल लग सकते हैं

वहीं न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों, वोट हटाने आदि के बारे में जो भी कहना है, उसके लिए अलग अंतरिम आवेदन दाखिल करना होगा। चुनाव आयोग जो यह कह रहा है कि चुनाव याचिका ही उपाय है, वह अपनी जवाबी हलफनामे में यह बात रख सकता है। वहीं एक याचिकाकर्ता वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि यह आशंका है कि अब वोट हटाने के खिलाफ अपीलों के निपटारे में चार साल लग सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम यह देखेंगे कि अपीलों के निपटारे की प्रक्रिया में कोई सुधार किया जा सकता है या नहीं।

दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,550 वोट हटा दिए गए थे। ऐसी 31 सीटें हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम था। हालांकि लिस्ट नहीं दी। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं।

## सीएम शुभेंदु के पीए हत्याकांड में तीन संदिग्ध गिरफ्तार, 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में पुलिस ने बिहार और उत्तर प्रदेश से तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को सोमवार को उत्तर 24 परगना जिला स्थित बारासात एसीजेएम अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने इन्हें 13 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीआईडी आरोपितों से पूछताछ कर हत्या की साजिश, फंडिंग, हथियार सप्लाई और संभावित मास्टरमाइंड के बारे में जानकारी जुटाएगी। आरोपितों में एक को बिहार के बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना



क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि दो को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पश्चिम बंगाल पुलिस, बिहार पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटी हुई हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों ने टोल प्लाजा पर ऑनलाइन पेमेंट किया था।

**यूपी 112 के व्हाट्सऐप पर मैसेज...**

## सीएम योगी को जान से मारने, राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ, एजेंसी

यूपी 112 के सोशल मीडिया डेस्क के व्हाट्सऐप पर मैसेज भेजकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने और अयोध्या राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यूपी 112 मुख्यालय के इंस्पेक्टर सहेंद्र कुमार यादव ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में व्हाट्सऐप नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जानकारी एडीजी कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश, एटीएस और सुरक्षा मुख्यालय



को दी गई। धमकी के बाद से सुरक्षा को लेकर अलर्ट कर दिया। खुफिया एजेंसियां, एसटीएफ, साइबर क्राइम टीम और पुलिस को मैसेज भेजने वाले की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है।

## पीएम मोदी की तेल बचाने वाली अपील के बाद राजनाथ सिंह की इमरजेंसी मीटिंग

# आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेल बचाने की अपील के बाद सरकार बड़े पैमाने पर सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक इमरजेंसी मीटिंग की।**

इस बैठक में मंत्रियों का वह ग्रुप भी शामिल हुआ, जिसे पश्चिम एशिया में उपजे हालात पर नजर रखने के लिए तैयार किया गया है। यह बैठक, इस क्षेत्र के ताजा हालात और इससे जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। इससे पहले



पीएम मोदी ने रविवार को हैदराबाद में रैली के दौरान सभी भारतीयों से तेल की बचत करने का आह्वान किया था। इस दौरान उन्होंने वैश्विक हालात के चलते पैदा हुई ऊर्जा संकट को लेकर एहतियाती कदम उठाने की अपील की थी। पीएम मोदी ने कहाकि वर्तमान संकट सिर्फ सरकार के लिए चुनौती नहीं है, बल्कि नेशनल कैरेक्टर का टेस्ट है। सरकार ने देश भर में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताया। सिंह ने लोगों से शांत रहने और परेशान नहीं होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार कमी या आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें नहीं बढ़ी है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के सभी पेट्रोल पंपों पर दोनों ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। साथ ही, पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल का स्टॉक है। प्रवासी मजदूरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले छोटे पांच किलोग्राम एलपीजी सिलिंडर भी तेल कंपनियों द्वारा बेचे जा रहे हैं।

### खुदरा वितरकों के पास कोई कमी नहीं

घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से स्थानीय एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां प्रतिदिन लगभग पचास लाख घरेलू एलपीजी सिलिंडर बांट रही हैं। मध्य पूर्व संकट के कारण व्यवधानों के बावजूद खुदरा वितरकों पर कोई कमी नहीं बताई गई है। खाना पकाने की गैस के लिए ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 99 फीसदी हो गई है।

### जमाखोरी और कालाबाजारी पर कार्रवाई जारी

एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। प्रतिदिन दो हजार से अधिक छापे मारे जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अपने औचक निरीक्षणों को मजबूत किया है और उन्हें जारी रखा है। इन निरीक्षणों के परिणामस्वरूप 378 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया गया है। पिछले सप्ताह तक 76 एलपीजी वितरकों को निलंबित कर दिया गया था। यह कार्रवाई सुनिश्चित करती है कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में कोई बाधा न आए और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर उत्पाद मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेषज्ञों ने समझाई अंडरग्राउंड केबलिंग की तकनीक



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देश एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में अंडरग्राउंड केबल पर एक दिनी ट्रेनिंग का आयोजन पोलोग्राउंड सभागार में हुआ। इसमें विषय विशेषज्ञों श्री प्रदीप रामरखियानी, श्री अरूण साहू ने देश विदेश में अंडरग्राउंड केबल स्थापना कार्य, मैंटेनेंस, रखी जाने वाली सावधानियों इत्यादि को लेकर महत्वपूर्ण बातें रखी। इस दौरान इंदौर, महू, उज्जैन इत्यादि शहरों के इंजीनियरों ने वक्ताओं से अपनी जिज्ञासाओं को लेकर प्रश्न पूछकर समाधान कारक जवाब लिया। स्मार्ट सिटी क्षेत्र व अन्य नगरीय इलाकों में हो रहे अंडरग्राउंड विद्यीकरण कार्य को लेकर इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग सत्र के शुभारंभ पर प्रमुख रूप मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर बमनके, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक श्री संजय मालवीय, श्री निर्मल शर्मा, संयुक्त सचिव श्री तरूण उपाध्याय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। संचालन श्रीमती स्वाति वाजपेयी ने किया।

### समाधान योजना में चार दिन शेष, लाभ लेने की अपील

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** राज्य शासन की तीन माह या अधिक समय के बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के लिए लागू समाधान योजना की अंतिम तिथि 15 मई अत्यंत करीब है। योजना लाभ के लिए मात्र चार दिन शेष है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया़यादार उपभोक्ताओं से योजना में शामिल होकर मूल बिल राशि जमा कराने एवं सरचार्ज में 90 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेने की अपील की है। योजना में अब तक 9.40 लाख उपभोक्ताओं ने छूट लाभ लिया हैं, इन्हें 41.25 करोड़ से ज्यादा की छूट मिली है, जबकि कंपनी को लगभग 313 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ हैं। योजना में सबसे ज्यादा लाभान्वित इंदौर जिला 1 लाख 1 हजार से ज्यादा, खरगोन जिला 96500, उज्जैन जिला 96000, रतलाम जिला 82000, धार जिला 81900 उपभोक्ता शामिल हैं। अन्य जिलों में 30 हजार से 70 हजार तक उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं।

### पति ने पत्नी को पीटा, पति के खिलाफ मामला दर्ज

**इंदौर ( विनय उजाला/मनोहर राजपूत )।** इंदौर के निपानिया स्थित समर्क पार्क कॉलोनी में पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला सामने आया है। विवाह के आठ साल बाद भी घरेलू विवाद और मारपीट से परेशान पत्नी ने पति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर पारिवारिक विवाद के बाद प्रशांत शर्मा ने अपनी पत्नी कौशमी शर्मा के साथ जमकर मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित महिला लसूड़िया थाने पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। लसूड़िया पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए एमवाय अस्पताल भेजा, जहां उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए। महिला आरक्षक पीड़िता को अस्पताल लेकर पहुंची थी। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी को आठ साल हो चुके हैं और पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली कंपनी के एमडी ने अधिकारियों की बैठक ली



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने सोमवार शाम शहर के बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने मैंटेनेंस के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि बिजली मैंटेनेंस की सफलता तभी मानी जाएगी, जब शिकायतें घटेगी, आपूर्ति अवधि में वृद्धि होगी।श्री सिंह ने मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों से सतत पर्यवेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान जरूरत पड़ने पर ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर अविलंब लगाने के निर्देश दिए गए। नए ग्रिडों, नई लाइनों के कार्य समय पर करने को कहा गया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर बमनके, श्री राजेश जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक श्री संजय मालवीय, श्री निर्मल शर्मा, श्री तरूण उपाध्याय, शहर अधीक्षण यंत्री श्री डीके गाठे आदि ने विचार रखे।

### कलेक्टर द्वारा यातायात सेल का किया गठन

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** इंदौर में सुव्यवस्थित यातायात के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से यातायात सेल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। गठित यातायात सेल में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री रोशन राय, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात श्री संतोष कोल, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, संयुक्त कलेक्टर श्री ओम नारायण सिंह बड़कुल तथा नायब तहसीलदार महू श्री देवेन्द्र कछायाा को शामिल किया गया है। यह यातायात सेल समय-समय पर सुचारू यातायात संचालन हेतु मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा तथा की गई कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन आगामी होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्तुत करेगा।

### सिंधु इंजीनियर्स के द्विवार्षिक चुनाव सर्वासम्मति से सम्पन्न



**इन्दौर, ( विनय उजाला )।** सिंधु इंजिनीयर्स की वार्षिक साधारण सभा व् दुविवार्षिक चुनाव सर्वानुमिति से सम्पन हुवे। निर्वाचन अधिकारी मनोहर नागपाल ने बताया की इस अवसर पर श्री शंकर लालवानी संसद इंदौर जो हमारी संस्था की संस्थापक सदस्य है भी उपस्थित थे। उनहोने आवाहन किया की सिंधी इंजीनियरों को संघठित होकर नए विषयों पर अपनी राय देवे जैसे आर्टिफीसियल इंटिलिगेंस व् कहा की सफल इंजीनियर्स से युवा इंजीनियर्स का आपसी वार्तालाप व् सेमिनार करना चाहिए।संस्था की वरिष्ठ सदस्य मनोहर देव व् चंद्रकांत मखीजा भी उपस्थित थे श्री मनोहर देव ने मनिला में होने वाले इंटरनेशनल सिंधी सम्मेलन 30,31 अक्टूबर व् 1 नवंबर कोसभी को आमंत्रित किया चुनाव अधिकारी मनोहर नागपाल ने निम्नलिखित सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित किया अध्यक्ष चंद्रकुमार कुकरेजा उपाध्यक्ष अमरलाल चुघ पूर्व अध्यक्ष मोतीराम बलानी सचिव महेश दादवानी सहा सचिव करन रमानी कोषाअध्यक्ष दिलीप जेठानी डायरेक्टर्स मनोहर देव, मोहिनेष जगवानी जी बी बदलनी,अरुण नागरानी मनोहर मेंघवानी, रमेश सीतलानी कोऑपटेड डायरेक्टर्स मनोहर नागपाल व् प्रवीण फतनानि आदि।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

## निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने किया सीटीपीटी, 3 आर सेंटर समेत कई क्षेत्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्थाओं एवं सर्वेक्षण गाइडलाइन अनुसार किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।**

आयुक्त श्री सिंघल द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था, स्वच्छता मानकों तथा नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान चोइथराम सब्जी मंडी एवं फ्रूट मंडी, चोइथराम स्थित प्लांट, कबीटखेड़ी, राजकुमार ब्रिज, मधुमिलन चौराहा, रीगल चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया ओर स्वच्छता सर्वेक्षण गाइडलाइन के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा शहर में संचालित सीटीपीटी, 3 आर सेंटर, एमआरएफ प्लांट, बीडब्ल्यूजी यूनिट, निजी स्कूलों में दिव्यांगजनों हेतु निर्मित शौचालयों, आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की स्वच्छता व्यवस्था तथा फ्लाईओवरों के आसपास विकसित हरियाली, रंगाई-पुताई एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में सुनिश्चित की जाएं तथा नागरिकों को बेहतर स्वच्छता वातावरण उपलब्ध कराया जाए। आयुक्त श्री सिंघल द्वारा कबीटखेड़ी एवं राजकुमार ब्रिज के समीप स्थित 3 आर सेंटर के निरीक्षण के दौरान वहां सफाई में ओर सुधार करने हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी 3 आर सेंटर एवं एमआरएफ प्लांट पर पर्याप्त स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही अनुपयोगी सामग्री के निष्पादन के लिए लगातार कार्यवाही की जाती रहे।

# परिषद के बड़े विजन के साथ चुनाव मैदान में एडवोकेट तनुज दीक्षित

विनय उजाला



**मतदाताओं से अपील करते हुए तनुज दीक्षित ने कहा कि**
'परिषद में वही प्रतिनिधि पहुँचना चाहिए जो केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में अधिवक्ताओं के अधिकारों और सम्मान के लिए मजबूती से खड़ा रहे।'

**इंदौर, नप्र।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 के लिए आज मंगलवार को प्रदेशभर में मतदान हो रहा है। इस चुनाव में लगभग 86 हजार अधिवक्ता मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। इसी क्रम में अधिवक्ता तनुज दीक्षित भी चुनाव मैदान में हैं, जो मतपत्र पर सीरियल क्रमांक 115 से चुनाव लड़ रहे हैं।

अधिवक्ताओं के बीच लगातार सक्रिय संवाद, आधुनिक सोच और अधिवक्ता हितों से जुड़े स्पष्ट विजन के कारण तनुज दीक्षित का नाम प्रदेशभर में तेजी से चर्चा में बना हुआ है। उनका कहना है कि यह चुनाव केवल परिषद में सदस्य चुनने का नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं के भविष्य, सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की मजबूत आवाज़ तय करने का अवसर है।

तनुज दीक्षित ने अपने 'विजन कार्ड' और 'वचन पत्र' के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। इनमें अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा एवं मेडिकल सहायता योजना, अधिवक्ता सुरक्षा कानून की दिशा में प्रभावी पहल तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने हेतु सशक्त प्रयास, युवा अधिवक्ताओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु आसान लोन सुविधा, अधिवक्ताओं के परिवारों के लिए बेहतर सहायता व्यवस्था, पहली बार महिला अधिवक्ताओं हेतु मातृत्व सहयोग निधि, समूह बीमा योजना, न्यायालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तथा लंबित न्यायिक पदों को शीघ्र भरने जैसे विषय प्रमुख हैं।

इसके साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए आवासीय योजनाओं, सहकारी संस्थाओं में प्राथमिकता, पेशेगत यात्रा सुविधाओं एवं रेलवे में विशेष कोटा आरक्षण की दिशा में पहल, तथा वर्षों तक सेवाएं देने वाले अधिवक्ताओं के सम्मान हेतु विशेष सहायता राशि जैसे विषयों को भी अपने एजेंडे में शामिल किया है।

प्रदेशभर के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार पदाधिकारियों एवं युवा वकीलों का समर्थन मिलने के बाद चुनावी माहौल में तनुज दीक्षित को एक मजबूत और उभरती हुई आवाज़ के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं मतपत्र पर सीरियल क्रमांक 115 पर प्रथम वरीयता (01) का मत देने की अपील की।

### भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर वेबिनार आयोजित

# अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में विद्यार्थियों को बढ़ावा देने के लिए मातृभाषा में शिक्षा प्रदान की जाना आवश्यक : डॉ. कोठारी



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विषय पर एक-दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों के लगभग 350 प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से शिरकत की।**

प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना जाग्रत करना है ताकि वे अंतरिक्ष विज्ञान जैसे क्षेत्रों में राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजमल जैन कोठारी, जो पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी के अत्यंत निकट और विश्वसनीय वैज्ञानिकों में से एक रहे हैं, उन्होंने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य केवल नए उपकरण बनाना नहीं बल्कि मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाना है। डॉ. कोठारी ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए मातृ भाषा में शिक्षा देना अनिवार्य बताया।

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक श्री रमेश मेंदोला एवं संरक्षक उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. आर.सी. दीक्षित ने महाविद्यालय के इस सारगर्भित प्रयास की सराहना करते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। डॉ. शैलेन्द्र पिपरिया ने महाविद्यालय का परिचय देते हुए बताया कि महाविद्यालय ह्श्वक्क-2020 की उत्कृष्टता के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

वेबिनार की सह संयोजक प्रो. साधना सचदेवा ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया, संयोजक डॉ. प्रगति जैन ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया और प्रशासनिक अधिकारी डॉ. स्मिता चैतन्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय द्वारा इसी कड़ी में एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।



### मंत्री सिलावट और सांसद लालवानी ने अर्जुन बरोदा फ्लायओवर के ट्रायल रन का शुभारंभ किया

विनय उजाला

**इन्दौर, नप्र।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और सांसद श्री शंकर लालवानी ने आज इंदौर-देवास बायपास पर निर्मित अर्जुन बरोदा फ्लायओवर ब्रिज के ट्रायल रन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर फ्लायओवर को आम जनता के लिए खोल दिया गया। सोमवार से दोनों दिशाओं की ओर से नियमित रूप से वाहन संचालन प्रारंभ हो गया है, जिससे सैकड़ों वाहन चालकों और आम जनों को राहत मिलेगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से 800 मीटर लंबे फ्लायओवर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मार्च-अप्रैल में डामरीकरण का कार्य किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 70 हजार वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे लाखों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। फ्लायओवर के प्रारंभ होने से आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों और आम नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

श्री सिलावट ने कहा कि आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के दृष्टिगत यह फ्लायओवर क्षेत्र के लिए नींव का पत्थर सिद्ध होगा।

# एमपी ट्रांसको इंदौर के इंजीनियरों ने 40 वर्ष पुराने 40 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर का किया इन-हाउस क्रियाकल्प

विनय उजाला




**इंदौर, नप्र।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) इंदौर के इंजीनियरों ने अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए लगभग 40 वर्ष पुराने 132/33 के वी के 40 एमवीए क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर का सफलतापूर्वक इन-हाउस रिकंडिशनिंग (क्रियाकल्प) कर उसे पुन: क्रियाशील बना दिया है। रिकंडिशनिंग के उपरांत इस ट्रांसफार्मर को इंदौर के 132 के वी सब स्टेशन इंदौर सिवनी में स्थापित कर पुन: ऊर्जीकृत किया गया, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिली है।

### अधीक्षण अभियंता जयेश चोपड़ा के नेतृत्व में इंदौर टीम को मिली है सफलता

इस पुराने ट्रांसफार्मर को पुन: रिकंडीशन कर ऊर्जीकृत करने में इंदौर के अधीक्षण अभियंता जयेश चोपड़ा का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने इंदौर की टीम के साथ मिलकर उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए इस चुनौती पूर्ण कार्य को अंजाम दिया। इस पहल से क्षेत्र मालवा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

### ऊर्जा मंत्री ने की सराहना

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर इंजीनियरों की सराहना करते हुए कहा कि एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों द्वारा साइट पर ही सीमित संसाधनों में इस जटिल तकनीकी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करना उनकी विशेषज्ञता और अनुभव का प्रमाण है।इस तरह के प्रयास प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं।

# स्वच्छता नवनिधि हासिल करने के लिए महापौर का मेगा प्लान

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 में नंबर-1 बनाए रखने हेतु 22 जोनों की कमान एमआईसी सदस्यों को सौंपी है देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 में लगातार अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखने के लिए व्यापक रणनीति लागू कर दी है। पुष्यमित्र भार्गव ने शहर के सभी 22 जोनों की जिम्मेदारी नगर निगम के एमआईसी (मेयर-इन-काउंसिल) सदस्यों को सौंपते हुए स्वच्छता, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रतिदिन निगरानी के निर्देश दिए हैं। महापौर ने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण पूर्ण होने तक प्रत्येक एमआईसी सदस्य अपने आवंटित जोनों का रोजाना दौरा करेगा, क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेगा और स्वच्छता कार्यों की गुणवत्ता, नागरिक सुविधाओं तथा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेगा। सभी सदस्यों को अपनी कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सके।

### 22 जोनों की जिम्मेदारी, 9 एमआईसी सदस्य मैदान में

राजेंद्र राठौड़ - जोन 1 और 4, अश्विनी शुक्ला -जोन 2, 13 और 14, निरंजन सिंह चौहान -जोन 7, 8 और 15, राजेश उदावत - जोन 10 और 19, अभिषेक शर्मा 'बबलू' - जोन 12 और 17, नंदकिशोर पहाड़िया - जोन 3, 9 और 16, प्रिया दांगी - जोन 5 और 6, मनीष शर्मा 'मामा' - जोन 11, 18 और 21, राकेश जैन - जोन 20 और 22।

### हर दिन होगी समीक्षा, हर जोन पर रहेगी पैनी नजर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम का अभियान नहीं, बल्कि शहर की पहचान और नागरिकों के गौरव का प्रतीक है। एमआईसी सदस्यों की प्रत्यक्ष भागीदारी से प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी, विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुंचेगा। लगातार स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी रहे इंदौर ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि नंबर-1 की दौड़ में बने रहने के लिए वह तैयारी, प्रबंधन और जनभागीदारी तीनों मोर्चों पर पूरी ताकत से जुटा हुआ है।

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्रं.15,**
**ई-1/7, नर्मदा कॉलोनी, स्कीम नं. 78 विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.)**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन ::**

निविदा सूचना क्रं. 22 द्वितीय आमंत्रण/ई-टेण्डर/2026-27/व.ले.लि. दिनांक : 08.05.2026

| स. क्रं. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_NVDA_502210_2 | जोबट परियोजना नानपुर जिला आलीराजपुर में रेडियल गेटों, स्लूस गेटों एवं 40 टन गेन्ट्री क्रेन के संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | रू.771888.00 (रूपये सात लाख इकोहत्तर हजार आठ सौ अठ्ठासी) मात्र | रू.15438.00 (रू. पन्द्रह हजार चार सौ अड़तीस) मात्र | रू.2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | लो.नि.वि.भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत तथा विद्युत लायसेंस 'अ' श्रेणी | 12 माह |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 21/05/2026, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 25/05/2026, 10.30 से 25/05/2026, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 25/05/2026, 10.30 से 25/05/2026, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं।

निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
न.वि.वि./यां.सं. क्रं.15,इंदौर

जी-12695/26

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

मंगलवार, 12 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष– 10



भारत की चेतना में बसता है सनातन...05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## फर्स्ट कॉलम

### भारतीय सेना को दो स्वदेशी कॉम्बैट सिस्टम मिले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने दो नए स्वदेशी कॉम्बैट सिस्टम, यूएलपीजीएम और एजीएनआईकेएए– 1 को अपने हथियारों में शामिल किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में इन्हें सेना को सौंपा गया। इन हथियारों का पहाड़ी इलाकों और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर जैसी परिस्थितियों में सफल टेस्ट किया जा चुका है। ये सिस्टम पूरी तरह से मेड इन इंडिया हैं। इनमें शामिल यूएलपीजीएम हथियार को ड्रोन से लॉन्च किया जाता है और यह दिन-रात व हर मौसम में दुश्मन के ठिकानों को तबाह करने में सक्षम है। वहीं, जीएनआईकेएए– 1 भारत का पहला आत्मघाती ड्रोन है, जिसे शहरी इलाकों और कम जगह वाली जगहों पर सटीक हमले के लिए बनाया गया है।

### पांच लाख की इनामी नक्सली 'लक्ष्मी' ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद, (हि.स.)।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में पांच लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली पोडियम लक्ष्मी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। लक्ष्मी ने औपचारिक रूप से अपने हथियार डाल दिए और मुख्यधारा में पुनर्वास का विकल्प चुना। यह आत्मसमर्पण छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में हुआ, जहां लक्ष्मी लंबे समय से माओवादी आंदोलन की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की सदस्य के रूप में सक्रिय थी। पोडियम लक्ष्मी, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र की निवासी है। वह छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश सीमा पर सक्रिय प्रमुख नक्सली कैडरों में से एक थी।

### पंजाब में भाजपा के कई कार्यालयों में तोड़फोड़ व हमला

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पंजाब की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। रविवार को पंजाब के कई जिलों में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की स्थिति पैदा होने के बाद सोमवार को सीमावर्ती जिला तरनतारन तथा राजधानी चंडीगढ़ से सटे मोहाली जिले में भाजपा कार्यालयों में तोडफ़ोड़ की गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने स्थिति को संभाला। सीमावर्ती जिला तरनतारन में आज भाजपा कायार्लय पर हमला हुआ है। 15 से 20 लोग अचानक ऑफिस में लाठी-डंडे लेकर दाखिल हुए और तोडफ़ोड़ की। कुर्सियां और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया व नारेबाजी भी की।

### एयरबेस के पास घूमते तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा

**पठानकोट, एजेंसी।** पठानकोट पुलिस ने वायु सेना स्टेशन नौशहरा नलबंदा के निकट घूमते कार सवार तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए युवकों से पंजाब पुलिस के कांस्टेबल का फर्जी आईडी कार्ड भी मिला। आरोपियों की पहचान सराजदीन निवासी गांव गोगन थाना माहलपुर जिला होशियारपुर, बिल्ला निवासी गांव हालटा जिला होशियारपुर और तीसरे का नाम भी बिल्ला निवासी होशियारपुर के रूप में हुई है। रविवार रात करीब 11 बजे गांव पंजूपुर की ओर से तीनों युवक आई-20 कार नंबर पीबी07 बीडी5949 रंग सफेद में आ रहे थे। पुलिस टीम ने नाके पर कार रोकी और जांच की। इस दौरान आरोपियों ने आईडी कार्ड दिखाया और कहा कि वे खुफिया ड्यूटी पर आए हैं। पुलिस कर्मचारियों ने जब आईडी कार्ड को जांचा तो फर्जी मिला।

---

अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

# ट्रंप ने ईरान का जंग रोकने वाला प्रस्ताव ठुकराया, बोले– मुझे पसंद नहीं आया

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया जा सकता। इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस



की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी।

अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब 440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गईं अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर पूरी तरह समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि उनका जवाब सकारात्मक और व्यावहारिक है और अब फैसला अमेरिका को करना है। दोनों देशों ने 8 अप्रैल से लागू सीजफायर खत्म होने की घोषणा नहीं की है।

### इजराइल का दावा- आयरन डोम ने 99% मिसाइलें रोकीं

इजराइल ने दावा किया है कि उसका आयरन डोम डिफेंस सिस्टम मिसाइलों को रोकने में लगभग 99% सफल रहा है। इजराइल की सरकारी रक्षा कंपनी राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स के चेयरमैन युवाल स्टाइनिट्ज ने कहा कि हमास, हिजबुल्लाह और ईरान की ओर से दागी गई ज्यादातर मिसाइलों को हवा में ही रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि ईरान की तरफ से दागी गई करीब 1,500 बैलिस्टिक मिसाइलों में से केवल कुछ दर्जन मिसाइलें ही इंटरसेप्ट होने से बच पाईं। स्टाइनिट्ज के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमले के बाद से गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर करीब 40 हजार रॉकेट दागे हैं।

### होर्मुज बंद रहा तो हर हफ्ते 10 करोड़ बैरल तेल की कमी होगी

सऊदी अरब की तेल कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने चेतावनी दी है कि अगर मौजूदा रुकावटें जारी रहीं, तो दुनिया के बाजार में हर हफ्ते करीब 10 करोड़ बैरल तेल की कमी हो सकती है। उन्होंने कहा कि होर्मुज में हालात सामान्य नहीं हुए, तो इसका असर अगले साल तक रह सकता है। अमीन नासिर के मुताबिक, पहले हर दिन करीब 70 जहाज इस समुद्री रास्ते से गुजरते थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर सिर्फ 2 से 5 रह गई है। होर्मुज दुनिया के सबसे अहम तेल सप्लाई रास्तों में से एक है। मिडिल ईस्ट के कई बड़े तेल उत्पादक देश इसी रास्ते से दुनिया भर में तेल भेजते हैं।

---

पीएम मोदी ने 24 घंटे में दूसरी बार देशवासियों से की अपील

# पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करें सोने की खरीद टालें, तेल कम खाएं

जामनगर, एजेंसी

**पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें।**

वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। विदेश में रहने वाले भारतीयों से कहूंगा कि कम से कम पांच विदेशी मेहमानों को भारत घुमाने लाइए। उन्होंने कहा- सोने के आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। जब तक हालात सामान्य न हों हम सोने की खरीद टालें। गोल्ड की जरूरत नहीं है। मोदी ने खाने के तेल की खपत कम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल के आयात पर भी देश की बड़ी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। अगर लोग खाने के तेल का कम उपयोग करें तो इससे देश और शहर दोनों को फायदा होगा।



### भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन...

इससे पहले मोदी सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं। पीएम ने कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है। मैं भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन करते हुए ऑपरेशन शक्ति की बधाई देता हूं।

### भारत को कोई झुका नहीं सकता

पीएम मोदी ने कहा कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक वह अपनी जड़ों से जुड़ा न रहे। हमारे देश में सांस्कृतिक और पवित्र स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर काफी राजनीति हुई है। दुर्भाग्य से आज भी ऐसी ताकतें हैं, जो राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं। लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता मिटाने की कोशिश की। इस मंदिर को बार-बार तोड़ा गया, लेकिन हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबा सकती है।

### युवाओं के कौशल-स्टार्टअप पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को डिग्री पूरी करने के बाद केवल अनुभव की कमी के कारण भटकने नहीं देना चाहिए। इसके लिए उन्हें अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) के अवसर दिए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने गुजरात के युवाओं की उद्यमशीलता की सराहना करते हुए कहा कि आज 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन उनके सपनों को हकीकत में बदल रहा है। छोटे शहरों के युवा भी अब उद्यमी बन रहे हैं और वहीं से बड़े-बड़े स्टार्टअप सामने आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्टार्टअप क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

### छोटे-छोटे कदमों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत कई वस्तुओं के आयात पर लाखों करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा खर्च करता है, जबकि आयातित वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और वैश्विक सप्लाई चेन भी प्रभावित है। पीएम मोदी ने कहा कि जैसे एक-एक बूंद मिलकर घड़ा भरता है, वैसे ही छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। इसलिए हमें विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करनी चाहिए और रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसे खर्चों से बचना चाहिए जिनमें विदेशी मुद्रा खर्च होती है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे ताकि बाहरी चुनौतियों के बावजूद देश की प्रगति पर कोई असर न पड़े।

---

कूनो नेशनल पार्क के जंगल में विमुक्त किए 2 मादा चीते

# प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर , उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। यह बात उन्होंने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में विमुक्त करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नदी के किनारे स्थित चीता रिलीज साइट पर सीसीवी -2, सीसीवी -3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश धर्म, निवेश एवं जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को




निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। वर्तमान में चीतों की संख्या 57 है, जिनमें से 54 कूनो नेशनल पार्क में और 03 गांधी सागर अभ्यारण्य में है।

इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, मध्यप्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, शशांक भूषण, राघवेन्द्र जाट, सुमित सिंघल, शुभम मुदगल, बाबू सिंह यादव, कौशल गोयल आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

### यूएई से भारतीयों की निकासी वाली खबरें गलत

## न कोई प्लान, न कोई खतरा, सिर्फ अफवाहें फैलाई गई

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मिलकर फुजैरा पोर्ट के जरिए भारतीय श्रमिकों को निकालने की योजना बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की किसी भी योजना का कोई आधार नहीं है और न ही यूएई या फुजैरा से भारतीय नागरिकों की निकासी को लेकर कोई निर्णय लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संबंधित खबर पूरी तरह गलत और भ्रामक है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे ऐसी खबरों की पुष्टि एमईए के फैक्ट चेक प्लेटफॉर्म से जरूर करें।



प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है। इसके अलावा ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक को लेकर भी जानकारी दी गई, जो भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें ब्रिक्स देशों के साथ-साथ साझेदार देशों के विदेश मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस बैठक में शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी साझा की जाएगी। जायसवाल ने पश्चिम एशिया के हालात पर भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि इस क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्टों में पेंडिंग जमानत याचिकाओं पर चिंता जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट, राज्य सरकारें मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार करें, जिससे जमानत मामलों का



समय पर फैसला हो सके। उसका मकसद किसी हाईकोर्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना नहीं, बल्कि व्यवस्था को और बेहतर बनाना है। कोर्ट ने याद दिलाया कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर व्यक्ति के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा की गारंटी देता है। इस प्रक्रिया में पीड़ितों के अधिकारों का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से पेंडिंग नियमित और अग्रिम जमानत याचिकाओं की जानकारी मांगी थी।

### राहुल बोले- देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं

## सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी अपीलें नाकामी के सबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है।



एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं। उन्होंने कहा, 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।

### विपक्ष ने कहा, देश में सिर्फ एक संकट 'भाजपा'

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था और विदेश नीति दोनों को संभालने में विफल रही है। जैसे ही चुनाव खत्म हुए, सरकार को अचानक 'संकट' याद आ गया। असल में देश के लिए केवल एक ही संकट है और उसका नाम भाजपा है। आआपा नेता संजय सिंह ने कहा, 'पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो महीनों से सरकार आपका बोझ उठा रही थी। अब जब चुनाव खत्म हो गए हैं, तो आपकी उपयोगिता भी खत्म हो गई। आपका बोझ तब तक उठाया, जब तक पांच राज्यों में चुनाव चल रहे थे। अब वे लोगों से कह रहे हैं कि तेल, पेट्रोल और गैस कम इस्तेमाल करें और सोना न खरीदें। क्या उन्हें चुनाव के दौरान यह सब याद नहीं था।'

---

इस्लामिक स्टेट का खतरनाक प्लान

# विदेशी मॉड्यूल के जरिये भारत में कराना चाहता है श्रीलंका जैसे हमले

नई दिल्ली, एजेंसी

**आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने भारत के खिलाफ एक नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में मौजूद अपने चरमपंथी तत्वों का इस्तेमाल करेगा और दुष्प्रचार और आतंकी हमले के लिए करेगा।**

साल 2013 के अंत में जब आईएस ने वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी, तब भारत से भी कई लोग इस संगठन में शामिल होने के लिए देश छोड़कर चले गए थे।



### भारत में हमले करने के लिए उकसा रहा ...

इस्लामिक स्टेट अपने कुछ भारतीय मॉड्यूल को भारत में हमले करने के लिए उकसा रहा है। लेकिन वे कई बार विफल हो चुके हैं। इस्लामिक स्टेट को लगता है कि विदेशी मॉड्यूल के हमले एक मिसाल बन सकते हैं और भारतीय गुर्गों को देश के भीतर हमले करने को प्रेरित कर सकते हैं।

हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय एजेंसियों ने कई लोगों को सीरिया, इराक और अफगानिस्तान जाकर संगठन में शामिल होने से रोकने में सफलता हासिल की है। खुफिया ब्यूरो के एक कर्मी के अनुसार, भारत में यह समस्या काफी हद तक नियंत्रण में है। लेकिन अब संगठन अन्य देशों से कट्टरपंथी तत्वों को भारत में भेजने की कोशिश कर रहा है। इस्लामिक स्टेट ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका में अपने अलग-अलग मॉड्यूल स्थापित किए हुए हैं।

श्रीलंका मॉड्यूल का असर तमिलनाडु और मंगलुरु में देखने को मिला था। दोनों जगहों पर इस्लामिक स्टेट से प्रभावित कट्टरपंथी व्यक्तियों ने हमले की कोशिश की थी। हालांकि, वे असफल रहे। इन मामलों में समानता यह थी कि आरोपी जेमेशा मुबीन और मोहम्मद शारिक दोनों को श्रीलंका के एक ही व्यक्ति ने कट्टरपंथी बनाया था। वह दक्षिण भारत आया था और काफी समय तक यहां रहा था। इसी दौरान उसने मुबीन और शारिक को कट्टरपंथी बनाया।

आधिकारिक सूत्र ने आगे कहा कि बांग्लादेश में मौजूद मॉड्यूल पश्चिम बंगाल और बिहार में भर्ती करने वालों को भेजने पर ज्यादा केंद्रित हैं। अधिकारी ने इसे खतरनाक बताते हुए आगे कहा कि बांग्लादेश को इसके लिए सबसे मुफीद माना जा रहा है। आईएस के मुख पत्र में 'बंगाल में फिर से जिहाद शुरू' शीर्षक के साथ एक लेख छपा था। इसका मकसद युवाओं को जिहाद के लिए उकसाना था। अधिकारियों का कहना है कि यह पहली बार था जब बांग्लादेश में स्थापित इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल भारत में अपना एजेंडा आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा था।

### श्रीलंका से खतरा सबसे कम

एक और अधिकारी ने कहा कि श्रीलंका से खतरा सबसे कम है। ईस्टर बम धमाकों के बाद इस गुट का एक बड़ा हिस्सा खत्म हो गया है। हालांकि, यह मानना गलत होगा कि गुट ने देश में अपनी दुकान बंद कर दी है। अधिकारी ने आगे कहा कि यही वजह है कि मालदीव से दक्षिण भारत में बड़ी कोशिश की जा रही है। इसका मकसद भारत में उसी पैमाने पर हमले का है, जैसे श्रीलंका में किए गए थे। इस्लामिक स्टेट चाहता है कि हमले विदेशी चरमपंथी करें। इसके दो कारण बताए जा रहे हैं। पहला- विदेशी लड़ाकों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि भारत की तुलना में विदेशी लड़ाकों को कट्टरपंथ की ओर धकेलना ज्यादा आसान होता है। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि मकसद भारत में बड़ा हमला करना है। लेकिन दूसरा प्लान इसे रिक्रूटमेंट टूल (भर्ती करने के तरीके) के तौर पर इस्तेमाल करना है।

## सम्पादकीय

### पटना में विद्यार्थियों पर लाठी

बिहार के पटना में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के दौरान राज्य की पुलिस का जैसा रवैया सामने आया है, उसे आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत किसी मसले पर सरकार से विचार की मांग के स्वर का दमन करने की तरह देखा जा सकता है। सवाल है कि अगर नागरिकों के सामने अपनी किसी मांग के लिए आंदोलन या प्रदर्शन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता है, तो संवाद के जरिए उनकी समस्या का समाधान करने या कोई रास्ता निकालने की कोशिश की जाएगी या उन्हें चुप कराने के लिए सीधे लाठी-डंडे का सहारा लिया जाएगा? हैरानी की बात है कि शिक्षक भर्ती से संबंधित प्रक्रिया में लगातार देरी और टालमटोल से परेशान विद्यार्थियों ने जब पटना में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की, तो उनकी मांगों पर विचार करने के बजाय उन पर लाठी चार्ज किया गया और महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। अगर उन्हें रोकना भी था, तो पानी की बौछार या कोई अन्य उपाय करने के बजाय बेहरमी से उन पर लाठियां चलाना ही अकेला उपाय क्यों माना गया? राज्य की पुलिस के इस रवैये को क्या किसी भी तरह से प्रदर्शनकारियों के प्रति एक लोकतांत्रिक शासन की प्रतिक्रिया कहा जा सकता है? अगर नागरिकों के किसी हिस्से को सरकार से अपने अधिकार या अन्य मांग करने से इस तरह रोका जाएगा, तो उसमें नागरिक अधिकारों की क्या जगह रह जाएगी? आखिर क्या वजह है कि विद्यार्थियों के सामने शिक्षक भर्ती को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाने की नौबत आई है? यह कोई पहला मौका नहीं है जब किसी आंदोलन या प्रदर्शन को लेकर सरकार का यह रुख सामने आया है। इससे पहले भी कई बार विद्यार्थियों और अन्य नागरिक समूहों ने अलग-अलग मुद्दे पर प्रदर्शन किया है, लेकिन उनकी मांगों पर विचार या बातचीत करने के बजाय उन्हें चुप करने और भगाने के लिए लाठी चार्ज का सहारा लिया गया। अफसोसनाक यह है कि बिहार में जो पार्टियां फिलहाल सत्ता में हैं, उन्होंने एक समय जनता की उपेक्षा किए जाने को ही मुद्दा बनाया था। हकीकत यह है कि आंदोलनों या प्रदर्शन के प्रति पिछले कुछ वर्षों से राज्य सरकार का जो रवैया है, उससे लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों के लिए जगह सिमट रही है।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

कुछ चीजें निकट जाने पर बिन मांगे मिल जाती हैं,
जैसे अग्नि से गरमाहट, बर्फ से शीतलता और फूलों के खुशबू।
इसलिए ईश्वर से भी कुछ मत मांगिए,
बस उनसे निकटता बढ़ाइए, सब कुछ बिना मांगे मिलेगा।

– टीना कश्यप, मुंबई

मौन सभी व्यर्थ सवालों के लिए सबसे अच्छा जवाब है।
तथा मुस्कराहट सभी नाजुक परिस्थितियों
में सबसे अच्छी प्रतिक्रिया है।

– ताहिर अली, भोपाल

अच्छे लोगों की एक विशेषता होती हैं,
वो बुरे समय मैं भी अच्छे रहते हैं।

– एच.एल. खुशाल, इंदौर

कुछ हासिल करने के लिए जरूरी नहीं कि
हमेशा उसके पीछे दौड़ा जाए, क्योंकि बहुत सारी
चीजें ठहरने से भी प्राप्त हो जाती है जैसे सुख शांति और सुकून।

– प्रमोद मिश्रा

आपके जीवन की गुणवत्ता आपके कपड़ों , कार , घर या
आपके तामझाम पर निर्भर नहीं करती हैं, बल्कि ये निर्भर करती हैं,
कि आप कितने शान्त,सुखी और आनंदित हैं।

– अशोक परमार, आष्टा सीहोर

इंसान कहता है खुशिया आये तो मैं मुस्कुराऊ,
और खुशियां कहती है तू मुसकुराऐ तो में आऊ।

– सुनील शर्मा

## इतिहास के पन्नों में 12 मई... जब चीन में आए विनाशकारी भूकंप ने छीन ली थीं हजारों जिंदगियां



देश-दुनिया के इतिहास में 12 मई की तारीख कई अहम घटनाओं के लिए दर्ज है, लेकिन वर्ष 2008 में इसी दिन चीन में आया विनाशकारी भूकंप आधुनिक इतिहास की सबसे भयावह प्राकृतिक आपदाओं में गिना जाता है। कुछ ही सेकंड के भीतर धरती की तेज कंपन ने लाखों लोगों की जिंदगी बदल दी थी। 12 मई 2008 को चीन के सिचुआन प्रांत में आए भीषण भूकंप ने भारी तबाही मचाई। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता लगभग 7.9 मापी गई थी। इस भूकंप में करीब 87 हजार लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारों लोग लापता हो गए थे। इसके अलावा करीब चार लाख लोग घायल हुए और लाखों नागरिक बेघर हो गए। भूकंप का असर इतना व्यापक था कि कई शहर और गांव पूरी तरह तबाह हो गए। हजारों इमारतें, स्कूल, अस्पताल और सड़कें पलभर में मलबे में बदल गईं। बचाव दलों को दुर्गम इलाकों तक पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों ने अपने परिजनों को मलबे के नीचे खो दिया। इस प्राकृतिक आपदा के बाद चीन सरकार ने बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान चलाया। सेना, मेडिकल टीमों और हजारों स्वयंसेवकों को प्रभावित इलाकों में भेजा गया। दुनियाभर के कई देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी चीन को राहत सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।

**विशेष सम-सामयिक**

बीसीसीआई ने अब स्टेडियम के अंदर वेपिंग व अन्य नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सैकिया के अनुसार, ड्रेसिंग रूम व अन्य वर्जित क्षेत्रों में वेपिंग की घटनाएं बीसीसीआई के संज्ञान में आयी हैं। संबंधित भारतीय कानूनों के तहत वेपिंग व इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है।

# आईपीएल पर मंडरा रहे हैं हनी ट्रैप के खतरे..!



दैनिक विनय उजाला

– विजय कपूर
( लेखक सम-सामयिक विषयों के विश्लेषक हैं )
इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर



आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और विवाद का संबंध चोली-दामन जैसा रहा है। बीसीसीआई की नवीनतम एडवाइजरी, जिसमें आईपीएल टीमों को क्या-करें व क्या-न-करें के दिशा-निर्देश दिये गये हैं, से स्पष्ट संकेत मिलता है कि आईपीएल पर हनी ट्रैप के गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं या यूं भी कहा जा सकता है कि धुआं उठा है, तो कहीं आग भी ज़रूर लगी होगी, जिसका पर्दाफाश होना अभी शेष है। बीसीसीआई ने 7 मई 2026 की रात को जो विस्तृत 7-पृष्ठ की एडवाइजरी अपने सचिव देवजीत सैकिया के ज़रिये आईपीएल फ्रैंचाइज़ी को भेजी थी, उसमें उन स्थितियों के बारे में सावधान किया गया है, जिनके कारण 'गंभीर क़ानूनी आरोप' लग सकते हैं, जोकि 'यौन दुर्व्यवहार' से भी संबंधित हो सकते हैं। इसलिए टीम प्रबंधकों से आग्रह किया गया है कि वह 'सतर्क व पूर्व-सक्रिय' रहें। एडवाइजरी में कहा गया है, बीसीसीआई फ्रैंचाइज़ी का ध्यान अच्छी तरह से प्रलेखित लक्षित हमले व हनी-ट्रैपिंग के खतरों की ओर कराना चाहती है, जो हाई प्रोफाइल खेल वातावरण में मौजूद रहते हैं। लागू कानूनों के तहत गंभीर क़ानूनी आरोपों की घटनाओं की आशंका को अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिनमें यौन दुर्व्यवहार के आरोप भी शामिल हैं।

यह याद दिलाते हुए कि बीसीसीआई के एंटी-करप्शन यूनिट (एसीयू) ने प्रोटोकॉल के उल्लंघन रिपोर्ट किये हैं, सैकिया ने प्रस्तावना में लिखा, बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के वर्तमान सत्र में दुराचार व प्रोटोकॉल उल्लंघन की अनेक घटनाएं हुई हैं, जिनमें खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ व टीम अधिकारी शामिल रहे हैं। अगर इन घटनाओं को संबोधित नहीं किया जायेगा तो इससे प्रतियोगिता, संबंधित फ्रैंचाइज़ी और एक शासक संस्था के रूप में बीसीसीआई की ख्याति को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। यह नहीं बताया गया है कि किस फ्रैंचाइज़ी के खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ व अधिकारियों पर दुराचार व प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप लगे हैं। लेकिन एडवाइजरी के शब्दों से ज़ाहिर है कि इस क़िस्म की घटनाएं हुई अवश्य हैं। बहरहाल, एक मुख्य चिंता यह व्यक्त की गई है कि खिलाड़ियों के होटल के कमरों में 'अनधिकृत व्यक्ति' देखे गये हैं। कुछ खिलाड़ियों व सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रैंचाइज़ी के टीम मैनेजर की जानकारी या मंज़ूरी के बिना अपने कमरों में अनधिकृत व्यक्तियों को बुलाया या आने दिया।

अनेक घटनाओं में टीम मैनेजर को ऐसे 'मेहमानों' की उपस्थिति के बारे में पूर्णत: कोई जानकारी नहीं थी। इस प्रथा पर तुरंत प्रभाव के साथ सख्ती से प्रतिबंध है, एडवाइजरी में कहा गया है। अगर पंक्तियों के बीच के इशारे को समझा जाये तो बीसीसीआई यह कह रही है कि कुछ खिलाड़ियों व सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को हनी ट्रैप करने की कोशिश की गई ताकि उन्हें ब्लैक मेल करके स्पॉट या मैच फिक्सिंग करायी जाये और अगर वह इसके लिए न मानें तो उन पर 'यौन दुर्व्यवहार' के मामले दर्ज कराये जाएं। चूंकि बीसीसीआई ने 'संबंधित फ्रैंचाइज़ी' (एकवचन) शब्दों का प्रयोग किया है, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि यह मामला किसी एक फ्रैंचाइज़ी से ही संबंधित हैं। लेकिन विवाद से बचने के लिए बीसीसीआई ने उसका नाम ज़ाहिर नहीं किया है और सभी टीमों के लिए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स (एसओपी) जारी किये गये हैं, जिनका सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गई है।

सैकिया ने स्पष्ट किया है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफ के होटल कमरों में टीम मैनेजर की पूर्व अनुमति के बिना अंदर जाने की इजाज़त नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति टीम सदस्यों या सपोर्ट स्टाफ के होटल कमरों में टीम मैनेजर की स्पष्ट निखित अनुमति के बिना प्रवेश नहीं कर सकता, भले ही उसकी पहचान या संबंध खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ से हो। मेहमान या विजिटर से भी मुलाक़ात होटल के सिर्फ निर्धारित सार्वजनिक स्थल पर ही हो सकती है। खिलाड़ी व सपोर्ट स्टाफ के सदस्य अक्सर सिक्यूरिटी लायजन ऑफिसर्स (एसएलओ) को जानकारी दिये बिना किसी भी समय होटल से बाहर चले जाते हैं। बीसीसीआई ने इन घटनाओं को भी फ्लैग किया है। सैकिया के अनुसार, बिना सूचना के होटल से बाहर जाने से गंभीर सुरक्षा समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं और संबंधित व्यक्ति ऐसे खतरों में आ सकता है जिनसे बचाना कठिन हो सकता है।

यह भी देखने में आया है कि फ्रैंचाइज़ी मालिक प्लेयर एंड मैच ऑफिशियल एक्सेस (पीएमओए) प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हैं। बीसीसीआई ने इस समस्या को भी संबोधित किया है। अब मैच के दौरान मालिक खिलाड़ियों या टीम अधिकारियों से ड्रेसिंग रूम, डगआउट या खेलने के मैदान में संपर्क नहीं कर सकते हैं। इस सीजन के शुरू में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को डगआउट में वेपिंग करते हुए देखा गया था, जो विवाद का विषय बना। वेपिंग का अर्थ है ई-सिगरेट, वेप पेन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से निकोटीन युक्त तरल (ई-लिक्विड) को गर्म करके उसकी भाप को सांस के द्वारा अंदर लेना और बाहर छोड़ना है। इसे 'ई-सिगरेट पीना' या 'भाप धूम्रपान' भी कहा जाता है, जो परम्परागत सिगरेट का एक धुआं-रहित विकल्प माना जाता है।

बीसीसीआई ने अब स्टेडियम के अंदर वेपिंग व अन्य नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सैकिया के अनुसार, ड्रेसिंग रूम व अन्य वर्जित क्षेत्रों में वेपिंग की घटनाएं बीसीसीआई के संज्ञान में आयी हैं। संबंधित भारतीय कानूनों के तहत वेपिंग व इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। फलस्वरूप आईपीएल के सभी वेन्यू, ड्रेसिंग रूम्स, डगआउट, होटल व प्रैक्टिस क्षेत्रों सहित, में वेपिंग, ई-सिगरेट और सभी प्रतिबंधित नशीले पदार्थों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। सवाल यह है कि जो नये दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उन पर अमल होगा भी या नहीं? दिशा-निर्देशों पर सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीआई आईपीएल फ्रैंचाइज़ी पर नियमित सरप्राइज छापेमारी करेगी। उसने साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में फ्रैंचाइज़ी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। सैकिया के अनुसार, बीसीसीआई व आईपीएल जीसी बिना किसी लाग लपेट के एकदम स्पष्ट करना चाहती है कि इस एडवाइजरी का कोई भी उल्लंघन गंभीर अनुशासनात्मक मुद्दा माना जायेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि क्रिकेट में, चूंकि पैसा व ग्लैमर बहुत है, विशेषकर भारत में, इसलिए भ्रष्टाचार की आशंकाएं भी बहुत हैं। इस संदर्भ में अतीत में अनेक मामले प्रकाश में भी आ चुके हैं और अनेक खिलाड़ियों के करियर भी बर्बाद हुए हैं। अब तो राज्य स्तर व स्थानीय स्तर पर भी टी-20 लीग होने लगी हैं, जिनमें भ्रष्टाचार के ऐसे मामले भी हुए कि पूरी लीग को ही निरस्त करना पड़ा। क्रिकेट व आईपीएल को बचाये रखने के लिए आवश्यक है कि कैंसर रुपी भ्रष्टाचार पर सख्ती से विराम लगाया जाये। यही वजह है कि बीसीसीआई के एसीयू अधिकारी न सिर्फ आईपीएल पर निगाह रख रहे हैं बल्कि स्थानीय टी-20 लीगों की टीमों के होटल में भी जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों व टीम के मालिकों के लिए भ्रष्टाचार-रोधी सत्र भी आयोजित किये जा रहे हैं। सभी राज्य टी-20 लीगों में भी नये दिशा-निर्देश लागू किये जायेंगे। इन कोशिशों से क्रिकेट कितना स्वच्छ होता है, यह तो वक्त ही बतायेगा।

## न रुको अब तो सीखो भी

न झुको,
न गिरो,
न गिराओ,
संभलो,
संभालो,
सब अपने हे,
कौन पराया,
गले लगो,
गले लगाओ,
हाथ जोड़े,
हाथ मिलाए,
नजर न झुके,
नजर न झुकाये,
सब मिलकर रहे,
घर मंदिर हैं
जिसमें ईश्वर है,
वहीं अंदर हैं,
अहसास करें,
अहसास कराए,
वहीं अनुभूति है,,
आप विभूति हैं ,
ईश्वर की देन हैं,
इसे रखों संभाल के,
वैसे का वैसे लौटना हँ,
कर्जदार जिसके, कर्जदार है उसके



दैनिक विनय उजाला

– डॉ. बनवारीलाल
जाजोदिया 'यथार्थ'
इंदौर

## माँ

माँ वह पहला शब्द है
जो बच्चे की जुबान पर आता है
माँ सिर्फ शब्द नहीं है
माँ में ममता, त्याग
पूरा जीवन समाया है
माँ का रिश्ता नि :स्वार्थ है
कुम्हार की भांति बच्चे के
व्यक्तित्व को बड़े प्यार से गढ़ती है
माली की भांति संतान रूपी पौधे
को ममत्व से सींचती है
माँ बिना शर्त वाला प्यार है
दुनियाँ रूठ जाएँ माँ नहीं रूठती है
बच्चे का पहला विद्यालय माँ है
माँ केवल जन्म नहीं देती है
जीवन व संस्कार देती है
जीवन का सुख माँ के आँचल में है
माँ व्यक्ति नहीं अनुभूति है
माँ बच्चे का पहला सत्संग है
माँ की ममता वह दीपक है
जो अंधेरे में भी राह दिखाती है
दुनियाँ का सुकून माँ के आँचल में
धरती पर ईश्वर का कोमल रूप है
माँ के चरणों में स्वर्ग है
माँ वेद की ऋचा है
जिसे पढ़ा नहीं जिया जाता है
ईश्वर ने जब सृष्टि रची होगी
सारी करुणा सारा वात्सल्य
एक जगह उड़ेल दी होगी
और नाम दिया होगा माँ
अत : माँ के समान कोई नहीं है

दैनिक विनय उजाला

– आशा गुप्ता



## माँ की आखिरी रसोई



स्कूल में बिटिया के पोस्टर मेकिंग गतिविधि थी।वह कहे जा रही थी -मां कलर्स, शीट और सामान लेने बाजार चलना है, आपकी फोटो भी प्रिंट करानी है, देखना मैं बहुत सुंदर पोस्टर बनाऊंगी, पूरी क्लास देखती रह जाएगी।

नेहा अपनी बेटी की बातें सुनकर बहुत खुश थी पर उस खुशी में भी एक अजीब-सी उदासी ने उसे घेर लिया। नेहा ने अलमारी से अपनी सासु माँ की पुरानी साड़ी निकाली। वही हल्की हरी साड़ी, जिसमें माँ जी हर त्योहार पर रसोई में खड़ी हो जाती थीं- बेटा, आज तुम्हारी पसंद का बनाऊँगी,कहकर मुस्कुरा देती थीं।

अब रसोई सूनी थी और माँ जी की वह मुस्कान भी। नेहा ने साड़ी को सीने से लगाया। आँखें नम हो गईं। शादी के बाद वह हमेशा सोचती थी - माँ जी बहुत टोकती हैं, हर काम में दखल देती हैं। पर आज वही टोकना उसे अपना सा लगता था। उसे याद आया-एक दिन उसने गुस्से में कह दिया था, माँ जी, आपको हर चीज़ में बोलना ज़रूरी है क्या? माँ जी चुप हो गई थींज बस इतना कहा था-जब तू माँ बनेगी, तब समझेगी। आज नेहा माँ बन चुकी थी। उसने रसोई में जाकर वही आलू के पराठे बनाने शुरू किए, जो माँ जी हर रविवार को बनाती थीं। पराठा बनाते-बनाते उसकी आँखों से आँसू टपक कर आटे में घुल गए। तभी छुटकी पास आई और बोली-मम्मा, आप रो क्यों रही हो?

नेहा ने मुस्कुराने की कोशिश की- कुछ नहीं बेटाज बस दादी याद आ रही हैं। बेटी ने मासूमियत से कहा-दादी तो आपके अंदर ही हैं नाज आप भी तो मुझे वैसे ही प्यार करती हो। नेहा ठिठक गई उसे लगा जैसे माँ जी सच में उसके भीतर जीवित हैं-उसके स्पर्श में, उसकी रसोई में, उसके ममत्व में। उसने आँसू पोंछे और धीरे से कहा-माँ कभी जाती नहीं, वो बस रूप बदल लेती है। मातृ दिवस पर घर में कोई बड़ा आयोजन नहीं हुआ। बस एक थाली में गरम पराठे रखे गएज और नेहा ने चुपचाप आसमान की ओर देखकर कहा- माँ आज आपकी आखिरी रसोई मैंने पूरी कर दी और उस दिन पहली बार पराठों में माँ का स्वाद आ गया।



दैनिक विनय उजाला

– रेनू शब्दमुखर , जयपुर

# बंगाल में सत्ता परिवर्तन से आगे बढ़कर सामाजिक पुनर्जागरण की दस्तक

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार का गठन निश्चित ही राज्य की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक दिशा बदलने वाले निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी नई सरकार ने अपने गठन के साथ ही स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब बंगाल की राजनीति किसी एक विचार, एक वर्ग या एक राजनीतिक परिवार तक सीमित न रहकर सर्वसमावेशी रहेगी।

नई सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें समाज के लगभग प्रत्येक वर्ग को स्थान देकर व्यापक सामाजिक संतुलन स्थापित किया गया है। लंबे समय तक वामपंथी शासन और उसके बाद तृणमूल शासन के दौरान जिस प्रकार राजनीतिक हिंसा, वैचारिक असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पक्षपात की घटनाएं एवं आरोप सामने आए, उसके बाद भाजपा की यह सरकार स्वयं को लोककल्याणकारी, सहभागितापूर्ण और भयमुक्त शासन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए पहले ही दिन से संकल्पति दिखी है। नई मंत्रिपरिषद की संरचना यह स्पष्ट करती है कि भाजपा ने बंगाल में व्यापक सामाजिक आधार तैयार करने की गंभीर कोशिश की है। बंगाल की जनता भी इस परिवर्तन को एक दल परिवर्तन के रूप में नहीं देख रही, उसके लिए इस व्यवस्था परिवर्तन के विशेष मायने हैं, जिसमें वह अपने लिए एक सुनहरा भविष्य देखती है। जिन लोगों ने आज मंत्री पद की शपथ ली, उनमें हर वर्ग का प्रतिनिधित्व समाहित है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल जहां सामान्य वर्ग से हैं, वहीं खुदीराम टुडू के माध्यम से भारत के जनजाति समाज को प्रतिनिधित्व मिला है। इसी तरह से दिलीप घोष हैं, जोकि पिछड़ा वर्ग से आते हैं। निसिथ प्रामाणिक राजबंशी हैं। इनमें एक नाम अशोक कीर्तनिया का भी है, वह भी बंगाल के पिछले और अति पिछड़े वर्ग मतुआ समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस तरह से बंगाल की सत्ता में सभी का सहभाग एक साथ समान रूप से दिखाई दे रहा है। वस्तुत: भाजपा का संदेश साफ है, वह यह कि सत्ता के केंद्र में समाज का हर वर्ग रहेगा। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी ने यहां गांव, सीमावर्ती क्षेत्रों, वनवासी इलाकों और पिछड़े समाजों से आए चेहरों को प्रमुखता एवं प्रमाणिकता के साथ आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही आज पश्चिम बंगाल में भाजपा यह भी संदेश देने में भी सफल रही है कि भय और भ्रष्टाचार से मुक्त शासन की आवश्यकता जो इस राज्य में लम्बे समय से जरूरी माना जा रहा था, वह अब इस राज्य में होता हुआ दिखेगा।

कहना होगा कि ममता शासन से जुड़े पुराने अनुभव इस राज्य के बहुत बुरे रहे हैं। उस दौर में पश्चिम बंगाल लगातार राजनीतिक हिंसा और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा रहा। पंचायत चुनावों से लेकर विधानसभा चुनावों तक अनेक



स्थानों पर हिंसा, बूथ कब्जे और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों की घटनाओं ने लोकतंत्र को आहत किया। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी, पशु तस्करी और अवैध वसूली जैसे मामलों ने राज्य सरकार की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया।

स्वभाविक है कि इन घटनाओं ने आम नागरिकों के भीतर असुरक्षा और असंतोष की भावना को और गहरा किया। भाजपा ने इन्हीं मुद्दों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाकर परिवर्तन की आवश्यकता को मजबूत आधार दिया। वस्तुत: इसी पृष्ठभूमि में सुवेंदु सरकार का गठन उन लोगों के लिए आशा का संदेश बनकर सामने आया, जोकि लंबे समय से भयमुक्त और निष्पक्ष शासन की अपेक्षा कर रहे थे। इसके साथ यह भी आज के दिन याद आ रहा है कि कैसे बंगाल का राजनीतिक इतिहास वामपंथी शासन से प्रभावित रहा है! प्रारंभिक वर्षों में भले ही वामपंथ को व्यापक समर्थन मिला दिखता हो, किंतु समय बीतने के साथ सभी ने देखा कि राजनीतिक जड़ता, उद्योगों के पलायन और वैचारिक कठोरता के साथ हिंसा ने पूरे राज्य को पीछे धकेल दिया था। नंदीग्राम और सिंगूर की घटनाएं आज भी बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर गहरे घाव के रूप में याद की जाती हैं। किसानों के आंदोलन, पुलिस कार्रवाई और हिंसक संघर्षों ने राज्य की छवि को गंभीर क्षति पहुंचाई। उद्योगों का राज्य से बाहर जाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सीमित होना भी बड़ी चिंता का विषय बना।

वामपंथी शासन के अंतिम वर्षों में यह धारणा मजबूत हो गई थी कि विचारधारा प्रशासनिक व्यवहारिकता पर भारी पड़ रही है। आज अच्छा यह है कि भाजपा अब उसी पृष्ठभूमि को सामने रखकर विकास, निवेश और सुशासन आधारित राजनीति का नया विकल्प प्रस्तुत कर रही है। राज्य की नई सरकार इस संदेश के साथ आगे बढ़ती दिखाई दे रही है कि बंगाल को वैचारिक टकराव के स्थान पर विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और जनविश्वास की राजनीति की आवश्यकता बनाया जाएगा। सोनार बांग्ला का संकल्प भाजपा ने जनता के सामने रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई अवसरों पर कह भी चुके हैं, बंगाल का विकास भारत के विकास का आधार है। भाजपा अब इसी भावनात्मक और वैचारिक आधार को शासन व्यवस्था में परिणत करने का प्रयास कर रही है। आज सुवेंदु अधिकारी सरकार का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश यही माना जा रहा है कि बंगाल अब भय, हिंसा और राजनीतिक वर्चस्व की राजनीति से आगे बढ़कर विकास, सहभागिता और सामाजिक संतुलन की नई दिशा में कदम रखता हुआ दिखेगा, जहां सत्ता का अर्थ समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देना भी होगा। फिलहाल तो नई सरकार से यही उम्मीद की जा रही है!

दैनिक विनय उजाला

–डॉ. मयंक चतुर्वेदी



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस में सीएम पद को लेकर खींचतान जारी... आलाकमान ने केरल से कई वरिष्ठ नेताओं को बुलाया दिल्ली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल विधानसभा चुनाव के नतीजे आए एक सप्ताह हो चुका है, लेकिन पार्टी मुख्यमंत्री पद के लिए किसी भी नेता का नाम तय नहीं कर पायी है। लगातार हो रही देरी के बीच कांग्रेस ने पार्टी आलाकमान ने राज्य के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क तेज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेतृत्व ने पूर्व प्रदेश अध्यक्षों समेत कई बड़े नेताओं को दिल्ली बुलाया है, जिससे अगले मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति बन सके।

कांग्रेस आलाकमान केरल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क साध रहा है। केरल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया गया है। के. सुधाकरन आज रात दिल्ली पहुंचेंगे। अन्य नेता भी दिल्ली आ रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, आज के. मुरलीधरन और मुल्लापल्ली रामचंद्रन से संपर्क किया गया है।

#### विधायकों ने आलाकमान को सौंपा है फैसला

राज्य के सभी नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों ने मिलकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है और अपनी तरफ से गेंद आलाकमान के पाले में डाल दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की केरल प्रभारी दीपा दासमुंशी ने जानकारी दी है कि सभी कांग्रेस विधायकों ने एक पंक्ति के प्रस्ताव (वन-लाइन रेजोल्यूशन) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस प्रस्ताव के जरिए विधायकों ने राज्य के नए मुख्यमंत्री का चुनाव करने का पूरा अधिकार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व यानी हाईकमान को सौंप दिया है। इसका सीधा मतलब यह है कि अब विधायक दल की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई आपसी खींचतान या विवाद नहीं होगा।

#### नाम की घोषणा 'उचित समय' पर की जाएगी

विधायकों का प्रस्ताव मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर दिल्ली से ही लगेगी। दीपा दासमुंशी ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस मामले में अंतिम निर्णय लेंगे। ये दोनों बड़े नेता राज्य के राजनीतिक हालात और विधायकों के प्रस्ताव पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद ही कोई अंतिम फैसला लेंगे। दीपा दासमुंशी ने पत्रकारों से बातचीत में यह भी बताया कि पार्टी नेतृत्व सभी पहलुओं पर विचार कर रहा है और नाम की घोषणा 'उचित समय' पर की जाएगी। उनके पास 23 मई तक का समय है, इसलिए उससे पहले कभी भी नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान हो सकता है। रमेश चेन्नितला ने भी साफ किया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सभी मुद्दों पर चर्चा हो चुकी है और अब अंतिम फैसला वही करेंगे।

### गृहमंत्री अमित शाह से मिले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली(हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य से जुड़े विभिन्न



महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने, कामकाज के नियम, आरक्षण के युक्तिकरण तथा शासन-प्रशासन और जनकल्याण से जुड़े अन्य अहम विषयों पर विस्तार से बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा और आर्थिक स्थित पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में स्थायी शांति, स्थिरता और समावेशी विकास सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों पर भी चर्चा हुई।

### निदा खान को पनाह देने वाले एआईएमआईएम पार्षद की रद्द होगी सदस्यता, महापौर बोले- जल्द शुरू होगी निष्काशन की प्रक्रिया



**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** छत्रपति संभाजीनगर के ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्षद मतीन पटेल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन पर नासिक टीसीएस यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण मामले की आरोपी निदा खान को पनाह देने का आरोप है। इसके साथ ही उनके घर के अवैध निर्माण का मामला भी सामने आया है। छत्रपति संभाजीनगर के महापौर समीर राजुरकर ने सोमवार को कहा कि मतीन पटेल के घर से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन होने के बाद उनकी पार्षद सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निदा खान को सात मई को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। वह टीसीएस की नासिक इकाई के कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद से फरार चल रही थी। शिकायतकर्ताओं ने खान पर शोषण, जबरन धर्मांतरण का प्रयास, धार्मिक भावनाएं आहत करने, छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मतीन पटेल के खिलाफ निदा खान और उनके रिश्तेदारों को पनाह देने का मामला दर्ज किया था। इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम ने उनके घर में कथित अवैध निर्माण को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया था। मेयर समीर राजुरकर ने संवाददाताओं से कहा, अगर पटेल ने अवैध काम किया है, तो उनकी नगर निकाय की सदस्यता रद्द कर दी जानी चाहिए। महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निकाय चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते समय कोई भी जानकारी छिपाई नहीं जानी चाहिए।

## तमिलनाडु विधानसभा सत्रः मुख्यमंत्री विजय के अंदाज...

# सत्ता-विपक्ष की नई तस्वीर और अन्नाद्रमुक की अंदरूनी कलह बनी चर्चा का केंद्र

चेन्नई, (हि.स.)

**तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद गठित 17वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार सुबह 9:30 बजे शुरू हुआ। नई सरकार के गठन के बाद आयोजित इस महत्वपूर्ण सत्र में कुछ एक को छोड़कर सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।**

सदन की कार्यवाही के दौरान सत्ता और विपक्ष के नए राजनीतिक समीकरणों के साथ-साथ अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) में बढ़ती अंदरूनी खींचतान भी चर्चा का प्रमुख विषय बनी रही।

प्रोटेम स्पीकर करुप्पैय्या ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि जो विधायक किसी कारणवश सोमवार को शपथ नहीं ले सके, उन्हें मंगलवार को शपथ ग्रहण का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव मंगलवार को कराया जाएगा। इसके बाद दिनभर की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



### निर्वाचित सदस्यों ने विधिवत शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की

तमिलनाडु विधानसभा की कुल 234 सीटों में फिलहाल एक सीट रिक्त है। तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से विधायक चुने गए जोसेफ विजय के इस्तीफे के बाद सदन में 233 विधायक मौजूद रहे। इसके बाद सभी निर्वाचित सदस्यों ने विधिवत शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की। विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी विधायकों को अपने निर्वाचन प्रमाणपत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि मंत्री कीर्तना अपना विजय प्रमाणपत्र लाना भूल गई, जिसके कारण वह विधायक के रूप में शपथ नहीं ले सकीं। वहीं के.सी. करुप्पनन भी गलत प्रमाणपत्र लेकर पहुंचने की वजह से शपथ प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए।

### विजय की 'पावर ड्रेसिंग' शैली को आधुनिक राजनीतिक छवि के रूप में देखा जा रहा

इस बीच तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री जोसेफ विजय एक बार फिर अपने पहनावे को लेकर चर्चा में रहे। मुख्यमंत्री पद की शपथ के दौरान उन्होंने पारंपरिक सफेद शर्ट और वेष्टी के बजाय काले रंग का आधुनिक कोट-सूट पहनकर सबका ध्यान आकर्षित किया था। सोमवार को विधानसभा सत्र में भी वह उसी अंदाज में नजर आए। दरअसल, तमिलनाडु की राजनीति में लंबे समय से पारंपरिक परिधान का प्रभाव रहा है, लेकिन विजय की 'पावर ड्रेसिंग' शैली को आधुनिक राजनीतिक छवि के रूप में देखा जा रहा है। विधानसभा में उनके काले कोट-सूट की चर्चा राजनीतिक गलियारों में पूरे दिन होती रही।

### जोसेफ विजय और विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन सदन में आमने-सामने बैठे

विधानसभा सत्र का सबसे दिलचस्प दृश्य तब देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री जोसेफ विजय और विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन सदन में आमने-सामने बैठे दिखाई दिए। एक ओर सरकार का नेतृत्व कर रहे युवा मुख्यमंत्री थे, तो दूसरी ओर सरकार को घेरने की जिम्मेदारी संभाल रहे विपक्ष के नेता। लगभग समान आयु वर्ग के इन दोनों नेताओं की मौजूदगी ने तमिलनाडु की राजनीति में नई पीढ़ी के नेतृत्व और भविष्य की राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को लेकर चर्चाओं को और तेज कर दिया। उधर, विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद प्रमुख विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) में अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। पार्टी के भीतर बढ़ती असहमति ने राजनीतिक हलकों में हलचल तेज कर दी है और अन्नाद्रमुक अब विभाजन के संकट से जूझती नजर आ रही है।

#### कल तीखे बाण, आज सम्मान

## फ्लोर टेस्ट से पहले स्टालिन से मिले सीएम विजय

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु में शानदार सियासत देखने को मिली। राज्य के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने अपनी कुर्सी संभालने के बाद पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री और द्रमुक के अध्यक्ष एमके स्टालिन से उनके आवास पर मुलाकात करने पुहंचे। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब विजय की सरकार को 13 मई को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना है। विधानसभा में अहम शक्ति परीक्षण से ठीक पहले राज्य के सबसे बड़े विपक्षी नेता से हुई इस मुलाकात के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं।**

इस मुलाकात को सरकारी सूत्रों ने केवल एक 'शिष्टाचार भेंट' बताया है। मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय पहली बार स्टालिन के अलवरपेट स्थित आवास पर गए थे। जब विजय वहां पहुंचे, तो स्टालिन और उनके बेटे उदयानिधि स्टालिन ने उनका बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यह मुलाकात इसलिए भी हैरान करने वाली है क्योंकि ठीक एक दिन पहले ही विजय ने राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपये के भारी कर्ज को लेकर पिछली डीएमके सरकार की कड़ी आलोचना की थी। इसके साथ ही विजय ने डीएमके में सत्ता के कई केंद्र होने का ताना मारते हुए कहा था कि उनकी पार्टी टीवीके में सत्ता का केवल एक ही केंद्र है। इस तीखे बयान पर स्टालिन ने भी पलटवार किया था।



### मुलाकात के दौरान चुनाव की पुरानी कड़वाहट दूर होती दिखी

सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान चुनाव की पुरानी कड़वाहट दूर होती दिखी। जब सीएम विजय वहां पहुंचे तो सबसे पहले उदयनिधि ने हाथ मिलाकर और गले लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद स्टालिन ने भी विजय को गले लगाया, उनका हाथ पकड़ा और उन्हें अपने घर के अंदर ले गए। दोनों दिग्गज नेताओं ने एक-दूसरे को रेशमी शॉल और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान दिया। इस मौके पर उदयनिधि ने विजय को एक खास किताब भी भेंट की, जिसका नाम 'कालथिन निरम करुप्पु शिवप्पु-डीएमके 75' है। यह किताब डीएमके के 75 साल के ऐतिहासिक राजनीतिक सफर की कहानी बताती है।

### स्टालिन के बाद सीएम विजय ने वाइको से मिलकर दिया संदेश

एमके स्टालिन से मिलने के बाद मुख्यमंत्री विजय एमडीएमके के संस्थापक और दिग्गज नेता वाइको के आवास पर भी पहुंचे। वहां वाइको के बेटे दुरई वाइको ने विजय का स्वागत किया। वरिष्ठ नेता वाइको ने विजय को सफेद रेशमी शॉल ओढ़ाई और उन्हें माला पहनाई, जिसके जवाब में सीएम ने भी वाइको को शॉल भेंट कर उनका पूरा सम्मान किया। मुलाकात के बाद वाइको ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव के बाद विजय एक बड़े नेता के रूप में उभरे हैं। वाइको ने कहा कि चुनाव नतीजों ने साफ दिखा दिया है कि जनता बदलाव चाहती थी। उन्होंने विपक्ष के नेताओं से मिलने के लिए विजय की तारीफ की और कहा कि इससे यह संदेश जाता है कि तमिलनाडु में स्वस्थ राजनीति को बढ़ावा मिलना चाहिए।

#### बंगाल में नई सरकार के मंत्रियों के विभाग बंटे

## दिलीप घोष को पंचायत, अग्निमित्रा को मिला महिला विकास मंत्रालय

चेन्नई, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया है। सोमवार को हुई इस अहम घोषणा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बंटवारे में दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल जैसे बड़े चेहरों को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, जिससे राज्य के विकास की रूपरेखा तय होगी।

मुख्यमंत्री ने अपनी कैबिनेट में विभागों का वितरण करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष को ग्रामीण विकास (पंचायत) और प्राणी विकास विभाग की कमान सौंपी है। वहीं, अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय के साथ-साथ नगर निगमों का महत्वपूर्ण प्रभार भी दिया गया है। इन दोनों नेताओं को अहम पद देकर सरकार ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। मंत्रिमंडल में उत्तर बंगाल के विकास को भी विशेष तवज्जो दी गई है। निशीथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें युवा कल्याण और खेल विभाग का जिम्मा भी सौंपा गया है। इससे उत्तर बंगाल के इलाकों में विकास कार्यों को तेजी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



### अशोक को भी अहम भूमिका दी

कैबिनेट के इस विस्तार में अशोक कीर्तनिया को भी अहम भूमिका दी गई है। उन्हें खाद्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके कंधों पर राज्य में खाद्य आपूर्ति को सुचारू रखने और राशन व्यवस्था को ठीक करने का काम होगा। इस तरह सभी मंत्रियों को उनके विभाग सौंप दिए गए हैं।

### नई सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक अगले सोमवार होगी

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी अगले सोमवार को नई सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक करेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महंगाई भत्ता (डीए), सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों, विभिन्न सरकारी करों में राहत, महिला हिंसा के मामलों में सख्ती और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जैसे मुद्दों पर महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। उनका कहना है कि नई सरकार शुरुआती चरण में ही प्रशासनिक सुधार और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट संदेश देना चाहती है।

#### पीएम मोदी की अपील पर रेवंत रेड्डी का पलटवार

## केंद्र सरकार की विदेश नीति में पूरी तरह विफल

हैदराबाद, एजेंसी

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोने की खरीदारी रोकने के सुझाव पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केंद्र सरकार की विदेश नीति की विफलताओं पर पर्दा डालने की एक कोशिश है। मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऐसे बयानों से सोने की खरीदारी पर एक तरह से अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार विदेश नीति में पूरी तरह विफल रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष के परिणामों से निपटने के लिए इसे एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। सरकार को सर्वसम्मति बनानी चाहिए और विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को हैदराबाद में एक आधिकारिक कार्यक्रम में की गई 'मेरे साथ जुड़ें' टिप्पणी का जिक्र करते हुए रेड्डी ने कहा कि उस कार्यक्रम या संदर्भ में कोई राजनीति नहीं थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं के



लिए शीघ्र मंजूरी के उनके अनुरोध का जवाब दे रहे थे और उन्होंने सुझाव दिया था कि राज्य को केंद्र के विकास प्रयासों में शामिल होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ राज्य परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी मिलने के बावजूद केंद्र का सहयोग उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को 'मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस' (एमएमसी) बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए रेड्डी ने दावा किया कि भाजपा 'ब्रिटिश जनता पार्टी' की तरह काम करती है और लोगों को बांटने में विश्वास रखती है।

#### हिमंत की दूसरी शपथ से लगेगी एनडीए की हैट्रिक

## पीएम मोदी के साथ 40 से अधिक सीएम-डिप्टी सीएम रहेंगे मौजूद

गुवाहाटी, एजेंसी

हिमंत बिस्व सरमा मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए तैयार हैं। वहीं, असम में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के लगातार तीसरी कार्यकाल है। खानपारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री सरबानंदा सोनोवाल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ एनडीए के 40 से अधिक मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उपस्थित रहने की उम्मीद है।

राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य सुबह 11:40 बजे हिमंता और नए मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और



गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। सरमा, जो पहली बार 2021 में मुख्यमंत्री बने थे। असम में लगातार दो कार्यकाल तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता होंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सरबानंदा सोनोवाल के नेतृत्व में पहली बार सत्ता में आई।

सरमा के साथ ही मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों के शपथ ग्रहण करने की भी संभावना है, जिसमें गठबंधन के सभी साझेदारों का प्रतिनिधित्व होने की उम्मीद है। समारोह के बाद, सरमा की ओर से नई सरकार की पहले 100 दिनों की प्राथमिकताओं की रूपरेखा प्रस्तुत करने की उम्मीद है, जिसमें भूमि अधिकारों और बेदखली अभियानों से संबंधित प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। जैसे-जैसे खानापारा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह समारोह केवल एक शपथ से कहीं अधिक होगा ।यह असम के अगले पांच वर्षों के लिए भाजपा का इरादा पत्र होगा। सरमा पहले ही कह चुके थे कि नई सरकार विकास कार्यों को अंजाम देगी और असम को आगे ले जाएगी।

#### सोमनाथ संकल्प महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री योगी

# केवल मंदिरों की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में बसता है सनातन

वाराणसी, (हि.स.)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि 1000 वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी सहित अन्य विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर 17 बार आक्रमण कर उसके वैभव को खंडित करने का प्रयास किया था। क्योंकि उन्हें यह भ्रम था कि मूर्तियों को खंडित करके इसके वैभव को लूट कर भारत की सनातनी आत्मा को सदैव के लिए समाप्त कर सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद भारत की सनातनी परंपरा और सांस्कृतिक चेतना आज भी पूरी शक्ति के साथ जीवित है।

मुख्यमंत्री सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के त्रयंबकेश्वर बहुउद्देशीय हाल में आयोजित सोमनाथ संकल्प महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था की गौरव गाथा' के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर पर हुए विदेशी आक्रांताओं के हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि सिर्फ सोमनाथ महादेव मंदिर पर ही नही भारत के हजारों धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के साथ काशी विश्वनाथ धाम पर भी हमला हुआ। इसके बावजूद भारत की सनातनी परंपरा और सांस्कृतिक चेतना आज भी पूरी शक्ति के साथ जीवित है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, आज वे खुद मिट्टी में मिल चुके हैं।

### मुहम्मद गौरी और औरंगजेब जैसे आक्रांताओं को अब कोई नाम लेने वाला नहीं

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में कहा कि मुहम्मद गौरी और औरंगजेब जैसे आक्रांताओं का अब कोई नाम लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा यहां खड़ा किया, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाया। आक्रांता समझ ही नहीं पाए कि सनातन केवल मंदिरों की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में बसता है। भारत की चेतना आत्मा को अजर और अमर मानकर चलती है। यही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम दोनों ही भारत के इतिहास और सनातन संस्कृति की अदम्य शक्ति के प्रतीक हैं। सनातन संस्कृति पर आक्रमण तो हो सकते हैं, लेकिन उसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता। विनाश क्षणिक होता है, जबकि सृजन शाश्वत होता है।



### दुर्भाग्य से आज भी ऐसी कई शक्तियां है मौजूद

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आज भी ऐसी कई शक्तियां हैं, जो भारत के गौरव के प्रतीक इन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को आगे बढ़ते हुए देखना नहीं चाहतीं। इन्हीं लोगों ने सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनर्प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बाधा डाली थी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में भी इन लोगों ने बार-बार बाधा खड़ी करने का प्रयास किया था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को नई दिशा मिल रही

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को नई दिशा मिल रही है। इसका नतीजा यह है कि आज हम उन परंपराओं और मूल्यों को फिर से सम्मान दिला पा रहे हैं, जिन्हें करीब एक हजार साल पहले विदेशी आक्रांताओं ने नष्ट करने की कोशिश की थी। सोमनाथ महादेव के पुनर्प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर काशी विश्वनाथ में इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 72 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार




**पाटी(बड़वानी), निप्र।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर रोकथाम एवं आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी थाना प्रभारियों को सतत निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं डीएसपी (म.सु.) महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना पाटी क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। उनि. रामदास यादव थाना प्रभारी पाटी द्वारा बीट स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। दिनांक 11.05.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एकलव्य स्कूल रोड, ग्राम बुदी पहाड़ी के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री हेतु रख रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पाटी में अपराध क्रमांक 166/2026, धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 08 पेटी देशी प्लेन शराब, प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर, कुल 72 बल्क लीटर, कुल कीमत 30,400 की अवैध शराब विधिवत जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपी गुनेश पिता दुवारसिंग रावत, जाति बारेला, उम्र 38 वर्ष, निवासी पलासपानी फल्या, ग्राम बोरखेडी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही में उनि. रामदास यादव (थाना प्रभारी पाटी), सउनि दिलीप मुवेल, सउनि श्रीराम कमोरे, प्र.आर. 488 मौसम चौहान, आरक्षक 566 ज्ञानेश्वर एवं आरक्षक 688 बोबी की सराहनीय भूमिका रही।

### रविन्द्र भालसे बने जिला अध्यक्ष



**कसरावद, निप्र।** कसरावद निवासी एवं किट्टू ग्रुप के सीईओ रविन्द्र भालसे को अखिल भारतीय बलाई महासभा द्वारा खरगोन जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौर, प्रदेश महासचिव इंजी. अशोक मालवीय, प्रदेश प्रभारी दिनदयाल सावनेर तथा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी सावले की अनुशंसा पर की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रविन्द्र भालसे ने कहा कि वे समाज को एकजुट कर शिक्षा, युवा जागरुकता, सामाजिक उत्थान एवं संगठन विस्तार के क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करेंगे।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम




**बड़वानी, निप्र।** महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर वीणा सत्य के निर्देशन एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर रविंद्र बरडे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर राज नई प्रौद्योगिकी से संबंधित वेबीनार, विशेष व्याख्यान, ऑनलाइन क्वीज नई प्रजाति की से संबंधित नवाचार आदि विषयों पर विषय से संबंधित वक्ताओं ने अपनी बात रखी। प्रथम वक्ता डॉ. पंकज गुप्ता पॉलिटेक्निक महाविद्यालय देवास एवं द्वितीय वक्ता के रूप में डॉक्टर सूरज परवानी प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर ने इस राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक कौन एवं विभिन्न संख्याओं के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी सहभागिता की महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों के लिए एक बेबीनार आयोजन किया गया। बेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पंकज गुप्ता ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी बातों में वैज्ञानिक ज्ञान के रचनात्मक तथा व्यावहारिक उपयोग को समझाया। डॉ. सूरज परवानी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डाटा साइंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां दी। इन विषयों पर विद्यार्थियों को केरियर अवसरों के बारे में भी बताया। संयोजक डॉ. श्याम नाईक ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत सरकार द्वारा 11 में 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसी दिन भारत ने अपने पहले स्वचालित विमान हंस तथा त्रिशूल मिसाइल का परीक्षण भी किया था। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र बर्डे ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर महाविद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया और कहा भारत में पोखरण परमाणु अनुसंधान से ही परमाणु के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का एक सफल कदम स्थापित किया गया। IQAC प्रभारी डॉ. आशा साखी गुप्ता ने बताया कि आज हमारा देश नवीन तकनीक से संपन्न होता जा रहा है। डॉ. सपना सोनी ने वर्तमान समय में वेबीनार की प्रासंगिकता तथा उपयोगिता के बारे में जानकारी दी तथा टीम के सदस्यों को सफल बेवीनार आयोजित करने पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डाली परमार ने किया तथा आभार डॉ. कनु बडोले ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर अमरजेंसी सोलंकी डॉक्टर दतपाल सिंह भंवर, प्रोफेसर कीर्तिबाला मंडलोई, डॉक्टर शीला बघेल, डॉक्टर कंचन कन्नौजे, शाहिद विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर भव्या मित्तल की समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

**खरगोन, निप्र।** जनगणना कार्य को जिले में सर्वप्रथम पूर्ण करने पर टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा एसडीएम कसरावद सत्येंद्र बेरवा, कसरावद तहसीलदार मुकेश मचार, सीएमओ नगर परिषद कसरावद तथा सीएमओ नगर परिषद भीकनगांव को सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि कसरावद ग्रामीण क्षेत्र में कुल 481 HLB का कार्य पूर्ण किया गया, वहीं नगर परिषद कसरावद में 44 तथा नगर परिषद भीकनगांव में 27 HLB ब्लॉकों का जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने शेष चार्ज अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपने-अपने क्षेत्रों का जनगणना कार्य पूर्ण करें।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, इंदौर महापौर ने किया संबोधित

# भाजपा में आज तक वर्टिकल डिवाइड नहीं हुआ : भार्गव

विनय उजाला

**ठीकरी (बड़वानी), निप्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला बड़वानी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन ठीकरी नगर में किया गया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण वर्ग में दो दिनों के दौरान कुल 14 सत्र संपन्न हुए।

दूसरे दिन आठवें सत्र का शुभारंभ जिला अध्यक्ष अजय यादव, वर्ग के जिला प्रभारी परसराम चौहान, संगठन जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, धार जिले के वरिष्ठ नेता रमेश धाड़ीवाल, अमृतलाल अग्रवाल, जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह व सचिन चौहान ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों का पूजन और दीप प्रज्वलन कर किया।

**मोघे ने डॉ. मुखर्जी के कृतित्व पर डाला प्रकाश :** नौवें सत्र में 'हमारा सैद्धान्तिक अधिष्ठान' विषय पर इंदौर के पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी मोघे ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन व कृतित्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सत्र की अध्यक्षता कन्हैया सिसोदिया ने की।



**'बूथ जीते तो चुनाव जीते' का दिया मंत्र :** आठवें सत्र में 'कार्य विस्तार' विषय पर मुख्यवक्ता के रूप में धार जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश धाड़ीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्य विस्तार के दो भाग हैं : भौगोलिक व सामाजिक विस्तार। बूथ से प्रारंभ करके शक्ति केंद्र, मंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्र तक संगठन को ले जाना ही पन्ना प्रमुख का मंत्र है। उन्होंने समझाया कि अपने बूथ की मतदाता सूची के एक पन्ने में आगे व पीछे कुल 60 नाम होते हैं। उनसे रोज मिलना, राम राम करना, कार्यक्रमों में बुलाना और मतदान के दिन बूथ तक लेकर जाना जरूरी है। 'बूथ पर हमारी पकड़ मजबूत है तो चुनाव जीतना आसान हो जाता है,' उन्होंने कहा। सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर काम करना सामाजिक विस्तार है। बैठक करना, चिंतन करना, प्रवास करना और कार्यक्रम करना हमारा मूल स्वभाव है। इसी कार्य विस्तार के कारण प्रधानमंत्री विश्व के सबसे बड़े नेता बने हैं। इस सत्र की अध्यक्षता अमृतलाल अग्रवाल ने की।

**इंदौर महापौर भार्गव ने किया संबोधित :** दसवें सत्र में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 'कार्य पद्धति' विषय पर कहा कि आजादी के बाद से भाजपा में कोई वर्टिकल डिवाइड नहीं हुआ। भाजपा को तोड़कर नई पार्टी बनाने का काम कभी नहीं हुआ। ऐसा मजबूत कार्य पद्धति के कारण है। प्रशिक्षण से मन बनता है, और बार बार वही काम करने से वह पक्का होता जाता है।

इस सत्र की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह दरबार ने की। ग्यारहवें सत्र में खंडवा-बुरहानपुर लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने 'अपनी सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं और क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका' विषय पर कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक जनहितैषी योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं को बनाने से लेकर क्रियान्वयन में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने की।

- दसवें सत्र में पहुंचे इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव
- 14 सत्रों में कार्यकर्ताओं को मिला बूथ प्रबंधन और संगठन विस्तार का मंत्र

प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र में 'देश के समक्ष सामाजिक एवं राजनीतिक चुनौतियां' विषय पर लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद और नक्सलवाद पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार इन सभी चुनौतियों से कैसे निपट रही है। इस सत्र की अध्यक्षता पानसेमल विधायक श्याम बरडे ने की। समापन सत्र- समापन सत्र में मुख्यातिथि रहे राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ के लिए संजीवनी है, जो निश्चितरूप से भाजपा संगठन को बूथ, शक्तिकेन्द्र, मण्डल व जिला स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, वर्ग संभाग प्रभारी कल्याण अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, अंतर सिंह पटेल, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण और वरिष्ठजन सहित सैकड़ों अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री भागीरथ कुशवाह ने किया तथा आभार प्रदर्शन सचिन चौहान ने किया।

## नर्मदा में नहीं थम रहा मौत का खेल, महेश्वर घाट पर 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

विनय उजाला

**महेश्वर, निप्र।** धार्मिक एवं पर्यटन नगरी महेश्वर में नर्मदा घाटों पर हो रहे हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को महिला घाट पर नहाने के दौरान 12 वर्षीय एक मासूम बालक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद घाट क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। लगातार सामने आ रही डूबने की घटनाओं ने एक बार फिर घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

थाना मानपुर जिला इंदौर अंतर्गत ग्राम आशुखेड़ी सिलौटिया से करीब 15 से 17 लोगों का समूह महेश्वर घूमने और नर्मदा स्नान करने के लिए आया था। सभी लोग महिला घाट पर स्नान कर रहे थे। इसी दौरान 12 वर्षीय कृष्ण पिता संजय नहाते-नहाते सीढ़ियों के पास गहरे पानी की ओर चला गया। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पानी में डूब गया।



बच्चे को डूबता देख परिजनों और आसपास मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और तत्काल तलाश शुरू की गई। काफी प्रयासों के बाद गोताखोरों ने बच्चे को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन और स्थानीय लोग तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर लेकर पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

**फरार आरोपी पर 2000 रु. का इनाम : सेंधवा(बड़वानी)।** जिले में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल (भा.पु.से.) द्वारा थाना सेंधवा शहर के एक फरार आरोपी पर नगद ईनाम घोषित किया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत फरार आरोपी पप्पु पिता मिच्चु सिंह सिकलीगर, निवासी उंडीखोदरी, थाना पलसूद की गिरफ्तारी हेतु 2,000 (दो हजार रुपये) का नकद इनाम घोषित किया गया है।

## महेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था बदहाल

# बिजली गुल होते ही वार्डों में मचा हड़कंप टॉर्च की रोशनी में हुआ मासूम का इलाज

विनय उजाला

**महेश्वर, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल में अचानक बिजली व्यवस्था ठप हो जाने से वार्डों में भर्ती मरीजों की हालत बेहाल हो गई, सोमवार को ड्रेसिंग रूम में एक छोटे मासूम बच्चे का इलाज मोबाइल टॉर्च की रोशनी में करना पड़ा। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं और आपातकालीन तैयारियों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार अस्पताल में तकनीकी खराबी आने के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। बिजली जाते ही अस्पताल में अंधेरा छा गया और वार्डों में भर्ती मरीजों तथा उनके परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भीषण गर्मी और उमस के बीच मरीज परेशान होते रहे। कई मरीजों के परिजन हाथ से हवा करते नजर आए तो कुछ लोग अस्पताल स्टाफ से व्यवस्था सुधारने की मांग करते दिखाई दिए।



इसी दौरान उपचार के लिए पहुंचे एक छोटे बच्चे की ड्रेसिंग एवं प्राथमिक उपचार ड्रेसिंग रूम में टॉर्च की रोशनी में करना पड़ा। अस्पताल स्टाफ मोबाइल टॉर्च की मदद से इलाज करता दिखाई दिया। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने वीडियो और फोटो भी बनाए, जो अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अस्पताल में 10 किलोवाट का सोलर प्लांट और 25 किलोवाट का जनरेटर उपलब्ध होने के बावजूद बिजली व्यवस्था समय पर बहाल क्यों नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का आरोप है कि रखरखाव में लापरवाही के कारण दोनों बैकअप सिस्टम समय पर काम नहीं कर पाए, जिससे मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

समाजसेवी मनोज पाटीदार ने मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि '10 किलोवाट का सोलर पैनल और 25 किलोवाट का जनरेटर होने के बावजूद यदि भीषण गर्मी में अस्पताल अंधेरे में डूबा रहे तो यह शहरवासियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को शीतल पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसी कई समस्याओं के बीच महेश्वर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद वेंटिलेटर पर दिखाई दे रहा है।'

घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली व्यवस्था बहाल नहीं होती तो गंभीर मरीजों की जान पर भी बन सकती थी। लोगों ने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मामले में बीएमओ डॉ. अतुल गौड़ ने बताया कि तकनीकी कारणों से कुछ समय के लिए समस्या उत्पन्न हुई थी। सूचना मिलते ही सुधार कार्य कराया गया और बाद में बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई। हालांकि इस घटना ने अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य विभाग के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

## कलेक्टर ने युवा संगम रोजगार मेले के सफल आवेदकों से मिलकर बढ़ाया उत्साह

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित युवाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर जयति सिंह ने युवा संगम रोजगार मेले के माध्यम से चयनित हुए सफल आवेदकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने युवाओं के संघर्ष से लेकर चयन तक के सफर की जानकारी ली और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित किया।



कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि युवाओं का निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन उनके कौशल और कड़ी मेहनत का परिणाम है। निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे प्रतिभा सिन्टेक्स, एलआईसी बीमा सखी, महिमा फायबर्स प्रायवेट लिमिटेड, न्यू झील फैशन, आयशर एवं अन्य क्षेत्र में कार्यरत युवा सम्मिलित हुए। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का हर हाथ काम से जुड़े। इसी कड़ी में कल 12 मई 2026 को पुनः रोजगार मेले का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में किया जा रहा है।

**जे.ए.ई.एस. प्रोजेक्ट भोपाल में**

- 108 एम्बुलेंस के लिए 30 पुरुष वाहन चालकों की आवश्यकता है (योग्यता 10वीं पास और वैध HMV/LMV लाइसेंस, वेतन 15 हजार रूपये)।
- 10 ईएमटी पदों पर भर्ती होगी (योग्यता GNM. B-Sc नर्सिंग, ANM या B-Pharma, वेतन 18 हजार से 25 हजार रूपये)।

**भारत मार्ट, बड़वानी में**

- 03 कंप्यूटर ऑपरेटर के पद (12वीं पास और कंप्यूटर डिप्लोमा, वेतन 6, हजार रूपये)।
- 04 सेल्समेन एग्जीक्यूटिव के पद (12वीं पास, वेतन 6 हजार रू.)।

## प्रौद्योगिकी ऐसी हो जो मानवीय संवेदना के साथ आवश्यकता की पूर्ति करे : डॉ. पंडित

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** शहर के शासकीय आदर्श महाविद्यालय में 11मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन विज्ञान संकाय के तत्वावधान में संपन्न करवाया गया। विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. आकाश एस्के ने शिक्षा प्रणाली को 2077 की दृष्टि से अतीत से भविष्य तक के सफर में टेक्नोलॉजी के योगदान पर वीडियो बेस्ड व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित ने कहा हमें सतर्क रहना होगा कि प्रौद्योगिकी का विकास मानवीय संवेदनाओं के पक्ष को साथ में रखते हुए आधुनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करें। डॉ. बी.एस. मुजाल्दा, डॉ. प्रिया बघेल, डॉ. लखन परमार, डॉ. रितेश भावसार, डॉ. अलकेश मुवेल ने संबोधित किया। क्विज में पीयूष मंडलोई, शीतल बन्दोंड, सारिका धनगर विजयी रहे। संचालन डॉ. पूजा मंडलोई ने किया।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

# दायित्व निर्वहन में रखें पारदर्शिता, जवाबदेहिता : जयति सिंह

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त अधिकारियों को सौंपे गए। शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेहिता के साथ सुनिश्चित करें। बैठक के दिए गए निम्नलिखित मुख्य निर्देश इस प्रकार हैं-




जल संचय जन भागीदारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों, विशेषकर तालाब गहरीकरण, बोरी बन्धान, हैण्डपम्प रिचार्ज और सीएसआर के तहत जल संरक्षण के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पेयजल व्यवस्था हेतु पीएचई विभाग को निर्देशित किया गया कि पाटी क्षेत्र जैसे दुर्गम इलाकों में क्रॉउलर मशीन के माध्यम से पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने पुनः सर्वेक्षण कर लक्ष्य में आवश्यक बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में पेयजल संकट न हो।

कृषि एवं उपार्जन प्रबंधन के लिए सम्बंधित विभागों को उपार्जन केंद्रों से गेहूं का उठाव तत्काल करने तथा चना एवं मक्का खरीदी का भुगतान समय-सीमा में सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए साथ ही समस्त एसडीएम को नियमित रूप से मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग को आगामी फसलों के लिए उर्वरक का अग्रिम उठाव सुनिश्चित करवाये और किसानों को बोनी हेतु पर्याप्त बीज उपलब्धता के निर्देश दिए गए।

राजस्व विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए गए। पीएम किसान योजना, स्वामित्व योजना और फार्मर आईडी के तहत शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को लाभ मिल सके।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मातृ-शिशु मृत्यु दर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि कम वजन वाली गर्भवती महिलाओं का चिह्नांकन एलेन सी पंजीयन के साथ ही कर लें। साथ ही उनकी कम से कम 4 एएनसी जांच सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत आवश्यक पोषण वितरण एवं घर-घर जाकर काउंसलिंग करने के निर्देश दिए।

## जिला एवं संभाग में अव्वल कसरावद नगर परिषद

# जनगणना 2027 के 44 गणना ब्लॉकों का कार्य रिकॉर्ड समय में किया पूरा

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को लेकर कसरावद नगर परिषद ने जिले एवं संभाग में प्रथम स्थान हासिल कर नई उपलब्धि दर्ज की है। नगर परिषद ने 44 गणना ब्लॉकों का कार्य तय समय-सीमा में पूरा कर प्रशासनिक दक्षता और बेहतर टीम समन्वय की मिसाल पेश की। रविवार को नगर के वार्ड 4 मे मैदानी अमला सहित इस जुड़े सदस्यों का सम्मान करने एसडीएम सत्येंद्र बेरवा पहुंचे। उन्होंने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने प्रशंसनीय कार्य किया है। जिससे अच्छी सफलता मिली है।



कलेक्टर भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने सीएमओ कमलेश गोले व इस कार्य में सहयोगियों का सम्मान करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को समय पर पूरा करने के लिए सभी का समर्पित होना जरूरी है। चार्ज अधिकारी तहसीलदार मुकेश मचार एवं सीएमओ कमलेश गोले के नेतृत्व में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। लगातार मॉनिटरिंग, प्रभावी प्रशिक्षण और सुनियोजित रणनीति के चलते जनगणना कार्य ने तेज गति पकड़ी और रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ। जनगणना कार्य प्रभारी विजय वर्मा, हमीद खान, आरिफ खान एवं लोकेश मुकाती ने मैदानी अमले के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सम्मानित कर शुभकामनाएँ भी दी गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### वन्यजीव संरक्षण में नए आयाम स्थापित कर रहा मध्यप्रदेश : डॉ. यादव

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेशवासियों को 'प्रोजेक्ट चीता' के रूप में बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश वन्यजीव संरक्षण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। चीता पुनर्वास के लिए श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में सोमवार को दो मादा चीतों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। प्रदेश सरकार की इस पहल से प्रदेश में जारी प्रोजेक्ट चीता को विस्तार और नई रफ्तार मिली है, यह कदम वन्यजीवों के साथ हमारी सहअस्तित्व की भावना को प्रकट करता है। बोत्सवाना से चीतों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी तथा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का भी आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण में अग्रणी मध्यप्रदेश में अब 5000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीते मुक्त विचरण करते हुए अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में राज्य में चीतों की संख्या बढ़कर 57 हो चुकी है, चीते अब परिवार की तरह घुल-मिलकर रहने लगे हैं। प्रदेश के श्योपुर, कूनो, पालनपुर, राजगढ़ सहित मालवा और चंबल के क्षेत्र में चीते विचरण करते नजर आते हैं। कई बार तो ये मध्यप्रदेश से राजस्थान तक फर्राटा भरते हैं। उल्लेखनीय है कि इन चीतों के आगमन के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या, देश में जन्मे शावकों सहित, बढ़कर 57 हो गई है।

### आधुनिक तकनीकों ने बदली किसान केहर सिंह चौहान की जिंदगी, दो माह में आय 10 हजार से बढ़ कर हुई दो लाख

**भोपाल,निप्र।** टीकमगढ़ जिले के विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम बनपुरा खुर्द के प्रगतिशील किसान केहर सिंह चौहान ने आधुनिक खेती अपनाकर यह साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और नई तकनीकों के उपयोग से खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। पहले वे परंपरागत तरीके से एक एकड़ में गेहूं की खेती करते थे, जिससे लगभग छह माह में केवल 30 से 35 हजार रुपये की आय होती थी। सीमित आमदनी के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो रहा था। इसके बाद उन्होंने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया। राज्य के बाहर कृषि भ्रमण के दौरान उन्होंने तरबूज सहित उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती के बारे में जानकारी ली। वापस आकर उन्होंने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक का उपयोग करते हुए तरबूज की खेती शुरू की। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से मात्र दो माह में ही एक एकड़ से लगभग 2 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया। अब वे लगभग 8 एकड़ भूमि पर तरबूज, टमाटर, बैंगन और ककड़ी जैसी उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे हैं। उनके खेत से सीधे उत्पाद की बिक्री हो रही है तथा लगभग 10 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। केहर सिंह चौहान आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। उनका मानना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



### ई-प्रवेश में विद्यार्थियों का बढ़ा उत्साह, आंकड़ा पहुंचा 1.10 लाख के पार

**भोपाल,निप्र।** उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिनों में पंजीयन की गति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सोमवार 11 मई 2026 तक कुल पंजीयन का आंकड़ा 1,10,079 तक पहुंच गया है। स्नातक पाठ्यक्रमों में 71,716, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 15,273 तथा एनसीटीई पाठ्यक्रमों में 23,090 पंजीयन प्राप्त हुए हैं। विद्यार्थियों द्वारा चॉइस फिलिंग में भी तेजी देखी जा रही है। 75,017 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम चयनित किए हैं। वहीं 56,240 आवेदनों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क, मार्गदर्शन एवं दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित की है। अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों में ई-प्रवेश प्रक्रिया के प्रति सकारात्मक वातावरण बना है। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2026 से पूर्व अपनी प्रवेश संबंधी समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर लें। स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम चरण की आवंटन सूची क्रमश: 20 एवं 21 मई 2026 को जारी की जाएगी।

### बर्खास्त जारोलिया के विरुद्ध कंपनी ने दर्ज कराई एफआईआर

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 'मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना' के क्रियान्वयन में पाई गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई करते हुए बर्खास्त संविदा सहायक अभियंता अवनीश जारोलिया के विरुद्ध थाना मकरोनिया, जिला सागर में एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जारोलिया सागर के एस.टी.सी. उपसंभाग में पदस्थ थे तथा उन्हें उपसंभाग-2 का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। योजना के अंतर्गत सामग्री आहरण एवं कार्यों के निष्पादन में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्यालय स्तर से गठित तीन सदस्यीय जांच समिति द्वारा मामले की जांच की गई। जांच में पाया गया कि बिना विधिवत कार्यादेश जारी हुए क्षेत्रीय भंडार सागर से लगभग 73 लाख रुपये मूल्य की सामग्री आहरित की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रियों से कहा

# पीएम मोदी ने वैश्विक संकट से निपटने के लिए की महत्वपूर्ण अपील

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान वैश्विक संकट के दृष्टिगत नागरिकों से राष्ट्र हित में बचत के विभिन्न उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह किया है कि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। वर्क फ्रॉम होम और वर्चुअल मीटिंग को बढ़ावा दें। ऑनलाइन और वर्चुअल वीडियो कांफ्रेंस जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई अपील और दिए गए सुझावों के पालन के लिए नागरिकों से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर रहे थे।**



### राष्ट्रहित में सुझावों पर अमल करने का आग्रह

■ डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह किया है कि वैश्विक संकट और सप्लाई चैन की चुनौतियों को देखते हुए उनके सुझावों को अपनाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से डीजल पंप के स्थान पर सोलर पंप के उपयोग करने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाकर प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह भी किया है। इससे पेट्रोलियम पदार्थ और उर्वरक के आयात में कमी आएगी। वर्तमान वैश्विक संकट में माल ढुलाई के लिए भी अधिक से अधिक रेलवे की गुड्स ट्रेन सेवाओं का उपयोग करने का आग्रह किया गया है।

■ डॉ. यादव ने कहा कि आमजन सार्वजनिक परिवहन सेवा का उपयोग कर या इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर ईंधन बचाने का के कार्य में सहयोग करें। प्रधानमंत्री जी के आग्रह के अनुसार इस संकट काल में कम से कम 1 वर्ष विदेश जाने की योजना भी स्थगित की जाना चाहिए। देश के अंदर देश के ही पर्यटक स्थलों के भ्रमण का आग्रह किया गया है। साथ ही नागरिकों से एक वर्ष तक सोना न खरीदने का भी पालन करने की अपेक्षा की गई है।

### ग्रामीण विकास के नए प्रकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 10 मई को सीहोर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रकल्पों के शुभारंभ का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन के 25 वर्ष हो रहे हैं। प्रदेश में 1763 करोड रुपए से 2117 किलोमीटर लंबी 973 सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। इससे लगभग 1000 बसाहट के लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएम जनमन योजना में 384 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिससे 168 बसाहटों के लोग प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। प्रदेश में ग्रामीण विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण स्वीकृतियां हैं।

### गेहूं उपार्जन में प्रदेश सबसे आगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लगभग 10 लाख से अधिक किसानों से उपार्जन कर मध्यप्रदेश सभी प्रांतों से आगे है। अभी तक किसानों से 63 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। 19 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाए, 14.83 लाख किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। छोटे-मझौले किसानों को पूरा लाभ मिल रहा है। प्रतिदिन औसतन चार लाख मी. गेहूं का उपार्जन हो रहा है। इस तरह मध्यप्रदेश अपने ही बनाए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा

डॉ. यादव ने मंत्रीगण को सोमनाथ विरासत के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सोमनाथ यात्रा के संबंध में जानकारी दी। भोपाल से 7 मई को स्वाभिमान यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुजरात के प्रभास पाटन में सोमनाथ मंदिर के निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा 8 से 11 मई तक आयोजित की गई।

### उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण

डॉ. यादव ने कहा कि उच्च तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण में मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा कवच अब और अधिक सशक्त हो रहा है। भारत रक्षा क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

### नागदा-मथुरा तीसरी और चौथी लाइन परियोजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागदा - मथुरा तीसरी और चौथी रेल लाइन की स्वीकृति का निर्णय मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है, इसके लिए प्रदेशवासी केंद्र सरकार के प्रति आभारी रहेंगे।

## आज से शुरू हो रहा 'हर घर योग अभियान'

# स्वस्थ, निरोगी रहने के साथ योग से अपार क्षमताएं करें जागृत : सीएम

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व योग दिवस के लिए मध्यप्रदेश आयुष विभाग एक विशेष अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली और निरोगी काया के लिए योग को सर्वोत्तम उपाय बताया है। यूनेस्को ने 21 जून को 'विश्व योग दिवस' घोषित किया है। मध्यप्रदेश आयुष विभाग ने योग को घर-घर तक पहुंचाने के लिए स्कूल और कॉलेज में एक अनुकरणीय अभियान प्रारंभ किया है। हर उम्र के लोग योगाभ्यास के लिए प्रेरित हों, इसके लिए राज्य सरकार ने योग-सखी और योग-दूत तैयार कर आगे बढ़ाने का निर्णय भी लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 12 मई से 'हर घर योग अभियान' प्रारंभ हो रहा है। अभियान में 800 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र और सभी चिकित्सालयों में पदस्थ योग शिक्षक 10-15 नागरिकों के छोटे समूहों में योगाभ्यास करवाएंगे। प्रदेशवासियों को योग से जोड़ने के लिए 21 जून तक यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंडित खुशीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज, भोपाल के मास्टर ट्रेनर स्टूडियो से 45 मिनट के लाइव योग सेशन करेंगे। यह अभियान विश्व योग दिवस तक निरंतर जारी रहेगा। निरोगी रहने के साथ-साथ अपनी अपार क्षमताओं को योग के माध्यम से जागृत किया जा सकता है। डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से घर-घर और जन-जन तक योग को पहुंचाने के लिए मिलकर योगाभ्यास करने और निरोग रहने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर भोपाल में आज होगा इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव

भोपाल में जुटेंगे फ्रांस की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि

विनय उजाला



■ मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं को लेकर फ्रांसीसी उद्योग जगत के साथ होगा मंथन

■ एग्री, ईवी, टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी और स्किल सेक्टर्स पर रहेगा फोकस

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे वैश्विक निवेशकों से संवाद

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने उद्योग, अधोसंरचना, नीति सुधार, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेंट और निवेश सुविधा के क्षेत्र में जिस तेज गति से कार्य किया है, उसने दुनिया की बड़ी कंपनियों का ध्यान राज्य की ओर आकर्षित किया है। फ्रांस की प्रतिष्ठित कंपनियों और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भोपाल में मौजूदगी इसी बढ़ते विश्वास का संकेत मानी जा रही है।

भोपाल में 12 मई को होने जा रहे इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव ऐसे समय में हो रहा है, जब मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश मानचित्र पर लगातार मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में यह आयोजन केवल एक निवेश बैठक नहीं, बल्कि उस बदलती औद्योगिक सोच और वैश्विक संवाद का विस्तार है। इसमें मध्यप्रदेश अब निवेश प्राप्त करने वाले राज्य की भूमिका से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक साझेदारियों का सक्रिय केंद्र बन रहा है। इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में फ्रांस के राजदूत, फ्रांसीसी उद्योग जगत के प्रतिनिधि, वैश्विक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और प्रदेश के उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच दीर्घकालिक औद्योगिक, तकनीकी और संस्थागत साझेदारी होगी। इससे राज्य सरकार फ्रांसीसी कंपनियों को मध्यप्रदेश के औद्योगिक वातावरण, निवेश संभावनाओं, नीति समर्थन और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक इको-सिस्टम से अवगत कराएगी। कार्यक्रम में एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल एवं ईवी, कंज्यूमर गुड्स एवं रिटेल, डिफेंस एवं एविएशन, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस, रिन्यूएबल एनर्जी, टेक्सटाइल, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा। इन सेक्टर्स में मध्यप्रदेश को उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार का प्रयास केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश को तकनीक, नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और सतत औद्योगिक विकास आधारित साझेदारी के मॉडल के रूप में स्थापित करना है।

## मध्यप्रदेश की बेटियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का गौरव बढ़ाया

# प्रथा राठौड़ ने जीता कांस्य, सीनियर महिला टीम को मिला रजत पदक

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में आयोजित '24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल इवेंट्स)' के अंतर्गत आज 50 मीटर राइफल प्रोन (वुमेन) स्पर्धाओं का सफल एवं रोमांचक आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से आई महिला निशानेबाजों ने उच्च स्तरीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा, एकाग्रता एवं तकनीकी दक्षता का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। अकादमी की युवा निशानेबाजों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।



50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर महिला वर्ग में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कु. प्रथा राठौड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। प्रथा ने प्रतियोगिता में 617.6 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। पूरे मुकाबले के दौरान उन्होंने निरंतर संतुलित एवं प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपनी तकनीकी दक्षता और मानसिक मजबूती का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल अकादमी बल्कि पूरे मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

50 मीटर राइफल प्रोन सीनियर महिला टीम स्पर्धा में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रदेश की टीम ने कुल 1853.1 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। टीम में एशियन गेम्स पदक विजेता आशी चौकसे, अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सुनिधि चौहान एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नूपुर कुमरावत शामिल रहीं।

### खिलाड़ियों का सम्मान

इस अवसर पर नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव राजीव भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने एवं बड़े मंचों के लिए तैयार होने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं।

### मंत्री सारंग ने दी बधाई

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा खेल अधोसंरचना एवं अकादमियों को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# दुर्लभ जलीय वन्यजीव तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश में वन एवं वन्यजीव संरक्षण को लेकर लगातार प्रभावी और परिणामोन्मुखी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में वन अपराधों पर नियंत्रण और जैव-विविधता संरक्षण के लिए आधुनिक तकनीक, अंतर्राज्यीय समन्वय तथा अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से कार्रवाई को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने दुर्लभ जलीय वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

> इंटरपोल मुख्यालय फ्रांस ने तस्कर तालुकदार के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस किया जारी

एसटीएसएफ द्वारा की गई विस्तृत जांच और एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर इंटरपोल मुख्यालय फ्रांस ने बांग्लादेश के फरार आरोपी अल हज शफीकुल इस्लाम रहमान तालुकदार उर्फ रेमंड तालुकदार के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध मध्यप्रदेश की सक्रिय और प्रभावी रणनीति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी मान्यता के रूप में देखी जा रही है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने जुलाई-2025 में मुरैना जिले में कार्रवाई करते हुए घड़ियाल के 30 बच्चे, 17 रेड-क्राउन्ड रूफ्ड टर्टल तथा 19 थ्री-स्ट्राइप्ड रूफ्ड टर्टल बरामद किए थे। इस मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना में सामने आया कि यह संगठित गिरोह दुर्लभ जलीय वन्यजीवों की तस्करी कर पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजता था, जहां से इन्हें म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया सहित दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों में सप्लाई किया जाता था।

## सुरक्षा, सेवा और समर्पण : RPF अहमदाबाद मंडल की वर्ष 2025-26 की उल्लेखनीय उपलब्धियां

# ऑपरेशन 'अमानत' से 'जीवन रक्षा' तक, सुरक्षा के मोर्चे पर RPF अहमदाबाद का उत्कृष्ट प्रदर्शन

विनय उजाला

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल का रेलवे सुरक्षा बल (RPF) यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा और स्टेशनों पर सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। अहमदाबाद मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, यात्री सहायता तथा मानवीय सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, रेलवे संपत्ति की रक्षा करने तथा रेलवे परिसरों में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए लगातार सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्य किया। इसके साथ ही RPF कर्मियों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जरूरतमंद यात्रियों, बच्चों एवं महिलाओं की सहायता कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

**रेलवे अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई :** वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान RPF अहमदाबाद मंडल द्वारा रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 29,276 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 40 लाख का जुर्माना वसूल किया गया। यह कार्रवाई रेलवे परिसरों में अनुशासन बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।





**ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों को लौटाया खोया सामान :** यात्रियों द्वारा रेलवे स्टेशन अथवा ट्रेनों में भूलवश छोड़े गए अथवा खोए हुए सामान को खोजकर उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन अमानत के तहत RPF अहमदाबाद मंडल ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस दौरान 1,58,51,286 रु. मूल्य के 462 लावारिस अथवा खोए हुए सामान बरामद किए गए तथा आवश्यक सत्यापन के बाद उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया।

### ऑपरेशन रेल सुरक्षा के तहत बड़ी सफलता

रेलवे संपत्ति ( अवैध कब्जा ) अधिनियम [RP(UP) Act] के अंतर्गत दर्ज 49 मामलों में से 46 मामलों का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। इन मामलों में रेलवे संपत्ति की चोरी, अवैध कब्जा एवं तस्करी जैसी गतिविधियों में शामिल 114 बाहरी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। RPF की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई के कारण रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हुई तथा संगठित अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकी।

### ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के माध्यम से अपराधियों पर शिकंजा

यात्रियों के सामान चोरी (TOPB) से संबंधित 49 आरोपियों को गिरफ्तार कर GRP को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 73 आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु GRP के हवाले किया गया। यह कार्रवाई रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अपराधियों में भय का वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

■ **ऑपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक :** RPF अहमदाबाद मंडल ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन नारकोस के तहत 4 मामलों का पता लगाया। इन मामलों में 4,35,310/- मूल्य के नारकोटिक्स बरामद किए गए तथा 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई रेलवे परिसरों को नशामुक्त एवं सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

■ **ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत बचाई गई जानें**

RPF कर्मियों ने सतर्कता एवं त्वरित प्रतिक्रिया का परिचय देते हुए प्लेटफॉर्म गैप, चलती ट्रेन अथवा अन्य दुर्घटनात्मक परिस्थितियों में फंसे 11 पुरुषों एवं महिलाओं की जान बचाई। ऑपरेशन जीवन रक्षा के अंतर्गत किए गए इन साहसिक कार्यों ने RPF की तत्परता एवं मानव जीवन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय में जारी है ऑन जॉब ट्रेनिंग




**कन्नौद, निप्र।** नगर के शास.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्नौद में शासन द्वारा छात्राओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा के दो पाठ्यक्रम ब्यूटी वेलनेस और हेल्थकेयर चल रहे हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्म अवकाश में रोजगार परक व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के लिए दोनों ट्रेड में 20 दिवसीय 'ऑन जॉब ट्रेनिंग' (ओजीटी) का आयोजन विद्यालय में जारी है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य रामभरोस परमार ने बताया कि 1 मई से 20 मई तक संचालित किए जा रहे इस विशेष प्रशिक्षण में कक्षा 10 व 12 की दोनों ट्रेड की छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण में ब्यूटी वेलनेस की व्यावसायिक प्रशिक्षिका ज्योति चौरे के द्वारा छात्राओं को ब्यूटी पार्लर की विस्तृत जानकारी, हेयर स्टाइल, फेशियल, मेकअप, मेडिकेयर, वैक्सीनेशन, पेडीक्योर आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार हेल्थकेयर के व्यावसायिक प्रशिक्षक पवन वर्मा द्वारा भी छात्राओं को मरीजों की देखभाल, इंजेक्शन लगाना, ड्रेसिंग (पट्टी बाँधना), ब्लड प्रेशर नापना, शुगर की जाँच, ड्रिप लगाना आदि का प्रशिक्षण बी एम ओ डॉ. लोकेश मीणा के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है। समय समय पर सिविल हॉस्पिटल कन्नौद का भ्रमण करवाकर मार्गदर्शन भी लिया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया हो रहा है। छात्राओं में आत्मनिर्भरता और व्यावसायिक कौशल के प्रति गहन प्रशिक्षण हेतु आयोजित इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर रही छात्राओं ने बताया कि परंपरागत पढ़ाई के अलावा इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर हमें एक उत्तम मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है और हम अपने स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं।

### बिना पीयूसी 21 वाहनों से 1.05 लाख का राजस्व वसूला



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी अधिकारी निशा चौहान द्वारा देवास शहर में इण्डस्ट्रीयल एरिया में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान परिवहन अधिकारी द्वारा मालवाहक वाहनों के फिटनेस परमिट, बीमा और पीयूसी संबंधी दस्तावेजों का गहन सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पीयूसी प्रमाण-पत्रों की विशेष जाँच की गई। जांच कार्यवाही में लगभग 74 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 01 लाख 05 हजार का शमन शुल्क वसूल किया गया। जांच कार्यवाही के दौरान परिवहन अधिकारी द्वारा वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि वे निर्धारित दस्तावेजों एवं पीयूसी प्रमाण-पत्र होने पर ही वाहन का संचालन करें एवं ओव्हरलोड तथा ओव्हर स्पीडिंग ना करें अन्यथा वाहन पर चालानी कार्यवाही के साथ ही उनके चालक लायसेंस निलम्बन संबंधी कार्यवाही भी की जायेगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी निरन्तर जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध की जा रही है सख्त कार्यवाही**

### 15 प्रगणकों द्वारा 100 प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण



**सोनकच्छ, निप्र।** जनगणना निर्देशालय भोपाल के निर्देश अनुसार 1 मई 2026 से मकान सूचीकरण का कार्य प्रगणकों व पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत प्रत्येक प्रगणकों को आवंटित एचएलबी में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाना था। इस संबंध में तहसील सोनकच्छ अंतर्गत 232 प्रगणकों में से 15 प्रगणकों द्वारा 100 प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य कर लिया गया है तहसीलदार व चार्ज अधिकारी नेहा शाह द्वारा तहसील कार्यालय में संबंधित प्रगणकों को पुष्पमाला व गिफ्ट प्रदान कर सम्मान किया गया। शाह द्वारा चंदरसिंह कुशवाहा, ममता भाट, राजेंद्र वर्मा, राजेंद्र कुशवाह, दिलीपसिंह मालवीय, बाबूलाल मालवीय, शिवम चौहान, विष्णु प्रसाद कुशवाहा, प्रताप सिंह मालवीय, रामेश्वर देवड़ा, प्रियंका व्यास, उपमन्यु ठाकुर, कुलदीप गोयल, लाखन सिंह सेंधव आदि का सम्मान किया गया। जानकारी जनगणना प्रभारी धीरज सिंह राजपूत ने दी। इस अवसर पर पुष्पेंद्र पाठक, मनीषा खत्री, आरती नायक, दिनेश सिंह मालवीय,अजय कटियार,तेजसिंह सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक घायल



**शाजापुर, निप्र।** नेशनल हाईवे-52 पर देर रात एक अज्ञात ट्रक ने गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें भरा करीब 40 क्विंटल गेहूं सड़क पर बिखर गया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 1 बजे ग्राम टुकराना निवासी ट्रैक्टर चालक मदनलाल पिता सिद्धूनाथ अपने गांव से गेहूं लेकर सुनेरा स्थित उपार्जन केंद्र जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे चालक मदनलाल को चोटें आईं। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन में लापरवाही न हो: सिंह

## कलेक्टर ने कहा एसडीएम एवं खंड चिकित्सा अधिकारी की संयुक्त टीम झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध करे कार्यवाही

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं के ए.एन.सी. पंजीयन में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में एक विशेष अभियान चलाकर प्रथम तिमाही में ही शत-प्रतिशत पंजीयन का लक्ष्य हासिल करें। कलेक्टर सिंह ने जोर देकर कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए ताकि कोई भी गर्भवती महिला ए.एन.सी. पंजीयन में छूटने न पाए।

कलेक्टर सिंह ने जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को सतत प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान समय रहते की जाए और उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श व संस्थागत प्रसव की सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन महिलाओं की डिलीवरी की तारीख नजदीक है, उन्हें समय से पहले अस्पताल में भर्ती कराया जाये। जिससे डिलीवरी के समय होने वाली भागदौड़ और तनाव से बचा जा सकेगा। अस्पताल के सुरक्षित वातावरण और चिकित्सा कर्मियों की मौजूदगी से गर्भवती महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे मानसिक रूप से तैयार रहती हैं। यदि प्रसव के दौरान या उससे पहले कोई जटिलता आती है, तो डॉक्टर तुरंत सहायता प्रदान कर सकेंगे, जिससे जोखिम कम हो जाएगा। केंद्रों पर पर्याप्त इंतजाम होने से मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि प्रति सप्ताह 4 चिकित्सा अधिकारियों एवं 4 नर्सिंग ऑफिसर्स की जिला चिकित्सालय में स्थित एसएनसीयू में एक-एक हफ्ते की ड्यूटी लगाई जाए, जहां वे इस संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करें। कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि एसएनसीयू का चाइल्ड रेफर व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और उसमें सभी सम्बंधितों को जोड़ें। एसएनसीयू में ड्यूटी डॉक्टर्स के मोबाइल नंबर प्रसव केंद्रों तक सभी को शेयर करें ताकि गर्भवती महिलाओं में प्रसव के दौरान होने वाली किसी भी समस्या के संबंध में तत्काल निर्देश प्राप्त हो सके और उन्हें प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षित सेवाएं दी जा सकें।

कलेक्टर सिंह ने शिशु मृत्यु के कारणों में दूध अटकने से होने वाली मृत्यु को कम करने की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि गांव की महिलाओं जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, उनकी माताओं को सुरक्षित एवं आरामदायक वातावरण में किस प्रकार स्तनपान कराया जाए इसका प्रशिक्षण प्रदान करें तथा शिशु को दूध पिलाने के बाद डकार दिलाना सिखाएं। कलेक्टर सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि समस्त एएनएम को मासिक प्रशिक्षण दिया जाए, जिसमें वीएचएनडी में स्तनपान के सही तरीके समझाना शामिल हो। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता द्वारा वीएचएनडी के दिन शाम के समय प्रत्येक ग्रामों में चौपाल लगाई जाए। जिसमें कम से कम 25 महिलाएं सम्मिलित हों और जिसमें अन्य महिलाओं समेत वह भी महिलाएं हों जिनके यहां प्रसव होने वाले हैं, इन महिलाओं को ठीक प्रकार से स्तनपान कराने का तरीका सिखाया जाए।



**देवास कलेक्टर सिंह ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन के ड्राइव की समीक्षा की**

95 प्रतिशत से कम उपलब्धि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी बीएमओ को अपने मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ प्रयास करने होंगे। बीएमओ मॉनिटरिंग करें, सघन अभियान चलाएं एवं एनसी पंजीयन शत प्रतिशत करें। कलेक्टर सिंह ने गर्भवती महिलाओं में पीआईएच मैनेजमेंट, मॉडरेट एवं सीवियर एनीमिया में गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन, गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच, आयुष्मान कार्ड प्रगति, टीबी स्क्रीनिंग, एनआरसी की बेड ऑक्युपेंसी की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ आरपी परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनील तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ. मनीषा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# 40 फीट गहरी कुंडी में गिरे गोवंश का किया सफल रेस्क्यू

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। इंसानियत और सेवा-भाव की अनूठी मिसाल पेश करते हुए शाजापुर की गौरक्षा सेना ने एक बेजुबान की जान बचा ली। शहर के इंद्रानगर कॉलोनी में एक गोवंश लगभग 40 फीट गहरी सूखी कुंडी में जा गिरा था। सूचना मिलते ही गौरक्षकों ने तत्परता दिखाई और अपनी जान जोखिम में डालकर एक जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।**

इस दौरान गोवंश को बचाते हुए एक सदस्य घायल भी हुआ, लेकिन टीम के हौसले पस्त नहीं हुए। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की है। इंद्रानगर कॉलोनी के मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में बनी गहरी कुंडी में गोवंश के गिरने की खबर मिलते ही गौरक्षा सेना की टीम मौके पर पहुंची। कुंडी लगभग 30 से 40 फीट गहरी और पूरी तरह सूखी थी, जिससे गोवंश को सुरक्षित बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती था। हालात की गंभीरता को देखते हुए रेस्क्यू विशेषज्ञ अशोक खींची ने मोर्चा संभाला। वे बिना समय गंवाए रस्सी के सहारे उस गहरी कुंडी में उतरे और गोवंश को सुरक्षित रूप से रस्सियों से बांधा। इसके बाद ऊपर मौजूद टीम और स्थानीय नागरिकों ने उसे धीरे-धीरे ऊपर खींचना शुरू किया।

**गोवंश को बचाने में घायल हुए गौरक्षक**



**सुरक्षा के लिए उठाया त्वरित कदम**

इस घटना से सबक लेते हुए और भविष्य में ऐसे किसी हादसे की पुनरावृत्ति रोकने के लिए, स्थानीय रहवासियों ने रेस्क्यू के तुरंत बाद उस खुली कुंडी को ढंक दिया। इस पूरे रेस्क्यू अभियान में इंद्रानगर के जागरूक नागरिकों के साथ-साथ गौरक्षा सेना के संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा, अशोक खींची, शिवम बिरथरे, हर्षित परमार, चंद्रशेखर जाटव, चिंटू परमार, कुणाल चौहान, आशीष शर्मा (राम) और आकाश माली सहित अन्य सदस्यों का अहम और सराहनीय योगदान रहा।

**मुंडेर पर अटकी सांसें, गोवंश को बचाने में छिले हाथ**

रेस्क्यू के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण पल तब आया जब गोवंश कुंडी की मुंडेर तक पहुंचा। बाहर आते ही गोवंश घबराकर बुरी तरह छटपटाने लगा, जिससे उसके वापस उसी गहरे गड्ढे में गिरने का खतरा पैदा हो गया। इस नाजुक वक्त में टीम के सदस्य हर्षित परमार ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपनी परवाह न करते हुए गोवंश को मजबूती से पकड़ लिया। इस जद्दोजहद में गोवंश के छटपटाने से हर्षित के पैर में चोट आई और रस्सियों की रगड़ से उनके हाथ बुरी तरह छिल गए। इसके बावजूद उन्होंने अपनी पकड़ नहीं छोड़ी और अंततः गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## यात्री बस-चार पहिया में भिड़ंत, दस घायल





विनय उजाला

**कन्नौद, निप्र।** कुसमानिया-हरणगांव मार्ग पर भिलाई गांव के पास सोमवार दोपहर एक यात्री बस (एमपी 10 पी 0549) और चार पहिया वाहन (एमपी 13 जेडएल 2077) के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस व चार पहिया वाहन सवार करीब 10 यात्री घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यात्री बस का मुख्य कमानी पत्ता टूट गया था। इसी दौरान सामने से आ रहे चार पहिया वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। हादसे की सूचना मिलने पर कन्नौद पुलिस थाना प्रभारी तहजीब काजी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल उपचार के लिए डायल-112 व अन्य वाहनों की मदद से कन्नौद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। कन्नौद तहसीलदार संजय गर्ग एवं एसडीओपी आदित्य तिवारी भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। घायलों का कन्नौद के अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। बस कन्नौद से रवाना होकर कुसमानिया होते हुए ग्राम लाड़कुई जा रही थी।

### रो दोगे एक दिन...लिखकर युवक ने दी जान, अज्ञात कारणों के चलते उठाया खौफनाक कदम

**शाजापुर।** शहर में एक युवक द्वारा खौफनाक कदम उठाने का दर्दनाक मामला सामने आया है। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। हालांकि, मौत को गले लगाने से ठीक पहले उसने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपना दर्द भी बयां किया था। जानकारी के अनुसार, भाजपा कार्यालय के पास रहने वाले दीपक जाटव ने रविवार रात करीब 9 बजे जहरीली दवा पी ली। हालत गंभीर होने पर उसे शाजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजन श्याम ने बताया कि दीपक हाल ही में ससुराल में एक शादी समारोह से लौटा था, जिसके बाद उसने अचानक यह कदम उठा लिया। युवक ने जहर क्यों खाया, इसका स्पष्ट कारण फिलहाल अज्ञात है। इस आत्मघाती कदम से पहले दीपक ने इंस्टाग्राम पर तीन भावुक स्टोरी शेयर की थीं। इनमें से एक पोस्ट में उसने लिखा था- रो दोगे एक दिन ये सोचकर कि था कोई जिद्दी सा चाहने वाला, पता नहीं कहां चला गया। अन्य दो स्टोरी में भी इसी तरह के संदेश थे।

# शा. महाविद्यालय में प्रौद्योगिकी दिवस पर हुआ व्याख्यान



विनय उजाला

**सोनकच्छ,निप्र। शासकीय महाविद्यालय सोनकच्छ में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना श्रीवास्तव द्वारा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।**

कार्यक्रम में डॉ अंजली अग्रवाल ने भारतवर्ष की पाषाण युग से लेकर मंगलयान तक की यात्रा में वैज्ञानिक चेतना, उन्नति एवं प्रगति का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में भारत के तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निरंतर विकास और स्वावलंबन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में वैज्ञानिक चेतना समाहित है तथा इसका हमारे दैनिक एवं सामाजिक जीवन में अत्यंत महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने मानव श्रम एवं समय की बचत के साथ मानवता और विकास के लिए आविष्कार एवं नवाचार का नया आकाश तैयार किया है। आज भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है तथा युवाओं को अपनी क्षमताओं का विकास कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

# शादी कराने के दो लाख लिए, दुल्हन हो गई फरार

विनय उजाला

**देवास,निप्र।** लड़के की शादी कराने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने छह आरोपियों को पकड़ा है। 8 मई को फरियादी जानकीलाल पुवाडिया निवासी देवास ने थाना नाहर दरवाजा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र अमन की शादी नहीं हो रही थी। इसी दौरान अंतरसिंह नामक व्यक्ति ने शादी कराने का झांसा देकर लगभग 2 लाख रुपए खर्च होने की बात कही। फरियादी को राजगढ़ जिले के जीरापुर ले जाकर सीमा यादव नामक युवती एवं उसकी कथित मौसी गीताबाई से मिलवाया गया, जहां रिश्ता तय कराया गया। 6 मई को सीमा यादव को देवास लाए और लिखा पढ़ी कराकर अमन व सीमा की शादी करवाई। इसके बदले फरियादी से 2 लाख रुपए नकद लिए गए। अगले दिन रात में दुल्हन सीमा यादव घर से फरार हो गई। तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नाहर दरवाजा पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 61(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी नाहर दरवाजा आलोक सोनी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से 1,18,500 रु. जब्त किए गए। साथ ही अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी नाहर दरवाजा निरीक्षक आलोक सोनी, उनि गणेशलाल जटिया, उनि राकेश बौरासी, सउनि कमल झोडिया, प्रआर नितेश द्विवेदी, यशवंत, भगवान, वासुदेव, मप्रआ अनिता, आर नवदीप, विकास, मप्रआ अनिता, देविका, कशक, खुशबू एवं सायबर सेल देवास से प्रभारी सायबर सेल देवास प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, प्रआ सचिन चौहान का विशेष योगदान रहा।

**लुटेरी दुल्हन के प्रकरण में नाहर दरवाजा पुलिस ने छह आरोपियों को राजगढ़ व इंदौर से किया गिरफ्तार**



**अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ भरी हुंकार... निकाली विशाल रैली**

# नशे का विरोध... 44 डिग्री की भीषण गर्मी में सड़क पर उतरीं मातृशक्ति

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। जिले को नशा मुक्त बनाने और युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाने के लिए मातृशक्ति ने अब सीधा मोर्चा खोल दिया है और 44 डिग्री की भीषण गर्मी, तेज धूप की परवाह किए बिना, भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के तत्वावधान में सैकड़ों महिलाओं ने शहर में एक विशाल रैली निकाली।**

सोमवार को मातृशक्ति ने रैली के बाद मुख्यमंत्री, कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक के नाम डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा को ज्ञापन सौंपा तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास खुलेआम बिक रहे नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से मातृशक्ति ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि शहर व आसपास के क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और आवासीय बस्तियों के निकट तंबाकू, सिगरेट, शराब, गांजा, चरस और वाइटनर जैसे मादक पदार्थों की अवैध बिक्री तेजी से बढ़ रही है। इसका सीधा असर नाबालिग विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिससे अपराध बढ़ रहे हैं और गरीब परिवार आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के लाइसेंस रद्द किए जाएं। साथ ही, एनडीपीएस एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम और आबकारी एक्ट के तहत विशेष छापामार अभियान चलाकर अवैध विक्रेताओं पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो। इसके अलावा पुलिस गश्त बढ़ाने और स्कूलों में गोपनीय शिकायत तंत्र स्थापित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मालवा प्रांत महिला संयोजिका वैशाली मालवीय ने शाजापुर को नशा मुक्त बनाने पर जोर दिया और संगठन की मजबूती के लिए नई जिम्मेदारियां भी सौंपीं। इनमें शुजालपुर तहसील संयोजिका प्रीति पाटीदार, सह-संयोजिका रेखा पाटीदार, शाजापुर महिला संयोजिका सीमा मंडलोई, आशा परमार, सह-संयोजिका कल्पना पाटीदार को नए दायित्व दिए गए। इस प्रदर्शन में सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया, जिला महिला सह-संयोजिका हेमा नागर, संभाग सदस्य राजबहादुर, जिला मंत्री मुकेश पाटीदार सहित जिले भर से आई सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी जिला प्रचार प्रमुख भारत नाहर ने दी।



## संक्षिप्त समाचार

### अतुल लाड बने सकल पंच वीसा लाड समाज के अध्यक्ष



**बुरहानपुर, निप्र।** रविवार को नागझिरी स्थित गणपति वाडी में श्री सकल पंच वीसा लाड समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुए जिसमें समाज के 409 व्यक्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें समाज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रमेश कपाड़िया, डॉ राकेश लाड, डॉ संजीव कपाड़िया, डॉ दिव्येश लाड, डॉ निमीशा लाड, डॉ सुनील बजाज, रमन बजाज, सतीश गुजराती, सतीश गुप्ता, प्रकाश लाड, बाबू भाई मेहता, राजेश बजाज, गोवर्धन श्राफ, संतोष श्रॉफ, रवि कापड़िया, दीपेश मेहता, बाली भाई एडवोकेट प्रकाश लाड, चार्टर्ड एकाउंटेंट भरत श्रॉफ, मुकेश गुप्ता एवं अन्य समाजजन शामिल थे। चुनाव पश्चात अतुल लाड को अध्यक्ष बनने पर समाज के सभी वरिष्ठों ने आशीर्वाद दिया और समाज को सबको साथ लेकर कार्य करने की शिक्षा दी। इस दौरान अपना चैंबर संचालक नीरज कक्कड़ द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान अपना चैंबर्स के डॉ आई एल मुंदड़ा, डॉ हेमंत महाजन, डॉ रफत अंसारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़, राहुल छाबडिया द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### अजा वर्ग के लिए स्वरोजगार योजनाओं के दिए लक्ष्य

**खरगोन, निप्र।** सचिव, म.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लक्ष्य जिले को प्राप्त हुए हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं एवं पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिले को 37 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के अंतर्गत 01 लाख से 50 लाख रुपये तक उद्योग परियोजनाओं के लिए तथा 25 लाख रुपये तक सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नियमित रूप से ऋण भुगतान करने पर वितरित/शेष ऋण पर 05 प्रतिशत की दर से अधिकतम 07 वर्षों तक ब्याज अनुदान देय होगा। इसी प्रकार डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत 92 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना में 20 हजार से 01 लाख रुपये तक की ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। पात्रता आयु 18 से 55 वर्ष निर्धारित है तथा आवेदक आयकर दाता नहीं होना चाहिए। योजना के अंतर्गत नियमित ऋण भुगतान की शर्त पर वितरित/शेष ऋण पर 07 प्रतिशत की दर से अधिकतम 05 वर्षों तक ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा।

### चोरी के मामले में फरार बदमाश गिरफ्तार



**सिलावद ( बड़वानी ),निप्र।** थाना सिलावद में आरोपी हीरा पिता मुकेश वास्कले, उम्र 22 वर्ष, जाति बारेला, निवासी ग्राम कदवाल्या, पटेल फल्या लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 1000 का नगद इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार तलाश की जा रही थी। थाना सिलावद पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. रामकृष्ण लौवंशी, का.वा. उनि. अय्युब शेख एवं आरक्षक सुनील चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

### ऑनलाइन वीसी से वेतन निर्धारण समस्याओं का त्वरित समाधान

**खरगोन, निप्र।** संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा इंदौर श्रीमती नीलम निनामा द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए सीएमएचओ खरगोन की वेतन निर्धारण संबंधी समस्याओं का निराकरण ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। यह संवाद जिला कोषालय अधिकारी खरगोन के कक्ष से आयोजित किया गया, जिसमें सीएमएचओ कार्यालय की स्थापना एवं लेखा शाखा से सीधा वार्तालाप कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया।

बुरहानपुर कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक

# जल गंगा संवर्धन अभियान, 100 दिन से लंबित समस्याओं की हुई समीक्षा

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर हर्ष सिंह ने समय-सीमा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर हर्ष सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का गहन अवलोकन करते हुए 100 दिवसीय से अधिक लंबित शिकायतों का संबंधित अधिकारियों से प्रकरणवार चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को प्राथमिकता में रखा जाए।



#### जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर हर्ष सिंह द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को अभियान के तहत कार्यों में गति लाने तथा जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई एवं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चत करने के साथ-साथ विभागवार प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी विभागों में संचालित योजनाओं का निरीक्षण करेंगे एवं प्रतिवेदन परख एप पर अपलोड करेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, एसडीएम अजमेर सिंह गौड़, एसडीएम भगीरथ वाखला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुरहानपुर पुलिस ने चलाया विशेष यातायात अभियान



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र। अति. पुलिस अंतर सिंह कनेश निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन सभी थाना एवं चौकी स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बुरहानपुर पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।**

दिनांक 11.05.2026 सोमवार को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक राजेश बरवाल एवं स्टाफ द्वारा इंदौर इच्छापुर हाईवे ब्लैक स्पॉट पॉइंट पर सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें माल वाहन में सवारी ढोने, फिटनेस, मोडीफाइड बॉडी, बीमा, बिना ड्राइविंग लाइसेंस,एवं हेलमेट एवं ऐसे वाहन जिनके दस्तावेज एक्सपायर होने वाले वाहनों की गई चेकिंग की गई साथ ही वाहन दस्तावेज जैसे आरसी, परमिट, बीमा एवं फिटनेस एक्सपायर पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। एवं पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा बताया गया की भविष्य में भी इस प्रकार की सघन जांच एवं विशेष अभियान लगातार जारी रखेंगे।

# अमरूद का लालच देकर मासूम की लज्जा भंग करने वाले आरोपी को पांच साल की जेल

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** एक मासूम बच्ची को अमरूद (जामफल) खिलाने के बहाने ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने वाले युवक को न्यायालय ने 5 साल की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जुर्माने से भी दंडित किया है। इसके साथ ही, कोर्ट ने पीड़ित बच्ची के पुनर्वास के लिए मुआवजे (प्रतिकर) की अनुशंसा भी की है। जिला मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना 9 दिसंबर 2025 की है। जानकारी के अनुसार, जब बच्ची की मां मजदूरी करके घर लौटी, तो उसे जेठानी ने बताया कि गांव का ही युवक राहुल बच्ची को अमरूद खिलाने का बोलकर अपने साथ ले गया है। कुछ देर बाद जब मां छत पर सूखे कपड़े लेने गई, तो उसकी नजर घर



के पीछे बाड़े पर पड़ी। वहां आरोपी राहुल मासूम को गोद में बिठाकर उसके साथ गंदी हरकतें कर रहा था। जब चीख-पुकार मचाई, तो घबराया आरोपी बच्ची को वहीं छोड़कर अपने घर भाग निकला।

रोती-बिलखती और खौफजदा बच्ची जब घर आई, तो उसके गले पर खरोंच के गहरे निशान थे। डरी-सहमी बच्ची ने परिजनों को आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब मासूम ने चिल्लाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके गाल पर चांटा मारा और गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। इस खौफनाक घटना के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तेजी से विवेचना पूरी कर चालान न्यायालय में पेश किया।

#### साक्ष्य और दलीलें रहीं पुख्ता

मामले की सुनवाई के दौरान जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रदीप भटेले ने शासन की ओर से पैरवी की। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों और दलीलों को पुख्ता माना। कोर्ट ने आरोपी राहुल एरवाल 20 वर्ष, निवासी ग्राम बायहेड़ा, थाना कोतवाल को दोषी मानते हुए 5 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विधि विद्यार्थियों को मिला तकनीकी मार्गदर्शन

**खरगोन, निप्र।** शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में एक दिवसीय विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का मुख्य विषय 'तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक अनुप्रयोग' रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन के सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर विज्ञान) प्रोफेसर शशांक गोले रहे। अपने व्याख्यान में उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक ज्ञान के व्यावहारिक एवं रचनात्मक उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 मई को भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है, जो देश की वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति का प्रतीक है। मुख्य वक्ता ने इस दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 11 मई 1998 को राजस्थान के पोखरण में भारत द्वारा किए गए सफल पोखरण-II परमाणु परीक्षण (ऑपरेशन शक्ति) के माध्यम से देश विश्व का छठा परमाणु संपन्न राष्ट्र बना। इसी दिन स्वदेशी हल्के प्रशिक्षण विमान 'हंस-3' ने बेंगलुरु में अपनी पहली सफल उड़ान भरी थी तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा निर्मित 'त्रिशूल' मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया गया था।कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर चन्द्र भान त्रिवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तकनीक से दूर रहकर कानून के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना संभव नहीं है। नवाचार केवल विज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह न्याय प्रणाली को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर तकनीकी रूप से अपडेट रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शिवांगी निराले द्वारा किया गया।

## विमुक्त, घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए स्वरोजगार का अवसर

**खरगोन, निप्र।** वित्तीय वर्ष 2026 -27 में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के पात्र अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

योजना के अंतर्गत भाग-1 (विभाग द्वारा संचालित) में व्यक्तिमूलक प्रकरणों के लिए अधिकतम राशि 01 लाख तक का ऋण स्वरोजगार के लिए प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस श्रेणी में मध्यप्रदेश का मूल निवासी, आयु 18 से 55 वर्ष, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जाति प्रमाण पत्र धारक तथा आयकरदाता न होने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसी प्रकार भाग-2 (अभिकरण द्वारा संचालित) के अंतर्गत न्यूनतम आई.टी.आई. से प्रशिक्षित एवं चयन समिति द्वारा प्रस्तावित व्यक्तिमूलक प्रकरणों में अधिकतम राशि 02 लाख तक का ऋण प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस भाग में भी वही पात्रता शर्तें लागू होंगी।

# अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) बड़वानी लीलाधर सोलंकी द्वारा अपने पारित फैसले मे आरोपियों द्वारा मारपीट करने के आरोप में आनंद पिता दिलीप पाटिल, नानेश्वर पिता दिलीप पाटिल, दिनेश पिता दिलीप पाटिल राहुल पिता दिलीप पाटिल निवासी मलफा तहसील पानसेमल बड़वानी को धारा भा.द.वि. की धारा 459 सहपठित धारा 3(2)(अ) एस.सी./एसटी. एक्ट में आजीवन कारावास व 1-1 हजार रूपये भा.द.वि. की धारा 325/34 सहपठित धारा 3(2)(अं) एस.सी./एसटी. एक्ट में 3-3 वर्ष व 1-1 हजार रूपये भा.द.वि. की धारा 323/34 (2 शीर्ष) सहपठित धारा 3(2)(अं) एस.सी./एस.टी. एक्ट में 6-6 माह व 1 -1 हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी बड़वानी सुश्री कीर्ति चौहान द्वारा की गई। सहायक अभियोजन मीडिया प्रभारी एवं सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री कीर्ति चौहान द्वारा बताया कि 24 मई 2023 को शाम करीब 7.30 बजे फरियादी जगदीश का बड़ा भाई राजेश मोटरसायकिल चलाकर पानसेमल से वापस घर आ रहा था, उनके घर के पडौस में प्रकाश पाटील का घर है, प्रकाश उसकी पत्नी व पोता के साथ खटिया पर अपने घर के सामने गली में बैठा था, फरियादी के भाई की मोटरसायकिल का बम्फर खटिया से टकरा गया, जिससे खटिया टूट गयी और प्रकाश के पोते को चोट लग गयी, तो प्रकाश उसके भाई को नंगी-नंगी गालियां देने लगा, इतने में उसके लडके विजय, चिन्नु, राहुल व दीपक भी आ गये व चारो नंगी-नंगी गालिया देकर झगडा करने लगे तो फरियादी उसके भाई राजेश को समझा कर वहां से घर ले गया, तत्पश्चात् करीबन आधे-पोन घण्टे बाद प्रकाश का जवाई राहुल पाटील तथा राहुल के भाई आनंद पाटील, नानेश्वर पाटील, दिनेश पाटील अपने हाथ में डंडे लेकर उसके घर आये और उसका भाई राजेश घर में बैठा था, तो फरियादी घर का दरवाजा लगाने लगा, राहुल ने उसे डंडा मारा, जो उसे दाहिने हाथ की कोहनी में लगा, चारो आरोपीगण घर के अंदर घुस गये और राजेश को डंडो से मारने लगे । फरियादी व उसके पिता बालु बचाने गये तो उसके पिता बालु को भी राहुल के भाई आनंद ने डंडे मारे, जो उनके सिर व शरीर में लगे, भाई राजेश को दाहिनी आंख के उपर व शरीर के अन्य जगह चोटे लगी तथा उसे भी मारपीट में शरीर के अन्य जगह चोट लगी, बाद में प्रकाश का लडका राहुल भी आ गया था, उसने भी मारपीट व अश्लील गालिया देकर उनको जातिगत अपमानित किया, झगडा मोहल्ले के शंकर, भाईदास, रमेश, मुन्ना ने छुडाया और मोहल्ले वालो ने देखा।

# डिग्री नहीं, आत्मनिर्भर भविष्य की नींव है उच्च शिक्षा

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में लगा प्रवेश मेला

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** 12वीं कक्षा पास कर चुके विद्यार्थियों को कॉलेज में एडमिशन और करियर चुनाव के लिए भटकना नहीं पड़े, इसको लेकर उच्च शिक्षा के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय) में कॉलेज चलो अभियान के तहत सोमवार को प्रवेश मेला व जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने विद्यार्थियों को ई-प्रवेश प्रक्रिया, स्कॉलरशिप और रोजगारोन्मुखी कोर्सेज की बारीकियां समझाईं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा को सिर्फ एक डिग्री पाने का जरिया न मानें, बल्कि यह आपके सफल और आत्मनिर्भर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने युवाओं को नियमित पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट और डिजिटल शिक्षा की अहमियत भी बताई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस.के. तिवारी ने की।




### एडमिशन में परेशानी न हो, इसलिए बनाए गए हेल्प सेंटर

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को आसान बनाने और छात्रों की शंकाओं के समाधान के लिए कॉलेज कैंपस में ही प्रवेश सहायता केंद्र, तकनीकी सहायता और विषय चुनने के लिए काउंसलिंग सेंटर बनाए गए हैं। युवाओं के लिए एक सेल्फी स्टैंड भी लगाया गया है। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग ने टोल-फ्री नंबर 18008908399 और हेल्पलाइन 8000063632 भी जारी किए हैं, जिन पर घर बैठे मदद ली जा सकती है। शिविर में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साह से हिस्सा लिया और अपने सवालों के जवाब जाने। डॉ. बोड़ाने ने जिले के 12वीं पास विद्यार्थियों से अपील की है कि वे एक्सीलेंस कॉलेज में उपलब्ध सभी आधुनिक सुविधाओं और पाठ्यक्रमों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते हुए अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

# चतुर्थ क्रमोन्नति में लेटलतीफी, पेंशनर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन




**शाजापुर, निप्र।** जिले के शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर मिलने वाले चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ अब तक नहीं मिल सका है। इस प्रशासनिक लेटलतीफी से आक्रोशित प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाजापुर ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर क्रमोन्नति की कार्रवाई शुरू नहीं की गई, तो जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन ने 1 जुलाई 2023 से उन सभी शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति देने का आदेश जारी किया था, जिनका 35 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो चुका है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसके आदेश जारी हो गए हैं और प्रक्रिया निरंतर चल रही है। इसके विपरीत, शाजापुर जिले में अब तक आदेश जारी नहीं होने से शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। ऐसे में पात्रता के बावजूद लाभ न मिलने पर एसोसिएशन के पदाधिकारी 11 मई 2026 को दोपहर 1 बजे डीईओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से प्रत्यक्ष भेंट कर इस ज्वलंत मुद्दे पर ध्यानाकर्षण कराया और जल्द आदेश जारी करने की मांग रखी। ज्ञापन सौंपने के दौरान एसोसिएशन के जिला संरक्षक राजेंद्र शर्मा, संतोष संचान, जिला महामंत्री त्रिलोकचंद्र भालोट, जिला सचिव कीरत सिंह बुंदेला, जिला उपाध्यक्ष शिवाजी सोनी, अनिल शर्मा, अजय पोल सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल
ई-निविदा सूचना
**निविदा संख्या SnT_RTM_26_04_Signal दिनांक : 07.05.26.** निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक ( एस एण्ड टी ) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई-निविदाए आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्य के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग: **1)- पवासा:** सिंहस्थ 2028 के संबंध में उज्जैन और पिंगलेश्वर के बीच नए "बी" श्रेणी के स्टेशन का प्रावधान। **2)-लेकोडा** - सिंहस्थ 2028 के संबंध में मौजूदा "डी" वर्ग को "बी" वर्ग में अपग्रेड करना। **कार्य की अनुमानित लागत: ₹11,63,04,064.26/- बयाना राशि: ₹ 23,26,100.00/- निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य/- **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 29/05/2026 समय 15.00 बजे तक। **तकनीकी निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 29/05/2026 समय 15.30 बजे के बाद। **व्यवसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा। **वैधाता:** निविदा खुलने की दिनांक से 90 दिन। **कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह। निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन E - निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। CRY/IND/46
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल
शुद्धिपत्र
निविदा संख्या RTM-2026-27-30 (खुली निविदा बंद होने की तिथि/समय 29/05/2026 15.00) RTM-2026-27-30 (खुली निविदा बंद होने की तिथि/समय 29/05/2026 15.00)। **कार्य का नाम :** रतलाम - रेलवे परिसर, D शेड और स्टेशन में भूमिगत सीवर लाइन, नाली, मैनहोल, निरीक्षण कक्ष, गली ट्रैप और सीवर लाइन का तीन वर्षों (2026-29) के लिए वार्षिक रखरखाव और सफाई। 1. अनुशंसित निर्माता। 2. नालियों और सीवर लाइन की सफाई के कार्य के लिए विशेष शर्तें। 3. सीमेंट के लिए विशेष शर्तें। cry/ind/45
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल
ई-निविदा सूचना
**निविदा संख्या. SNT_RTM_W_EPC_26_01 दिनांक : 08.05.2026. परियोजना का नाम:** रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे के नागदा - उज्जैन - ताजपुर, फांडा-संत हिरदाराम नगर, उज्जैन - करछा और मंगलियागांव - इंदौर खंड के बीच डबल| लाइन (आरई) खंड पर स्टेशनों पर उपयुक्त परिवर्तनों के साथ-साथ ऑटो हट और अन्य संबद्ध कार्यों में ईआई और ड्यूल मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर के साथ 4 - पहलू स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **लंबाई TKM में:** 115.46RKMs **परियोजना की अनुमानित लागत:** 127.72 Cr **पूर्ण करने की अवधि:** 18 महीने। बोली दस्तावेज को रेलवे की वेबसाइट (https://www.ireps.gov.in/) के आधिकारिक पोर्टल पर 08.05.2026 से 19.06.2026 (15.00 बजे तक IST) से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय बोली और तकनीकी बोली (https://www.ireps.gov.in/) पर 15:00 बजे IST तक या उससे पहले जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त बोलियां 24.06.2026 को 15:30 बजे IST पर खोली जाएंगी। किसी अन्य माध्यम से बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, पावर ऑफ अटॉर्नी और संयुक्त बोली समझौते आदि को बोलीदाता द्वारा 24.06.2026 15:00 घंटे IST पर या उससे पहले भौतिक रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है। कृपया ध्यान दें कि "मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर W-1 चर्च गेट WR" बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। CRY/IND/47
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

## रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया

# बार्सिलोना ने जीता ला लीगा खिताब




बार्सिलोना, (हि.स.)

**बार्सिलोना ने रविवार रात खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया। कैंप नोउ में खेले गए इस मुकाबले में बार्सिलोना ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और जीत के साथ अपना 29वां ला लीगा खिताब सुनिश्चित कर लिया।**

हांसी फ्लिक की टीम अब 91 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से 14 अंक आगे निकल चुकी है। सीजन में अब केवल तीन मुकाबले बचे हैं, ऐसे में रियल के लिए बार्सिलोना को पकड़ पाना असंभव हो गया है। वहीं विलारियल 69 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुकाबले की शुरुआत से ही बार्सिलोना आक्रामक नजर आया। नौवें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड ने शानदार फ्री-किक गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। एंटोनियो रुडिगर द्वारा फेरान टोरेस पर बॉक्स के बाहर फाउल करने के बाद मिले मौके को रैशफोर्ड ने बेहतरीन तरीके से गोल में बदल दिया। इसके नौ मिनट बाद बार्सिलोना ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। फर्मिन लोपेज के क्रॉस पर दानी ओल्मो ने शानदार बैकहील पास दिया, जिस पर फेरान टोरेस ने जोरदार शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया।

### हांसी फ्लिक ने लगातार दूसरा खिताब जीता

इस जीत के साथ हांसी फ्लिक ने लगातार दूसरा ला लीगा खिताब जीता। पिछले सीजन में भी उन्होंने बार्सिलोना को ला लीगा और कोपा डेल रे का दोहरा खिताब दिलाया था। दोनों टीमें कई प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से जूझ रही थीं। बार्सिलोना की शुरुआती एकादश में लामिन यामाल, राफिन्हा और जूल्स कुंडे शामिल नहीं थे।

### रियल मैड्रिड के अहम खिलाड़ी चोट के कारणों बाहर रहे

वहीं रियल मैड्रिड के कई अहम खिलाड़ी चोट और अन्य कारणों से बाहर रहे। एदर मिलिताओ, दानी कार्वाजाल, फेरलैंड मेंडी, आर्दा गुलर और रोड्रिगो टीम का हिस्सा नहीं थे। फेडेरिको वाल्वेर्डे भी सिर में चोट लगने के कारण नहीं खेल सके। बताया गया कि मिडवीक में ड्रेसिंग रूम में ऑरेलियन चुआमेनी के साथ झगड़े के बाद दोनों खिलाड़ियों पर पांच लाख यूरो का जुर्माना लगाया गया।

### आईपीएल-2026 : आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस VS सनराइजर्स हैदराबाद

स्थान : अहमदाबाद समय : शाम 07.30 बजे से

## आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना




नई दिल्ली, (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आचार संहिता उल्लंघन के चलते जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार एंडी फ्लावर ने खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनाई गई आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन किया। इस कारण उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। फ्लावर पर आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो मैच के दौरान आपत्तिजनक या अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल से संबंधित है। यह घटना मैच के 17.2 ओवर के दौरान हुई, जब एंडी फ्लावर चौथे अंपायर के साथ आक्रामक अंदाज में बातचीत करते नजर आए।

## बेलारूसी खिलाड़ियों की वापसी पर यूक्रेनी स्टार स्वितोलिना नाराज



रोम, (हि.स.)

यूक्रेन की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलीना स्वितोलिना ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के उस फैसले पर नाराजगी जताई है, जिसमें बेलारूसी खिलाड़ियों को अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ अंतरराष्ट्रीय खेलों में वापसी की अनुमति देने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद 2022 में आईओसी ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों तथा टीमों पर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। बेलारूस पर रूस को यूक्रेन पर हमले के लिए सहयोग देने का आरोप भी लगा था। इटैलियन ओपन के दौरान रोम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एलीना स्वितोलिना ने कहा कि यूक्रेन में अब भी मिसाइल हमले जारी हैं और ऐसे समय में बेलारूसी खिलाड़ियों की वापसी पर विचार किया जाना बेहद दुखद और पीड़ादायक है।

स्वितोलिना ने कहा, यूक्रेन पर अब भी रॉकेट दागे जा रहे हैं। रूस और बेलारूस अब भी आक्रामक देश माने जाते हैं। हमारे लिए यह बेहद दुखद और दर्दनाक है कि इस पर विचार किया जा रहा है। यह बहुत गंभीर विषय है और मैं इस बातचीत का समर्थन नहीं करती। गौरतलब है कि स्वितोलिना रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के खिलाफ मैच खेलने के बाद हाथ मिलाने की परंपरा का बहिष्कार करती रही हैं।

## महिला टी-20 विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड की टीम घोषित



नई दिल्ली, (हि.स.)। स्कॉटलैंड ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए सोमवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनुभवी स्पिनर किर्स्टी गॉर्डन की वापसी सबसे बड़ी चर्चा का विषय रही। गॉर्डन लगभग सात साल बाद फिर से स्कॉटलैंड की जर्सी में नजर आएंगी। 28 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर किर्स्टी गॉर्डन ने 2012 से 2017 के बीच स्कॉटलैंड के लिए 60 मुकाबले खेले थे। इसके बाद उन्होंने 2018 टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के लिए खेलने का फैसला किया था। अब दिसंबर 2025 में स्कॉटलैंड के लिए फिर से खेलने की इच्छा जताने के बाद उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। गॉर्डन ने इंग्लैंड के लिए 2018 महिला टी-20 विश्व कप में पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में 16 रन देकर 3 विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा 2019 एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच भी खेला था। स्कॉटलैंड टीम की कप्तानी कैथरीन ब्राइस करेंगी। टीम में पिछले साल मलेशिया में हुए अंडर-19 विश्व कप अभियान से उभरी तीन युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है।

## आईसीसी की वार्षिक पुरुष वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1'




नई दिल्ली, एजेंसी

आईसीसी ने सोमवार को पुरुषों की ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत 'नंबर-1' बना हुआ है। हालांकि, शीर्ष पर उसकी बढ़त जरूर कम हो गई है। दूसरी ओर, पाकिस्तान एक पायदान नीचे खिसक गया है। ताजा रैंकिंग में भारत की रेटिंग 119 से गिरकर 118 हो गई है। वहीं, न्यूजीलैंड को दो अंक मिले हैं। यह टीम 113 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। अब शीर्ष-2 टीमों के बीच अंतर आठ से घटकर पांच ही रह गया है।

मौजूदा वनडे विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग (109) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह टीम फिलहाल तीसरे पायदान पर बनी हुई है। इस बीच टॉप-5 में बदलाव देखने को मिला है। साउथ अफ्रीका एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीका को चार रेटिंग अंक मिले हैं। अब इस टीम के पास 102 अंक हैं, जबकि पाकिस्तान ने चार अंक गंवा दिए हैं। यह टीम 98 अंकों के साथ रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गया है।

### छठे स्थान पर श्रीलंका

दो अंक गंवाने के बावजूद श्रीलंका छठे स्थान पर बना रहा। इस टीम के 96 अंक हैं, जबकि अफगानिस्तान मामूली गिरावट के बाद 93 अंकों के साथ सातवें स्थान पर बना रहा। इंग्लैंड एक रेटिंग अंक हासिल करने के बाद आठवें स्थान पर बना रहा, जबकि बांग्लादेश 84 अंकों के साथ नौवें स्थान पर कायम रहा।

व्यापार

### एसबीआई रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

# देश की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में 6.6 फीसदी रहने का अनुमान




नई दिल्ली, (हि.स)

**वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 में 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च की जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।**

एसबीआई रिसर्च की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग, कृषि एवं गैर-कृषि गतिविधियों से ग्रामीण उपभोग में तेजी के कारण यह वृद्धि लचीली बनी हुई है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार अपना लचीलापन दिखा रही है। वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को देखते हुए भुगतान संतुलन के मोर्चे पर व्यापक कदम उठाने की आवश्यकता है।

एसबीआई रिसर्च का यह सुझाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के कारण विदेशी मुद्रा को बचाने, ईंधन का सूझबूझ के साथ उपयोग करने, सोने की खरीद को एक साल तक स्थगित करने और विदेश यात्रा टालने की आवश्यकता बताये जाने के बाद आया है।

### चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी के करीब रहने की उम्मीद

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी के करीब रहने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी वृद्धि दर 7.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 29 मई को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक जीडीपी के अस्थायी अनुमानों के साथ-साथ जनवरी-मार्च तिमाही के जीडीपी आंकड़े जारी करेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

### वाणिज्य सचिव ने घरेलू कंपनियों से आग्रह किया

## देश के उद्योग जगत को मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने की जरूरत

नई दिल्ली, (हि.स)

**केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को घरेलू कंपनियों से आग्रह किया कि वे भारत द्वारा हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाएं और वैश्विक गुणवत्ता मानकों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करें।**



राजेश अग्रवाल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित 'वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि हम केवल टैरिफ तक ही सीमित न रहें। हम दोनों पक्षों के उद्योगों को 360-डिग्री की व्यापक पूर्वानुमान क्षमता और स्पष्टता प्रदान करते हैं, ताकि वे वास्तव में इन एफटीए का लाभ उठा सकें और ऐसे मार्ग प्रशस्त कर सकें, जो अधिक टिकाऊ विकास की ओर ले जाएं।

वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारतीय उद्योग जगत को उन एफटीए का लाभ उठाने की आवश्यकता है, जिन्हें भारत अंतिम रूप दे रहा है। ये समझौते व्यापार और निवेश, दोनों के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। एफटीए का पूरी तरह से उपयोग करने और लाभ उठाने का देश का पिछला रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश की औद्योगिक नीति को उसकी व्यापार नीति का पूरक होना चाहिए, क्योंकि व्यापार इस बात पर भी निर्भर करता है कि भारत कैसे निवेश और उत्पादन करता है।

### भारत ने कई देशों के साथ किया समझौता

मुक्त व्यापार समझौतों पर एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, एफटीए के उपयोग पर हमसे बार-बार सवाल पूछे जाते हैं। वास्तव में एफटीए से क्या लाभ मिल रहा है? उन्होंने कहा कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया और आसियान सहित कई देशों और समूहों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। अग्रवाल ने कहा कि इन समझौतों से द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है, लेकिन भारत का निर्यात, आयात की तुलना में धीमी गति से बढ़ा है। अग्रवाल ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन, ईएफटीए, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ व्यापार समझौतों के बारे में बात करते हुए कहा कि ये आधुनिक समझौते हैं और केवल शुल्क तक सीमित नहीं हैं। उद्योग और सरकार सहित सभी हितधारकों को इन समझौतों को देश के लिए उपयोगी बनाने को कदम उठाने की जरूरत है। इन एफटीए के उपयोग को बढ़ाने के लिए सूचनाओं का प्रसार और क्षमता निर्माण महत्वपूर्ण है।

### अडाणी समूह के चेयमैन गौतम अडानी ने कहा

## मोबाइल डेटा जैसी क्रांति लाएगा एआई, ऊर्जा खपत में होगी बड़ी वृद्धि

नई दिल्ली, (हि.स)



देश के दिग्गज कारोबारी एवं अडाणी समूह के चेयमैन गौतम अडानी ने सोमवार को कहा कि आने वाले दशकों में ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ही भू-राजनीतिक शक्ति को परिभाषित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने भारत से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वैल्यू चेन में अपनी संप्रभु क्षमताएं विकसित करने का आह्वान किया।

अडाणी ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2026 में कहा कि एक दशक पहले कुछ ही लोगों ने भारत में मोबाइल डेटा के विस्फोट के पैमाने की कल्पना की थी, लेकिन जैसे ही स्मार्टफोन किफायती हुए, नेटवर्क का विस्तार हुआ, डेटा की कीमतें गिरीं और खपत में जबरदस्त उछाल आया। उन्होंने कहा कि एआई मोबाइल डेटा विस्फोट जैसी क्रांति लाएगा और इससे ऊर्जा की खपत में तेज वृद्धि होगी।

### भारत को अभी से तैयारी करनी होगी

अडाणी ने कहा, एआई भी इसी तरह की वृद्धि लाएगा, लेकिन यह वृद्धि कहीं अधिक ऊर्जा खपत करने वाली होगी। डेटा सेंटर की क्षमता, जिसके 2030 तक 5 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, 2047 तक लगभग 75 गीगावाट तक बढ़ सकती है, इसीलिए भारत को अभी से तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत आम परिवारों, फैलते शहरों, सक्रिय कारखानों, इलेक्ट्रिक वाहनों और विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे लाखों छोटे व्यवसायों के लिए विकास कर रहा है। देश में एक बड़ा फायदा यह है कि हम जो कुछ भी बनाएंगे, उसकी मांग पहले से ही मौजूद होगी। हमारे सामने चुनौती है ऐसी क्षमता का निर्माण करना जो मांग के साथ तालमेल बिठा सके।

## शेयर बाजार के लिए रहा ब्लैक मंडे, निवेशकों के 5.68 लाख करोड़ स्वाहा

नई दिल्ली, (हि.स.)



पश्चिम एशिया में जारी तनाव को टालने के लिए प्रस्तावित शांति वार्ता के एक बार फिर टल जाने, कच्चे तेल की कीमत में उछाल आने और कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार के लिए आज का दिन ब्लैक मंडे बन गया। कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में दोपहर 11 बजे तक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल कमजोर होती गई। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे बाजार में कुछ सुधार भी हुआ। हालांकि दोपहर दो बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का जबरदस्त दबाव बन गया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.50 प्रतिशत से भी अधिक की कमजोरी का शिकार हो गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.70 प्रतिशत और निफ्टी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई।

### कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल बोले-

# प्रधानमंत्री मोदी के सात सूत्र देश की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी

नई दिल्ली, (हि.स)

कारोबारी संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से सात सूत्री अपील का स्वागत किया है। खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ रहे और आम लोगों को कोई परेशानी न हो, उसको देखते हुए प्रधानमंत्री ने देश को एक सात सूत्री संकल्प लेने का आह्वान किया है जिस पर अमल करने से देश की स्थिति मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने यह आह्वान कल हैदराबाद में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए किया था।



**सामानों की आवाजाही के लिए रेलवे परिवहन को प्राथमिकता:** सामानों की आवाजाही के लिए रेलवे परिवहन को प्राथमिकता देने के प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप खंडेलवाल ने आज रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर कहा कि प्रधानमंत्री का यह सुझाव बढ़ती ईंधन खपत, यातायात दबाव, पर्यावरणीय चुनौतियों तथा देश की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के मद्देनज़र अत्यंत प्रासंगिक और समयानुकूल है।

उन्होंने मोदी सरकार में भारतीय रेल में हुए व्यापक परिवर्तन और आधुनिकीकरण की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे में आधारभूत संरचना, विद्युतीकरण, फ्रेट कॉरिडोर, तकनीकी एकीकरण, स्टेशन पुनर्विकास, स्वच्छता, सुरक्षा मानकों, समयबद्धता और संचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, जिससे भारतीय रेल के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है और रेलवे देश की आर्थिक प्रगति का एक मजबूत आधार बना है।

### रेल परिवहन माल ढुलाई का सबसे किफायती

उन्होंने कहा कि रेल परिवहन माल ढुलाई का सबसे किफायती, पर्यावरण अनुकूल और प्रभावी माध्यम है। यदि बड़े स्तर पर सड़क से माल परिवहन रेलवे की ओर स्थानांतरित होता है तो इससे पेट्रोल और डीजल की खपत में भारी कमी आएगी, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, प्रदूषण कम होगा, राजमार्गों पर दबाव कम पड़ेगा तथा एक हरित और मजबूत भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। हालांकि, खंडेलवाल ने यह भी कहा कि रेलवे में सुधारों के बावजूद देशभर के व्यापारियों और एमएसएमई इकाइयों को रेलवे फ्रेट और पार्सल सेवाओं के उपयोग में अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण व्यापारी रेल परिवहन को अपनाने से हिचकते हैं और उन्हें अपेक्षाकृत महंगे सड़क परिवहन पर निर्भर रहना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्नि दुर्घटना पीड़ित कृषक को 1.25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आलीराजपुर, निप्र।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चन्द्रशेखर आजाद नगर द्वारा ग्राम बरझर, तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर निवासी कृषक श्री सोमला पिता पूंजिया को अग्नि दुर्घटना से हुए नुकसान पर आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। अनुविभाग चंद्रशेखर आजाद नगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री सोमला के मकान में आग लगने से उनका मकान, खाद्यान्न, बर्तन एवं कपड़े पूरी तरह नष्ट हो गए थे। घटना के बाद राजस्व विभाग द्वारा प्रकरण का परीक्षण किया गया। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के तहत पीड़ित कृषक को एक लाख पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि शीघ्र ही श्री सोमला को प्रदान की जाएगी।

### पांच साल से फरार डकैती की योजना बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**धार, निप्र।** पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन में फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत टांडा पुलिस ने साल 2021 से गुजरात में फरारी काट रहे डकैती की तैयारी के आरोपी संजय पिता भुरला अलावा निवासी पिपरानी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार रावत को सोमवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक स्थायी वारंटी, संजय अलावा, बस स्टैंड टांडा के यात्री प्रतीक्षालय के पास कहीं बाहर जाने की फिराक में बैठा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। साल 2020 में संजय ने अपने 8-10 साथियों के साथ टांडा-बाग रोड पर स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पीछे पीपल के झाड़ के नीचे डकैती की योजना बना रहा था। उस समय पुलिस ने छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत, प्रधान आरक्षक प्रेमपाल सिंह चौधरी, बच्चुसिंह चौहान, आरक्षक दिलीप डुडवे और महिला आरक्षक चंदा डावर की विशेष भूमिका रही।

### हापा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान अलग-अलग घटनाओं में यूपी के दो यात्री घायल



**शाजापुर, निप्र।** हापा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा के दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो यात्री घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पहली घटना सोमवार सुबह शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर हुई। यहां ट्रेन के गेट पर बैठे एक यात्री का पैर प्लेटफॉर्म से टकरा गया, जिससे उसे दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। दूसरी घटना आक्या चौहान रेलवे स्टेशन पर हुई। यहां ट्रेन रुकने पर पानी भरने के लिए नीचे उतरे एक यात्री का पैर अचानक फिसल गया, जिससे वह घायल हो गया। घायलों की पहचान बलिया (उत्तर प्रदेश) निवासी मुक्तिनाथ यादव और गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी सुमित कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों यात्री मजदूरी और निजी कंपनी में काम करने के सिलसिले में अहमदाबाद जा रहे थे। फिलहाल, दोनों यात्रियों का शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### पांच हजार शिक्षकों की नजर कल होने वाली सुनवाई पर टिकी

# आरटीई एक्ट 2009 में नहीं है टीईटी का प्रावधान : टीडब्ल्यूटीए

विनय उजाला

**धार, निप्र। टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर दाखिल पुनर्विचार याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। धार जिले के प्रभावित 5 हजार शिक्षकों की 13 मई को होने वाली सुनवाई पर नजर टिकी है। प्रभावित शिक्षकों को उनके पक्ष में फैसला आने की पूरी उम्मीद है।**

इधर ट्रायबल क्षेत्र में कार्यरत शिक्षक संगठन मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने भी सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका लगाते हुए 1 सितंबर 2025 के फैसले को चुनौती देते हुए कहा है कि टीईटी का प्रावधान आरटीई एक्ट 2009 में नहीं है, यह अधिसूचना के माध्यम से लागू किया गया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर और मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी ने बताया कि टीडब्ल्यूटीए ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय में सिविल अपील नंबर 1385/2025 में एक सितंबर 2025 को पारित निर्णय के विरुद्ध रिव्यू पिटिशन (संख्या 27488/2026) दायर की गई है। यह पिटिशन संविधान के अनुच्छेद 137 के अंतर्गत प्रस्तुत की गई है। इस प्रकरण की सुनवाई 13 मई को सुप्रीम कोर्ट की ओपन कोर्ट में होगी, जिसमें एसोसिएशन की ओर से सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश श्री रविशंकर झा पैरवी करेंगे।



**संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सिंगौर मीडिया प्रभारी मंसूरी ने दी जानकारी**

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने याचिका लगाते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय में शिक्षकों एवं राज्य सरकार का पक्ष पर्याप्त रूप से नहीं सुना गया। उन्होंने बताया कि याचिका में यह प्रमुख तर्क रखा गया है कि टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) का प्रावधान आरटीई एक्ट, 2009 में नहीं है, बल्कि यह 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना के माध्यम से लागू किया गया, जिसमें इन-सर्विस शिक्षकों के लिए स्पष्ट छूट भी प्रदान की गई थी।

**70 हजार से अधिक शिक्षकों के भविष्य का सवाल**

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के ट्राइबल वेलफेयर विभाग के अंतर्गत 70 हजार से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से बड़ी संख्या दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे है। ऐसे शिक्षकों को टीईटी के आधार पर सेवा से पृथक करने की संभावना न केवल उनके भविष्य को प्रभावित करेगी, बल्कि इन क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था को भी गंभीर रूप से बाधित करेगी।

पिटिशन में यह भी कहा गया है कि आरटीई एक्ट के तहत 'न्यूनतम अर्हताएं' केवल शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यताओं तक सीमित थीं और संसद का उद्देश्य इन-सर्विस शिक्षकों की पुनः परीक्षा लेना नहीं था। 2017 के संशोधन में भी टीईटी को अधिनियम में शामिल नहीं किया गया, बल्कि केवल प्रशिक्षण की समय-सीमा बढ़ाई गई।

एसोसिएशन ने तर्क दिया है कि टीईटी को भूतलक्षी रूप से लागू करना भी व्यावहारिक रूप से असंभव है, क्योंकि अनेक शिक्षक वर्तमान मानकों के अनुसार परीक्षा में बैठने के लिए भी पात्र नहीं हैं। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि अधिकांश शिक्षक वर्ष 1998 से सेवा में हैं और 2018 में शासकीय सेवक बने हैं, जिसके कारण उन्हें सीमित टर्मिनल बेनिफिट्स ही प्राप्त होंगे।

**एसोसिएशन ने सर्वोच्च न्यायालय से लगाई गुहार**

ऐसे में टीईटी के आधार पर सेवा समाप्ति उनके एवं उनके परिवारों के लिए गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न कर सकती है। एसोसिएशन ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना की है कि सेवारत शिक्षकों को एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में प्रदत्त छूट के आधार पर टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए।

### मालवा कप में उमड़ी खेलप्रेमी दर्शकों की भारी भीड़

## रोमांचक मुकाबले में सिद्धिविनायक टीम पहुंची फाइनल में



विनय उजाला

**धार, निप्र।** मालवा कप में रविवार को हुए मुकाबले में एसएसवीजे टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। मैदान पर कांग्रेस प्रदेश सचिव हरदेव सिंह जाट, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शुभांगना राजे जमानिया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी, जिला संगठन मंत्री परितोष सिंह राठौर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, अभिनव बिंजवा सहित कांग्रेस नेता बतौर अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन समिति के प्रतीक चौहान और राजेश डाबी ने किया। समिति के संरक्षक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पर्वत सिंह चौहान है समिति के संयोजक विनोद सिंह चौहान है।

रविवार को इस वर्ष मालवा कप का बेहद रोमांचक मुकाबला सिद्धिविनायक और पिछले सत्र की विजेता हेवीट्रकर के बीच हुआ। जिसमें सिद्धिविनायक ने सिक्के की उछाल में बाजी मार पहले बल्लेबाजी करते हुए आतिशी बल्लेबाज दिलीप बिंझवा की 41 रनो की पारी की बदौलत 105 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैवी ट्रेकर ने अच्छी शुरुआत की लेकिन सिद्धिविनायक के तेज गेंदबाज प्रवीण शानू की गेंद पर हैवी ट्रेकर के बल्लेबाज घुटने टेकते नजर आए। मिडिल आर्डर बल्लेबाज ने राहत की सांस दी लेकिन विकेटों के लगातार पतन को हेवीट्रकर नहीं रोक पाई। तीसरे स्थान के लिए मंगलवार को मुकाबला खेले जाना है जिसमें हैवी ट्रेकर और सोमवार के सेमीफाइनल की उपविजेता टीम के बीच होगा।

मैच में अंपायर सुंदर रायकवार और महेश बोडाने थे स्कोरर शेरू चौधरी, जय चौहान, हर्षित ठाकुर थे। कमेंटेटर रोहित पाल और गोकुल चौहान रहे।

## विहिप मातृ शक्ति का अभ्यास वर्ग सम्पन्न

विनय उजाला




**पेटलावद, निप्र।** विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत जिला झाबुआ के पेटलावद में मातृ शक्ति का एकदिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। जहां साध्वी वैष्णवी दीदी, प्रांत मंत्री एवं मातृ दुर्गा पालक विनोद शर्मा, मातृशक्ति प्रांत संयोजिका आरती अजय, विभाग मंत्री सौरभ चतुर्वेदी, जिला संयोजित का संगीता देवेश त्रिवेदी के द्वारा दीप प्रचलन कर वर्ग का शुभारंभ किया गया। प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि किस तरह से हिंदू हित की रक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई और मातृशक्ति के जागरण की वर्तमान समय में अत्यधिक आवश्यकता है। प्रांत संयोजिका आरती द्वारा मातृशक्ति द्वारा किए जाने वाले कार्य समाज में मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने हेतु सत्संग, बाल संस्कार केंद्र, सेवा कार्य की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वर्ग में झाबुआ जिले के आठ में से चार प्रखंड की 75 बहनों ने सहभागिता दी समापन सत्र में पेटलावद एसआई अर्चना चौहान द्वारा साइबर क्राइम की जानकारी एवं जागृति पर प्रकाश डाला।

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की पहल

**खरगोन, निप्र।** शासकीय विधि महाविद्यालय खरगोन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनके मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का मुख्य विषय 'विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव के लक्षण, पहचान एवं समय पर हस्तक्षेपरहा। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जबलपुर स्थित महाकौशल ऑटोनॉमस कॉलेज की सहायक प्राध्यापक बुशरा खान उपस्थित रहीं।

उन्होंने विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव के विभिन्न कारणों—शैक्षणिक दबाव, भविष्य की चिंता तथा सामाजिक परिवेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती तृप्ति सोनी ने वेबिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों पर चर्चा की और बताया कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखना महाविद्यालय की प्राथमिकता है।

## बाग में 108 वाहन एक माह से खराब, मरीज हो रहे परेशान




विनय उजाला

**बाग, निप्र।** शासन ने संजीवनी 108 वाहन लेसे तो गरीबो एवं एमरजेंसी सुविधाओं के लिए दी, परंतु बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अटेच यह वाहन आए दिन खराब होकर लम्बी छुट्टी पर चली जाती है जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संजीवनी 108 वाहन करीब एक माह से सेवा नहीं दे पा रहा है। ऐसे में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए मरीजों और उनके परिजनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादा एमरजेंसी में निजी वाहन कर के भी जाना पड़ता है। खासकर ग्रामीणों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बाग जनपद स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष एवं जयस संगठन के प्रवक्ता चन्दु रिसावला ने बताया की एक माह से 108 वाहन सेवा बंद होने आदिवासी बहुल्य के ग्रामीण मरीजों को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए जुझना पड़ रहा है। कम्पनी वाहन मरम्मत का बहाना बनाकर अपना समय निकालना चाहती है। उसका खामियाजा हमारे ग्रामीणो को उठाना पड़ता है। शासन ने गरीबों की सेवा के लिए दी हे तो उसका लाभ समय पर मिलना चाहिए।

ठेकेदार कंपनी जय अंबे इमरजेंसी सर्विस भोपाल के जिला प्रबंधक 108 वाहनों की अनुपलब्धता को लेकर बता रहे हैं कि वाहन खराब होने से के कारण राजगढ़ में मरम्मत के लिए भेज दिया है। जिला प्रबंधक अनिल निंबोली ने बताया एक दो दिन बाद बाग अस्पताल में संजीवनी 108 वाहन उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

## भट्टी की तरह तप रहा बाग, दिन में बाहर निकलना हुआ दूभर

### गर्म हवाओं ने किया सभी का बुरा हाल, तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

विनय उजाला




**बाग, निप्र।** गर्मी के तेवर दिन प्रतिदिन तेज होते जा रहे। सुरज आग उगल रहा है तो वहीं गर्म हवाओं के थपेड़ों से सभी का बुरा हाल है। कुलर पंखे एसी तक इस भीषण गर्मी में दम तोड़ रहे हैं। सोमवार का दिन सुबह से बहुत गर्म रहा मानो सुरज आग उगल रहा हो दोपहर तक तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। ऐसे में लोगों को बहार निकलने में भी सोचना पड़ रहा था। सोमवार का हाट होने के बावजुद भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) के कारण आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है।

**बिजली की लुकाछिपी से बढ़ी परेशानी**

एक तरफ गर्मी से आम व्यक्ति परेशान हैं तो दुसरी तरफ इस भीषण गर्मी के चलते बिजली की बार बार लुकाछिपी से हर कोई परेशान हैं। हर आधे घंटे के अंतराल में बिजली गुल हो जाती है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को राष्ट्रव्यापी दवा बंद

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में देशभर के दवा व्यापारियों ने 20 मई 2026 को राष्ट्रव्यापी दवा व्यवसाय बंद का आह्वान किया है। यह निर्णय ऑल इंडिया केमिस्ट संगठन और इंडियन केमिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में लिया गया है। बंद में थोक एवं रिटेल दवा व्यापारी स्वेच्छा से शामिल होंगे। जिला केमिस्ट एसोसिएशन धार के अध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री, सचिव आशीष बांगर तथा उपाध्यक्ष संजय जैन धामनोद ने बताया कि अनियंत्रित रूप से बढ़ रही ऑनलाइन दवा बिक्री छोटे व्यापारियों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उनका कहना है कि बड़ी कंपनियां भारी छूट देकर दवा बाजार पर कब्जा कर रही हैं, जिससे स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा है और मरीजों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। डॉ. अशोक शास्त्री, आशीष बांगर, गणेश मालवीय, संजय जैन, सुरेश मूंदड़ा, सुशील अग्रवाल, राजेश तायल और विष्णु पाटीदार धामनोद ने जिले, ब्लॉक और नगर के सभी थोक एवं रिटेल दवा विक्रेताओं से 20 मई को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं तथा शासकीय अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता जारी रहेगी।

## निरीक्षण : आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र में मिली अनियमितताएं, कार्यकर्ता थी अनुपस्थित






विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा जिले के सभी अधिकारियों को समय-समय पर आंगनवाड़ियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन एवं सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में चंद्रशेखर आजाद नगर की अनुविभागीय अधिकारी दीपिका पाटीदार ने आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र मेंढा फलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई, जबकि केंद्र पर केवल सहायिका उपस्थित थी। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र के उपस्थिति रजिस्टर में 20 बच्चों की उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन निरीक्षण के समय केंद्र पर एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। इस स्थिति को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन

## भारत ने विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में तीव्र गति से प्रगति की : प्रो. सोनी

विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मनावर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर.सी. पांटेल एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आई.एस. सदस्या के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत 9 मई को गणित विभाग के अतिथि विद्वान एवं विषय विशेषज्ञ प्रो. मोहित सोनी द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 11 मई 1998 को पोखरण में भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व में अपनी वैज्ञानिक क्षमता का परिचय दिया था। इसी उपलब्धि की स्मृति में प्रतिवर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में तीव्र गति से प्रगति की है। चंद्रयान मिशन, आदित्य उपग्रह, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश में नवाचार और तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित कर तकनीक के रचनात्मक उपयोग के लिए प्रेरित किया।



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन तकनीकी प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इसके साथ ही यूट्यूब के माध्यम से प्रौद्योगिकी आधारित विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं वीडियो का सामूहिक अवलोकन कर विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. चंद्रकला चौहान ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के पुत्र-पुत्रवधू को दिया आशीर्वाद



**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के सुपुत्र केसरी नंदन और पुत्रवधू प्रेरणा के परिणय सूत्र में बंधने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य तथा सुख-शांति और समृद्धि से परिपूर्ण जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैवाहिक कार्यक्रम में सागर के निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नव-दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और उनके परिजन से भेंट कर खुशियां साझा कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से भी आत्मीय चर्चा की। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं परिजन उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक स्वतंत्रता का जयघोष है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : मुख्यमंत्री

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सदियों के संघर्ष के बाद प्राप्त सांस्कृतिक स्वतंत्रता का जयघोष है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात की पुण्यधरा पर प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान भगवान सोमनाथ जी के भव्य मंदिर के पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शिवभक्तों को सोशल मीडिया के माध्यम से मंगलकामनाएं देते हुए यह विचार व्यक्त किए।

### भटके मासूम बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया

**भोपाल,निप्र।** बैतूल जिले के थाना सारणी क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से परिजनों से बिछड़कर रास्ता भटक गए दो मासूम बच्चों को सुरक्षित उनके परिवार से मिलाया गया। समय पर की गई इस कार्रवाई से बच्चों को सुरक्षित संरक्षण मिला और परिजनों की चिंता दूर हो सकी। 10 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सारणी क्षेत्र अंतर्गत हरिफाटक के पास दो छोटे बच्चे अकेले मिले हैं, जो अपने घर का रास्ता भटक गए हैं। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही सारणी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस विभाग के पुरस्कारों की राशि बढ़ाने की दी मंजूरी, कहा-

# पुलिस कर्मियों का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी

विनय उजाला

- अगले वर्ष से प्रतिवर्ष प्रदान किए जाएंगे प्रोत्साहन पुरस्कार
- वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए 101 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित

**आलीराजपुर,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने अटूट साहस और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। पुलिस के भरोसे पर ही सरकार सुशासन के मार्ग पर चलती है। राज्य की शांति और सुरक्षा व्यवस्था देशभक्ति और जनसेवा में समर्पित पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित कर मैं स्वयं गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। यह पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की दक्षता, योग्यता और क्षमता का ही परिणाम है कि उन्हें के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस ने जिस प्रकार से धाक और साख बनाई है वह निश्चित ही प्रशंसनीय है। पुलिस विभाग में जो भी नवाचार किया जाना है, राज्य सरकार का पूर्ण सहयोग उसके साथ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए असधारण कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के लिए रविन्द्र भवन में आयोजित के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित थे।

**पुलिस कर्मियों को मिलेंगे आवास :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दो वर्ष के पुरस्कार एक साथ दिये जा रहे है। कर्तव्यनिष्ठा और असाधारण कार्य के लिए प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने वाले यह पुरस्कार आगामी वर्षों में प्रति वर्ष प्रदान किये जायें। यह सुनिश्चित किया जाये कि पुरस्कार वितरण में भविष्य में विलंब न हो।



#### साइबर क्राइम से निपटेगी मध्यप्रदेश पुलिस

डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम के रूप में अपराध का एक नया चेहरा हमारे सामने है, जिसमें अपराधी सॉफ्टवेयर से हमला कर रहे है। साइबर क्राइम की इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें बौद्धिक और तकनीकी श्रेष्ठता की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश पुलिस अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए, दृढ़ इच्छा शक्ति और संकल्प के आधार पर साइबर क्राइम की चुनौती से भी प्रभावी तौर पर निपटेगी और अपनी प्रतिष्ठा को बनाये रखेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों की राशि बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। पहले पुलिस महानिदेशक (डीजी) स्तर पर 25 हजार रूपये तक के पुरस्कार दिए जाते थे, जिसे अब बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दिया गया है, जिससे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का और अधिक उत्साहवर्धन हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों को उनके जिले में पात्रता अनुसार आवास उपलब्ध कराने के लिए हाउसिंग बोर्ड एवं संबंधित प्राधिकरणों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

#### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया दौर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सली उन्मूलन का संकल्प लिया था। हमने वह लक्ष्य डेडलाइन से पहले ही पूरा कर लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इच्छाशक्ति के बलबूते पर ही देश नक्सली समस्या से मुक्त हो पाया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश नया दौर देख रहा है और केन्द्रीय गृह मंत्री शाह के प्रयासों से हम देश में सकारात्मक बदलाव का अनुभव कर रहे हैं।

#### पद्मविभूषण के.एफ. रुस्तमजी प्रेरणा पुंज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी पद्मविभूषण के.एफ. रुस्तमजी का स्मरण करते हुए कहा कि वे पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणा पुंज रहेंगे। प्रदेश में चम्बल के बीहड़ों से डाकुओं के गिरोहों का सफाया कर जनता को भयमुक्त करने की चुनौती हो या नागपुर दंगों पर नियंत्रण का विषय हो। उन्होंने हर समस्या का बखूबी सामना किया। रुस्तमजी के मार्गदर्शन में ही सीमा सुरक्षा बल की नीव रखी है।

#### 10 हजार पदों पर होगी भर्ती : मकवाना

पुलिस महानिदेशक मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हमारा पुलिस बल प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा में अहम योगदान दे रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस ने अनेक उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इसमें 11 दिसंबर 2025 को प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त कराना और डायल 112 सेवा का क्रियान्वयन शामिल है। पिछले साल कुल साढ़े 8 हजार पदों पर पुलिस भर्ती की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कॉन्स्टेबल भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और सिपाहियों को ज्वाइनिंग दी जा रही है। वर्ष 2026 में प्रदेश पुलिस बल में 10 हजार पदों पर भर्ती की स्वीकृति शीघ्र ही मिलने की संभावना है। सिंहस्थ-2028 एक बड़ा आयोजन होगा, इसके लिए पुलिस बल को प्रशिक्षण देकर जमीनी स्तर पर तैनात करना बहुत आवश्यक है, इसके लिए तैयारियां जारी हैं। वर्तमान समय में कम्युनिटी पुलिसिंग अहम भूमिका निभा रही है, जनभागीदारी से म.प्र. पुलिस ने पिछले साल नशे से दूरी है जरूरी अभियान का सफल क्रियान्वयन किया, लाखों की संख्या में प्रदेशवासी इस अभियान का हिस्सा बने।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले प्रख्यात क्रिकेटर कपिल देव

## खेलों के विकास में सहयोग के लिए हम तत्पर : कपिल देव

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सोमवार की शाम 1983 क्रिकेट विश्वकप विजेता टीम के कप्तान और देश के प्रख्यात ऑल राउंडर कपिल देव ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के खेल परिदृश्य की जानकारी कपिल देव



को दी। प्रख्यात क्रिकेटर कपिल देव ने कहा कि मध्यप्रदेश में क्रिकेट सहित सभी खेलों के प्रोत्साहन के लिए सराहनीय कार्य हो रहा है।

## लाड़ली बहनों के खाते में डॉ. यादव कल भेजेंगे 1835 करोड़ की राशि

विनय उजाला

### 1.25 करोड़ बहनों को मिलेगी 36वीं किश्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी।



लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान का आधार बन चुकी है। नियमित आर्थिक सहायता से महिलाओं की परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है, पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार हुआ है और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक भूमिका मजबूत हुई है।

**सशक्तिकरण की यात्रा निरंतर जारी :** वर्ष 2023 जून में शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना में अप्रैल 2026 तक 35 मासिक किस्तों का सफलतापूर्वक अंतरण किया जा चुका है। मई 2026 में जारी की जा रही राशि योजना की 36वीं किश्त जारी होगी।

**करोड़ों महिलाओं का जीवन बदला :** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने मध्यप्रदेश में महिला कल्याण के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित की है। यह केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन गई है। योजना से प्रदेश की महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकरात्मक परिवर्तन आए हैं। नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं को घरेलू खर्चों के प्रबंधन ने अधिक आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक प्रभावी ढंग से खर्च कर पा रही है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560